2 | फरीदाबाद
अंग्रेजी का आसान पेपर देखकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

6 | अभिमत
यूक्रेन में देश विभाजन का खतरा

9 | देश-विदेश
भाजपा ने राजनीति में विश्वसनीयता का संकट समाप्त किया : राजनाथ सिंह

11 | फीचर
केरल में संरक्षित की जा रही है लुप्तप्राय विशाल सॉफ्टशेल कछुए की प्रजाति

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 20
फरीदाबाद, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



सीरीज जीतने उतरेगा भारत

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73158 | ▲ | 535 |
| निफ्टी | 22217 | ▲ | 162.90 |
| सोना | 62800 | ▼ | 50 /10 gm |
| चांदी | 75200 | ▼ | 500 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 25.00°C |
| न्यूनतम | 10.00°C |

## क्विक न्यूज

### शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 535 अंक चढ़ा



**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी, वाहन और प्रौद्योगिकी शेयरों में लिवाली के जोर से बृहस्पतिवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में फिर से तेजी लौट आई। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 535 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी ने अपना अबतक का उच्चतम स्तर हासिल कर लिया। हालांकि, बाजार में कारोबार की शुरुआत उतार-चढ़ाव भरी रही थी लेकिन सत्र के दूसरे हिस्से में इसने जोरदार वापसी की। खासकर आखिरी घंटे में चुनिंदा खंडों में भारी खरीदारी होने से बाजार चढ़ने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के अंत में 535.15 अंक यानी 0.74 प्रतिशत बढ़कर 73,158.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 73,256.39 अंक का ऊपरी स्तर भी छुआ।

### इफको को 300 सहकारी समितियों में पहला स्थान

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी उर्वरक कंपनियों में से एक इफको को दुनिया की शीर्ष 300 सहकारी समितियों में पहला स्थान मिला है। बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के अनुसार, भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) को पिछले वर्ष से अपनी स्थिति बरकरार रखते हुए, दुनिया की शीर्ष 300 सहकारी समितियों में फिर से शीर्ष सहकारी संस्था के रूप में स्थान दिया गया है। यह रैंकिंग प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर कारोबार के अनुपात पर आधारित है। बयान में कहा गया है कि यह दर्शाता है कि इफको देश की जीडीपी और आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

### जुनिपर होटल के आईपीओ को दूसरे दिन 23 प्रतिशत अभिदान

**नई दिल्ली।** हयात ब्रांड के तहत होटल शृंखला चलाने वाली कंपनी जुनिपर होटल्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पेशकश के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को 23 प्रतिशत अभिदान मिला। आईपीओ के तहत की गई 2,89,47,367 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 66,03,040 शेयरों के लिए बोलियां लगाई गईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के खंड में 87 प्रतिशत अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 14 प्रतिशत अभिदान मिला। वहीं पात्र संस्थागत खरीदारों के खंड को छह प्रतिशत अभिदान मिला है।

### दुर्लभ वन्यजीव प्रजातियों की तस्करी एक गंभीर खतरा : सूद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुर्लभ वन्यजीव प्रजातियों की तस्करी एक गंभीर खतरा है, जिसपर रोक के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान की आवश्यकता है। इस मुद्दे पर सीबीआई और इंटरपोल की सह-मेजबानी में एक अंतरराष्ट्रीय बैठक का उद्घाटन करने के बाद सूद ने यह टिप्पणी की। दुर्लभ प्रजातियों की तस्करी पर क्षेत्रीय जांच और विश्लेषणा से जुड़े मामले की बैठक सीबीआई मुख्यालय में बुलाई गई, जिसमें भारत, बांग्लादेश, मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड के विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्राथमिक ध्यान क्षेत्र के भीतर जीवित दुर्लभ पशुओं और पक्षियों के तस्करी के रास्ते और इस अपराध को अंजाम देने के तरीके को समझने पर होगा।

# मैतेई को एसटी दर्जा देने पर विचार नहीं होगा, इसी आदेश पर भड़की थी हिंसा

**पायनियर समाचार सेवा।** इम्फाल



**मणिपुर** हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने पर विचार करने के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस गोलमेई गैफुलशिलु की बेंच ने आदेश से एक पैराग्राफ को हटाते हुए कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट की कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच के रुख के खिलाफ था।

गौरतलब है कि 27 मार्च 2023 के इसी निर्देश के बाद मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। हाईकोर्ट में इस फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका लगाई गई थी, जिस पर 21 फरवरी को सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस गैफुलशिलु के फैसले ने अनुसूचित जनजाति सूची में संशोधन के लिए भारत सरकार के प्रोसेस की तरफ इशारा करते हुए कोर्ट के निर्देश को हटाने की जरूरत बताई। 27 मार्च 2023 के फैसले में कहा गया था कि राज्य सरकार आदेश मिलने की तारीख से चार हफ्ते के अंदर मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने के मामले में तेजी लाए। इसके खिलाफ मैतेई समुदाय ने रिव्यू पिटीशन लगाई थी, जिसमें कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक किसी जनजाति को एसटी सूची में शामिल करने के लिए न्यायिक निर्देश जारी नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह राष्ट्रपति का एकमात्र विशेषाधिकार है।

मणिपुर की आबादी करीब 38 लाख है। यहां तीन प्रमुख समुदाय हैं- मैतेई, नगा और कुकी। मैतई ज्यादातर हिंदू हैं। नगा-कुकी ईसाई धर्म को मानते हैं। एसटी वर्ग में आते हैं। इनकी आबादी करीब 50 फीसद है। राज्य के करीब 10 फीसद इलाके में फैली इम्फाल घाटी मैतेई समुदाय बहुल है। नगा-कुकी की आबादी करीब 34 प्रतिशत है। ये लोग राज्य के करीब 90 फीसद इलाके में रहते हैं।

बता दें, मैतेई समुदाय की मांग है कि उन्हें भी जनजाति का दर्जा दिया जाए। समुदाय ने इसके लिए मणिपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाई। समुदाय की दलील थी कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय हुआ था। उससे पहले उन्हें जनजाति का ही दर्जा मिला हुआ था। इसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से सिफारिश की कि मैतेई को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल किया जाए। इस पर कुकी-जो संगठन ने कड़ी आपत्ति जताई। तीन मई को ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन (एटीएसयू) ने एक रैली आयोजित की।

रैली के दौरान चुराचांदपुर जिले के तोरबुंग में हिंसा हुई। इसके बाद पूरे राज्य में जातीय हिंसा फैल गई। मैतेई जनजाति वाले मानते हैं कि सालों पहले उनके राजाओं ने म्यांमार से कुकी को युद्ध लड़ने के लिए बुलाया था। उसके बाद ये स्थायी निवासी हो गए। इन लोगों ने रोजगार के लिए जंगल काटे और अफीम की खेती करने लगे। इससे मणिपुर ड्रग तस्करी का ट्राएंगल बन गया। यह सब खुलेआम हो रहा है।

इन्होंने नगा लोगों से लड़ने के लिए आर्म्स ग्रुप बनाया। बाकी दोनों जनजाति मैतेई समुदाय को आरक्षण देने के विरोध में हैं। इनका कहना है कि राज्य की 60 में से 40 विधानसभा सीट पहले से मैतेई बहुल इम्फाल घाटी में हैं। ऐसे में एसटी वर्ग में मैतेई को आरक्षण मिलने से उनके अधिकारों का बंटवारा होगा। मणिपुर के 60 विधायकों में से 40 विधायक मैतेई और 20 विधायक नगा-कुकी जनजाति से हैं। अब तक 12 सीएम में से दो ही जनजाति से रहे हैं।

### जल्दबाजी से महंगाई को काबू में लाने के प्रयास हो सकते हैं प्रभावित : दास

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि मुद्रास्फीति को काबू में लाने का काम अभी खत्म नहीं हुआ है। नीतिगत मोर्चे पर जल्दबाजी में उठाया गया कोई भी कदम कीमत के मोर्चे पर अबतक जो सफलता हासिल की गई है, उसपर प्रतिकूल असर डाल सकता है।

केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक का ब्योरा जारी किया। इसके अनुसार, दास ने कहा था, इस समय मौद्रिक नीति का रुख सतर्क होना चाहिए और यह नहीं मानना चाहिए कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर हमारा काम खत्म हो गया है। एमपीसी की बैठक इस महीने छह से आठ तारीख को हुई थी।

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के ठिकानों पर सीबीआइ रेड

## कीरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में 300 करोड़ की रिश्वत का मामला

### 30 ठिकानों पर छापे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**सीबीआई** ने बुधवार को पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा। साथ ही दिल्ली में 29 अन्य ठिकानों पर भी रेड की है। ये कार्रवाई कीरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में करप्शन को लेकर की गई। सत्यपाल मलिक ने गवर्नर रहने के दौरान दावा किया था कि हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट की दो फाइलें क्लियर करने के लिए उन्हें 300 करोड़ की रिश्वत की पेशकश की गई थी। इससे पहले कीरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को लेकर छह जुलाई 2022 में भी देशभर में 16 जगहों पर छापेमारी की गई थी। गुरुवार को रेड के बाद मलिक ने एक्स पर पोस्ट किया और कहा कि किसान का बेटा हूं, छापों से नहीं घबराऊंगा। मलिक ने 17 अक्टूबर 2021 को राजस्थान के झुंझुनू में एक कार्यक्रम में कहा था कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल रहते करोड़ों की रिश्वत ऑफर हुई थी। उस दौरान उनके पास दो फाइलें आई थीं। इनमें एक बड़े उद्योगपति और दूसरी महबूबा मुफ्ती और भाजपा की गठबंधन सरकार में मंत्री रहे एक व्यक्ति की थी। मलिक ने कहा था कि उनके सचिवों ने बताया कि इसमें घोटाला है, इसके बाद उन्होंने दोनों डील रद्द कर दी थीं।

मलिक ने ये भी कहा था कि उन्हें दोनों फाइलों के लिए 150-150 करोड़ रुपये देने का ऑफर दिया गया था। मलिक ने कहा, मैंने कहा था कि मैं पांच कुर्ता-पायजामे के साथ आया हूं और सिर्फ उसी के साथ यहां से चला जाऊंगा।

जब सीबीआइ पूछेगी तो मैं ऑफर देने वालों के नाम भी बता दूंगा। सीबीआइ ने इस मामले में दो एफआइआर दर्ज की थीं। पहली एफआइआर लगभग 60 करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट को जारी करने में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। यह रकम 2017-18 में जम्मू-कश्मीर कर्मचारी स्वास्थ्य देखभाल बीमा योजना का ठेका देने के लिए एक इंश्योरेंस कंपनी से रिश्वत के तौर पर ली गई थी। दूसरी एफआइआर 2019 में एक निजी फर्म को कीरू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के सिविल वर्क के लिए 2,200 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट देने में भ्रष्टाचार से जुड़ी है।

सीबीआइ इन दोनों मामलों की जांच कर रही है। सत्यपाल मलिक कई मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरते रहे हैं। 2021 में किसान आंदोलन खत्म होने पर उन्होंने कहा था कि किसानों का धरना खत्म हुआ है, आंदोलन नहीं। उन्होंने 400 किसानों की मौत पर प्रधानमंत्री की तरफ से शोक सन्देश नहीं जाने पर भी तल्ख टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि किसानों का कर्ज माफ होना चाहिए। मलिक ने अपने रिटायरमेंट के बाद किसानों के लिए संघर्ष करने की बात कही थी। वहीं, रिश्वत का ऑफर, राष्ट्रपति चुनाव और उत्तर प्रदेश में भाजपा की जीत से जुड़े अपने बयानों को लेकर भी चर्चा में रहे।

# गुलमर्ग की अफरवाट चोटी पर एवलांच, विदेशी टूरिस्ट की मौत

**एजेंसी।** गुलमर्ग



**कश्मीर** के टूरिस्ट स्पॉट गुलमर्ग में एवलांच की चपेट में आने से एक विदेशी टूरिस्ट की मौत हो गई। एक स्थानीय व्यक्ति और कुछ विदेशी लापता हैं, कुछ फंसे हुए हैं, जिनका हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया जा रहा है। अब तक पांच लोगों को बचाया गया है। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफरवाट चोटी से लगे खिलान मार्ग पर गुरुवार दोपहर दो बजे यह बर्फीला तूफान आया। सेना के जवान और जम्मू-कश्मीर प्रशासन की एक पेट्रोलिंग टीम रेस्क्यू अभियान चला रही है। यह एवलांच ढलान पर हुआ, जिसमें कई स्कीयर फंस गए। रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे अधिकारियों ने बताया कि विदेशी टूरिस्ट, स्थानीय निवासियों के बिना स्की ढलानों पर गए थे। इसलिए जब तूफान आया तो वे संभल नहीं सके।

पिछले दिनों हिमालय में हो रही बर्फबारी के बीच मौसम विभाग ने दो दिन पहले ही एवलांच को लेकर चेतावनी जारी की थी। जम्मू और कश्मीर डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने 10 जिलों के लिए छोटे से लेकर बड़े और भयानक एवलांच हिमस्खलन की चेतावनी जारी की थी। अधिकारियों का कहना था कि अनंतनाग और कुलगाम में कम खतरे वाला एवलांच आएगा। इसके अलावा डोडा, किश्तवाड़, पुंछ, रामबन, बांदीपोरा, बारामूला, कुपवाड़ा और गांदरबल जिलों के लिए मीडियम लेवल के एवलांच की चेतावनी जारी की गई थी।

### मशक्कत से मिला शव, पांच को बचाया गया

बता दें, बर्फ या पत्थर के पहाड़ की ढलान से तेजी से नीचे गिरने को हिमस्खलन या एवलांच कहते हैं। हिमस्खलन के दौरान बर्फ, चट्टान, मिट्टी और अन्य चीजें किसी पहाड़ से नीचे की ओर तेजी से फिसलती हैं। हिमस्खलन आमतौर पर तब शुरू होता है, जब किसी पहाड़ की ढलान पर मौजूद बर्फ या पत्थर जैसी चीजें उसके आसपास से ढीली हो जाती हैं। इसके बाद ये तेजी से ढलान के नीचे मौजूद और चीजों को इकट्ठा कर नीचे की ओर गिरने लगती हैं।

# महिलाओं को रात में उठा ले जाते थे, अब पीएम जाएंगे संदेशखाली

**एजेंसी।** कोलकाता



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी छह मार्च को पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली जा सकते हैं। वे यहां यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं से बात कर सकते हैं। बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

मजूमदार ने बताया कि पीएम मोदी छह मार्च को नॉर्थ 24 परगना जिले के बारासात में एक महिला रैली को संबोधित करेंगे। अगर संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं प्रधानमंत्री से मिलने की इच्छा जताएंगी, तो पार्टी इसकी व्यवस्था करेगी। भाजपा ने संदेशखाली में महिलाओं से यौन उत्पीड़न मामले में सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी जारी किया है। भाजपा ने लिखा- संदेशखाली का ऐसा सच जो हमारी अंतरात्मा को झकझोर कर रख देगा। ममता बनर्जी इस सच को छिपाने की कोशिश कर रही हैं। 20 मिनट 41 सेकेंड के इस वीडियो में महिलाएं अपनी आपबीती सुना रही हैं।

इसमें एक महिला ने दावा किया कि टीएमसी नेता शिबप्रसाद हाजरा यानी शिबू हाजरा उन्हें घर से उठवाकर ले जाता था। टीएमसी के लोगों के लिए लड़कियां एंटरटेनमेंट थीं। एक महिला ने बताया कि हाजरा के लोग रात के दो बजे बुलाने आते थे। कहते थे कि दादा (शिबू हाजरा) बुला रहे हैं। उनका आदेश मतलब भगवान का आदेश। मैं रात के दो बजे जाती थी और सुबह 5 बजे आती थी। मैं दुकान चलाती हूं। उनके बुलाने पर नहीं जाती तो मेरी दुकान तोड़ देते।

### जीपीटी हेल्थकेयर के आईपीओ को 37 प्रतिशत अनुदान

**नई दिल्ली।** आईएलएस हॉस्पिटल ब्रांड के तहत मध्यम आकार के स्पेशियल्टी अस्पतालों का संचालन करने वाली जीपीटी हेल्थकेयर लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को निर्गम के पहले दिन बृहस्पतिवार को 37 प्रतिशत अनुदान मिला।

एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक, 525 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत 197,63,327 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 72,43,360 शेयरों के लिए बोलियां लगाई गईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों के खंड में 66 प्रतिशत अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 18 प्रतिशत अभिदान मिला।

# पांच माह में 15-15 लाख टन भारत चावल-आटा बिक्री की उम्मीद

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सरकार** को अगले चार-पांच माह में भारत ब्रांड के तहत 15-15 लाख टन एफसीआई चावल और गेहूं का आटा (आटा) बेचने की उम्मीद है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी है।

सरकार तीन एजेंसियों - नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नाफेड), नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीसीएफ) और केंद्रीय भंडार के माध्यम से भारत आटा और चावल की खुदरा बिक्री कर रही है। सरकार ने कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए पिछले साल नवंबर से भारत आटा की खुदरा बिक्री शुरू की, जबकि भारत चावल की बिक्री छह फरवरी से शुरू हुई। सरकारी उपक्रम, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) इन एजेंसियों को खुदरा उद्देश्यों के लिए अनाज उपलब्ध करा रहा है। सचिव ने कहा, भारत आटा की शुरुआत के बाद, बाजार में कीमतें स्थिर हैं... हम सोच रहे हैं कि जैसे आटे पर इसका प्रभाव पड़ा है, वैसे ही भारत चावल भी चावल कीमतों में नरमी सुनिश्चित करेगा।



उन्होंने कहा कि भारत चावल की बिक्री की मात्रा फिलहाल कम है लेकिन आने वाले दिनों में इसमें तेजी आएगी। चोपड़ा ने कहा, हम अगले 4-5 महीनों में 15 लाख टन चावल और 15 लाख टन गेहूं का आटा बिकने की उम्मीद कर रहे हैं। यह शुरुआती चरण है, मांग होने पर हम और आपूर्ति कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, अब तक भारत ब्रांड के तहत लगभग 3.5 लाख टन गेहूं का आटा और 20000 टन चावल बेचा जा चुका है। सचिव ने कहा कि चावल की कीमतें, जो साल-दर-साल आधार पर 15 प्रतिशत अधिक हैं, भारत चावल की खुदरा बिक्री और मार्च से रबी फसल के आगमन के साथ कम होने की उम्मीद है।

# एसकेएम आज देश भर में मनाएगा ब्लैक डे, 26 को ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे

### 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदर्शन किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**किसान** आंदोलन के 10वें दिन शंभू और खनौरी बॉर्डर पर माहौल शांत रहा। बुधवार को खनौरी बॉर्डर पर युवा किसान शुभकरमन की मौत के बाद किसानों ने दिल्ली मार्च फिलहाल रोक दिया है। किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) कोऑर्डिनेटर सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि दो दिन हम रणनीति बनाएंगे। शुक्रवार को अगला फैसला लिया जाएगा। गुरुवार सुबह सरवण पंधेर ने एक तस्वीर जारी की, जिसमें पुलिस फायरिंग करती नजर आ रही है।

पंधेर ने कहा कि ये तस्वीर दिखाती है कि सीधी फायरिंग की गई है। पंजाब सरकार को हमला करने वालों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करना चाहिए। किसान की मौत के विरोध में पंजाब में भारतीय किसान यूनियन (कादियां) ने जालंधर-लुधियाना के बीच फिल्लौर में जम्मू दिल्ली नेशनल हाईवे जाम किया।

हरियाणा में भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) ने दो घंटे नेशनल हाईवे-44 बंद कर प्रदर्शन किया। शंभू बॉर्डर पर किसान नेता बलदेव सिंह जीरा ने कहा- पुलिस ने हमारे कैंपों और ट्रैक्टरों पर हमला किया। 167 किसान घायल हैं। 6 लापता हैं। दोपहर बाद चंडीगढ़ में संयुक्त किसान मोर्चा की मीटिंग हुई, जिसके बाद ऐलान किया गया कि शुक्रवार को देश भर में ब्लैक डे मनाएंगे। 26 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च और 14 मार्च को दिल्ली रामलीला मैदान में महापंचायत होगी। बता दें, किसानों ने पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ के घर लगाया धरना खत्म कर दिया है। यह धरना भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) ने लगाया था। भाजपा नेता पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर ने किसान की मौत पर दुख जताया है। फतेहगढ़ साहिब में शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) की तरफ से रोष प्रदर्शन किया गया। इससे पहले गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में अरदास की गई, जिसके बाद रोष मार्च के रूप में प्रदर्शनकारी डीसी ऑफिस पहुंचे। यहां डीसी ऑफिस के बाहर खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाते हुए अपना रोष जाहिर किया गया।

उधर, संयुक्त किसान मोर्चा ने पिछले किसान आंदोलन के वक्त साथ जुड़े नेताओं को वापस लाने के लिए 6 मेंबरी कमेटी बनाई है। जिसमें जोगिंदर उगराहां, दर्शनपाल, रविंदर पटियाला, बलबीर राजेवाल, युद्धवीर सिंह और हनन मौला शामिल हैं। वैसे संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने कहा कि वह शंभू और खनौरी बॉर्डर पर नहीं जाएंगे। वह अपना अलग प्रदर्शन करेंगे। बलबीर राजेवाल ने कहा कि जगजीत डल्लेवाल ने खुद ही दिल्ली जाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर हम वहां गए तो फिर कहीं ये न कहा जाए कि उनका आंदोलन खराब करने आ गए।

संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने कहा कि आंदोलन कर रहे किसान नेताओं के साथ तालमेल के लिए कमेटी गठित की गई है, जो उनसे बात करेगी। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि 26 फरवरी को पूरे देश में ट्रैक्टर प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान किसान अपने घर के बाहर हाईवे पर ट्रैक्टर खड़ा कर प्रदर्शन करेंगे। इस बीच किसान नेता बलबीर राजेवाल ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने पंजाब में घुसकर गोली चलाई। हमारे ट्रैक्टर तोड़े। हमने मांग की है कि हरियाणा पुलिस और गृह मंत्री पर हत्या का केस दर्ज हो। इसकी न्यायिक जांच कराई जाए। शुभकरन के लिए एक करोड़ का मुआवजा मांगा है। इसके अलावा 14 मार्च को पूरे देश की रामलीला मैदान में महापंचायत करेंगे।

# जवाहर लाल नेहरू कॉलेज में सांस्कृतिक उत्सव-उल्लास शुरू



**फरीदाबाद।** प्राचार्य डॉ. रुचिरा खुल्लर के मार्गदर्शन में पंडित जवाहर लाल नेहरू कॉलेज ने हरियाणा कला परिषद रोहतक और यूथ रेडक्रॉस के सहयोग से उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा, पंचकूला द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव-उल्लास का उद्घाटन किया यह कार्यक्रम विक्टोरिया ऑटो, जुनेजा फाउंडेशन और इंपीरियल ऑटो द्वारा सह-प्रायोजित है। डॉ. भूपेंद्र मल्होत्रा इस कार्यक्रम के संयोजक और डॉ. दीपिका लोगानी सह-संयोजक थे। पदम श्री पुरस्कार विजेता महावीर गुड्डू इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. ज्योति शरण सम्मानित अतिथि थीं।

सम्मानित अतिथियों में डॉ. डीआर खुल्लर शामिल थे। प्रतिष्ठित शिक्षाविद् डॉ. अर्चना वर्मा, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, पलवल, डॉ. रितिका गुप्ता, प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय, बल्लभगढ़ थे। महावीर गुड्डू ने मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति भी दी। मंच संचालन डॉ. जोरावर सिंह, डॉ. दुर्गेश शर्मा एवं डॉ. उमा शेखावत ने किया।

# वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने सामूहिक और एकल नृत्य में दिखाई प्रतिभा

## एमवीएन विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का हुआ शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





**एमवीएन** विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव-2024 का आयोजन किया गया। उत्सव के प्रथम दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमटीवी इंडिया फेम एलिना चौहान, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग, उप कुलपति डॉक्टर एनपी सिंह, कुलसचिव डॉक्टर राजीव रतन, डायरेक्टर कॉरपोरेट अफेयर्स नरेंद्र विवेक आहूजा ने दीप प्रज्ज्वलित करके राष्ट्रीय गान के साथ किया। डॉक्टर अरुण गर्ग ने कहा कि मैं चाहता हूं कि मेरा छात्र सुशिक्षित होने के साथ साथ एक सामाजिक नागरिक भी बने।

उन्होंने कहा कि अपने विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए हम अच्छी कंपनियों और अच्छे लोगों को अपने साथ जोड़ रहे हैं। डॉक्टर एनपी सिंह ने कहा कि एमवीएन विश्वविद्यालय जिस उद्देश्य के साथ स्थापित की गई है, वह उद्देश्य पूरा हो रहा है और जल्दी ही एमवीएन एनसीआर क्षेत्र का नंबर एक विश्वविद्यालय होगा। नरेंद्र विवेक आहूजा ने बताया कि कोई भी उत्सव बिना किसी सामाजिक कार्य के अधूरा रहता है, इसलिए इस उत्सव के दौरान रक्तदान, नेत्र जांच और नेत्र दान संकल्प का भी आयोजन किया गया है। उत्सव के प्रथम दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता एकल गायन, नुक्कड़ नाटक, श्लोक वचन, पोस्टर मेकिंग, बॉलीवुड क्विज, बेस्ट सेल्फी, वेब पेज डिजाइनिंग, लोगो डिजाइनिंग, डिबेट, स्लोगन राइटिंग, सामूहिक गायन, एकल नृत्य, फैशन शो इत्यादि का आयोजन किया गया और विजेताओं को उचित इनाम भी दिए गए। विश्वविद्यालय के प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, कुलाधिपति वरुण शर्मा ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के उत्सवों का समय समय पर होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि ये उत्सव विद्यार्थियों के मानसिक स्तर को बढ़ाते हैं।

इस उत्सव के प्रायोजक मुख्य रूप से सिस्टोपिक लेबोरेटरीज, केसी प्रशांत पैथ लैब, पप्पन प्लाजा होटल, केक स्पॉट, मैरिंगो एशिया अस्पताल, मेडिकल लाइट, वीएलसीसी, स्टोरिया, मेक्शोबुल रहे। उत्सव के दूसरे दिन भी विभिन्न कार्यक्रम होंगे और मुख्य आकर्षण केंद्र इंदीप बख्शी द्वारा स्टार नाइट प्रदर्शन होगा।

# अंग्रेजी का आसान पेपर देखकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

## कई परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावक अपने बच्चों को लेने आए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**गुरुवार** को सीबीएसई के बारहवीं के अंग्रेजी के आसान पेपर आने से छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले नजर आए। परीक्षा केंद्र से बाहर आते ही पेपर पर छात्र-छात्राओं ने चर्चा की। एक दूसरे से बतियाते नजर आए कि उनका पेपर तो बहुत बढ़िया हुआ है। कई परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावक अपने बच्चों को लेने आए थे। अभिभावकों ने भी बच्चों से पेपर के बारे में बातचीत कर अपनी उत्सुकता शांत की। बच्चों ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि साहित्य और लेखन से संबंधित आसान प्रश्नों से वे समय रहते अपने प्रश्न पत्र को पूरा करने में सफल हुए हैं। वैसे तो पूरा पेपर ही आसान था। थोड़ी सी दिक्कत पैराग्राफ को हल करने में हुई है।

परीक्षा का आयोजन सुबह 10.30 बजे से 1.30 बजे तक हुआ। सभी परीक्षार्थियों की परीक्षा केंद्रों में इंट्री से पहले तलाशी ली गई। पियूष, रितिक व लक्ष्य ने बताया कि पेपर में सभी प्रश्न आसान थे। जिसकी वजह से उन्हें हल करने में आसानी रही। छात्रों का कहना था कि जब पूरे साल मेहनत करते हैं तो किसी भी परीक्षा को आसानी व बेहतर अंक प्राप्त करके पास किया जा सकता है। ज्यादातर परीक्षार्थी अपनी बसों से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। छात्रा नैना ने बताया कि 50 शब्दों में इनविटेशन रिप्लाई लिखना था। ऐसे ही 120 शब्दों में जॉब एप्लीकेशन लिखना भी आसान रहा। एक पैरा दिया गया था। इसके साथ कई प्रश्न थे, इनमें से कुछ का उत्तर देना था। मैंने बड़ी आसानी से सभी प्रश्नों के उत्तर दिए हैं। रचना ने बताया कि पेपर के भाग सी में थोड़ी सी दिक्कत रही। साहित्य संबंधी कई प्रश्न थे और इनमें से कुछ हल करने थे। थोड़ा घुमा-फिरा कर प्रश्न पूछे गए थे। कुल मिला कर मेरा पेपर ठीक रहा। तरुण ने बताया कि मैंने पेपर की पूरी तैयारी की थी। प्रश्न पत्र आसान रहा। पाठयक्रम से आए सभी प्रश्न मैंने आसानी से हल किए हैं। एनआइटी के अभिभावक प्रभात ने इस बात के लिए नाराजगी जताई कि परीक्षा का समय सुबह 10.30 बजे से था। बच्चों को सुबह 9.30 बजे ही परीक्षा केंद्रों में बुला लिया जाता है। परीक्षा के लिए समय से पहले बुला लेने में कोई हर्ज नही है, मगर बच्चे केंद्र के बाहर खड़े रहते हैं। उन्हें अंदर बैठने की जगह ही नहीं मिलती। प्रशासन को इस तरफ ध्यान देना चाहिए और ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि बच्चों को स्कूलों के बाहर देर तक खड़े होकर परेशान न होना पड़े। रोशन ने बताया कि पेपर की तैयारी अच्छी थी। पेपर में कोई सवाल ऐसा नहीं था, जोकि टेंशन देने वाला हो। पेपर बहुत आसान था। निर्धारित समय में सभी को पूरा कर लिया है। मुझे उम्मीद है कि अच्छे नंबर आएंगे।

नमित ने बताया कि पेपर को लेकर हमें कतई चिता नहीं थी। हमारी तैयारी अच्छी थी। उस कारण पेपर आसान लगा। इस वजह से नंबर अच्छे आएंगे। ऊषा ने बताया कि अंग्रेजी के पेपर में जो भी सवाल थे, वे हमारी तैयारियों के बीच के ही थे। इस वजह से उन्हें हल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। पेपर अच्छा हुआ है। नंबर भी अच्छे ही आएंगे। वहीं सुभाष का कहना था कि पेपर में कोई सवाल ऐसा नहीं था, जिसने परेशान किया हो।

# शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**रोटरी क्लब दिल्ली साउथ** के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसके तहत रक्तदान शिविर का आयोजन बृहस्पतिवार को नोएडा में किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक भी रोटरी क्लब दिल्ली साउथ ही रहे।

रोटरी क्लब दिल्ली साउथ के प्रधान प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान शिविरों का आयोजन आगे भी जारी रहेगा, जिससे जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्तत दिया जा सके। इस अवसर पर रक्तदान करने के लिए लोगों की लाइनें लगी रहीं। पहले दिन 51 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। उन्होंने बताया कि आने वाले मार्च महीने में भी दो रक्तदान शिविरों का आयोजन संस्था की तरफ से किया जाएगा। सभी रक्तदाताओं को रोटरी क्लब की तरफ से डोनर कार्ड व मग दिया गया।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विवि के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल होंगे चीफ गेस्ट

## 670 विद्यार्थियों को मिलेंगी डिग्री

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**श्री विश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह 26 फरवरी को आयोजित होगा। हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय इस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे, जबकि रूप ऑटोमोटिव्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मोहित ओसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इस समारोह में 670 विद्यार्थियों को डिग्री और डिप्लोमा प्रदान किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह में जुलाई 2021 से जुलाई 2023 के बीच डिग्री और डिप्लोमा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को सम्मिलित किया जाएगा। उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय के जिम्नेजियम हॉल में होने वाले इस दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इस समारोह में पश्चिमी सभ्यता के प्रतीक गाउन की बजाय विद्यार्थी सफेद कुर्ता-पजामा अथवा धोती कुर्ता पहनकर अपनी डिग्री लेंगे और इसी तरह से छात्राएं भी सफेद सूट अथवा साड़ी पहनकर दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनेंगी। शिक्षा में उत्कृष्टता का हमारा अपना एक इतिहास है। इसलिए हम अपनी परंपराओं पर गर्व करना सीखें। हमारी वेशभूषा अपने आप में हमें गौरवान्वित करने का अवसर देती है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि गुलामी के प्रतीकों को हमें मिटाना है। अपनी सभ्यता पर गर्व करने के लिए हमारे पास बहुत से आधार है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की उपस्थिति में प्रोसेसन का आयोजन होगा। यह विश्वविद्यालय के लिए और दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए गर्व का विषय है कि उन्हें हरियाणा के राज्यपाल एवं कुलाधिपति के हाथों यह डिग्रियां मिलेंगी।



# अधीक्षक अभियंता को बिजली कमचारियों ने ज्ञापन सौंपा

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद सर्कल के बिजली कर्मचारियों की समस्याओं के मुद्दे पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन फरीदाबाद का कर्मचारी प्रतिनिधि मंडल सर्कल सचिव विनोद शर्मा के नेतृत्व में सेक्टर-23 स्थित डीएचबीवीएन सर्कल के कार्यालय में अधीक्षक अभियंता ऑपरेशन नरेश कुमार कक्कड़ से मिलकर यूनियन की ओर से मांगपत्र सौंपा।

सर्कल सचिव विनोद शर्मा ने बताया कि साल जनवरी 2021 में बिजली निगम ने प्रदेश में क्लर्क के लिये ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के प्रावधान को जबरन थोपते हुए इसे लागू किया। जिसका यूनियन कड़ाई के साथ पुरजोर विरोध भी किया था। इस ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के नुकसान स्वरूपी बिजली दफ्तरों में क्लर्क कर्मचारियों की कमी को पूरा नहीं किया जा रहा।

बल्कि क्लर्कों की भारी कमी के कारण बिजली के दफ्तरों में काफी मात्रा काम प्रभावित हो रहा है। जिस किसी भी दफ्तर से कर्मचारी इस ऑनलाइन पोर्टल पॉलिसी के तहत कर्मचारी ट्रांसफर तो होता है, पर उसकी खाली हो चुकी सीट पर इस पोर्टल के मार्फत दूसरा कर्मचारी ट्रांसफर कर नहीं दिया जाता।



# भक्ति से मिलती है आत्मिक शांति

**फरीदाबाद।** आज के इस भागदौड़ भरे युग में कुछ समय इंसान को भगवान की भक्ति में भी लगाना चाहिए। भक्ति से जहां आत्मिक शांति मिलती है, वहीं दूसरी ओर लोगों का बुराई से मन हटता है। यह शब्द श्री गोपाल गोशाला के अध्यक्ष और विश्व हिंदू परिषद् के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता ने कही।

मौका था सेक्टर-9 के श्री राम मंदिर में 10 दिवसीय श्री राम कथा का, जहां छठे दिन आयोजित कथा में कथावाचक परम पूज्य संत श्री कृष्णा स्वामी जी वृंदावन वाले महाराज जी ने सीता हरण, भरत महिमा, पदुकाभिषेक पंचवती चरित्र का वर्णन किया। कथा में रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-9 के प्रधान रणवीर चौधरी, स्थानीय निवासी और उद्योगपति अरुण बजाज ने सभी श्रद्धालों का पहुंचने पर धन्यवाद किया।

इस मौके पर उद्योगपति श्री राम अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवक संघ हरियाणा संपर्क प्रमुख, गंगा शंकर मिश्र ने कथावाचक परम पूज्य संत श्री कृष्णा स्वामी जी वृंदावन वाले महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजकुमार अग्रवाल, सुरेश चंद गर्ग, एचपी अग्रवाल, विनोद शर्मा, सतबीर शर्मा, किरण मेंदीरत्ता मल्होत्रा, नीतू राजपूत, ऊषा भाटिया, मंदीप चावला, नमृता मित्तल, मधु गुप्ता, मंजू बजाज, समरिति राजपूत, प्रभा मल्होत्रा दीपक बख्शी इत्यादि उपस्थित रहे।

# वकील की बेटी ने जीती एशियन चैंपियनशिप



**फरीदाबाद।** मलेशिया में देश को एशियन चैंपियनशिप का का खिताब दिलाने वाली हरियाणा की प्रतिभावान शटलर अनमोल खरब का उनके निवास स्थान सेक्टर-16 मे पहुंचकर बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने स्वागत किया। वशिष्ठ ने कहा कि उन्हें गर्व की जिला बार एसोसिएशन के सदस्य देवेंद्र सिंह खर्व की बेटी ने जिले व हरियाणा प्रदेश के साथ साथ भारत देश का नाम रोशन किया है। इस जीत से वकीलों में खुशी की लहर दौड़ गई। चेयरमैन कुंवर दलपत सिंह ने कहा कि अनमोल ने 2023 में एक ही वर्ष में पहले अंडर 17 फिर अंडर 19 उसके बाद मात्र 16 साल की आयु में सीनियर नेशनल चैंपियनशिप का खिताब जीतकर साबित कर दिया था कि वो कितनी होनहार हैं और उसमें प्रतिभा कूट-कूटकर भरी हुई है और अब एशियन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन से देश को खिताब दिलाया है, वो अद्भुत खेल का नमूना है। अनमोल के पिता देवेंद्र खरब ज़िला न्यायालय में वकालत करते हैं। सीमा वशिष्ठ ने कहा अनमोल ने कम उम्र में ही देश को बड़ी उपलब्धि दिलाई है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




खिंची है खाईयां दिल में उन्हें अब कौन पाटेगा
जो जिम्मेदार हैं आखिर उन्हें अब कौन छांटेगा
गुलामी बेडियां काटे हुए बरसों बरस बीते
गुलामी मानसिकता को न जाने कौन काटेगा

# लक्ष्य को पाने के लिए करें कठोरतम प्रयास : डॉ. नीरज

## राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक सराय ख्वाजा में रोल मॉडल कार्यक्रम आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में रोल मॉडल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पल्ला अस्पताल की डॉक्टर नीरज कुमारी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग से एएनएम ऊषा और फार्मासिस्ट कृष्णा भी उपस्थित रहीं। प्राचार्य ने कहा कि रोल मॉडल कार्यक्रम से विद्यालय की बालिकाओं को अपने लक्ष्य निर्धारण करने में सरलता होती है कि कैसे और किस प्रकार उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास करना है। कठिन परिश्रम, समर्पण और अनुशासन द्वारा उस लक्ष्य को प्राप्त कर मंजिल तक पहुंचना बिल्कुल संभव किया जा सकता है।

मुख्य अतिथि और बालिकाओं की रोल मॉडल डॉ. नीरज कुमारी ने विद्यालय की बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह जादूई छड़ी है, जिसे अच्छी तरह प्राप्त कर आप जीवन में उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सकते हो।

भारत देश की बालिका प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रही है। समुद्र से लेकर अंतरिक्ष तक, सिविल सर्विसेज, आईटी, एयर फोर्स, नेवी, आर्मी, देश में, विदेश में बालिकाओं का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है, जहां देश की बालिकाओं ने परचम न लहराया हो। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कविता देवी और सुमन भारती भी उपस्थित रहीं। एसएमसी इंचार्ज अजय गर्ग ने कहा कि आप चाहे विज्ञान, कॉमर्स, कला, संगीत आदि किसी भी माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं तो अवसरों की बहुतायत है। आप का क्षमता, आप की योग्यता और आप के हौसलों को कोई परास्त नहीं कर सकता। आप अपने आप पर विश्वास रखें और कठिनतम प्रयास जारी रखें।

उन्होंने व्यक्तिगत स्वास्थ्य और स्वच्छता बनाए रखने का भी आह्वान किया। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि हमारे देश मे संभावनाओं की कमी नहीं है आपको अवसरों की तलाश कर उचित सामंजस्य बैठाना है। उन्होंने बालिकाओं को सकारात्मक रहने के विषय में भी जागरूक किया। मनचंदा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बालिका सशक्तिकरण और बालिकाओं को निर्भय करने के लिए ऐसे प्रेरक आयोजन किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज बालिकाओं के रोल मॉडल के रूप में आप सब ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और बताया कि लक्ष्य निर्धारित कर के समर्पित भाव से लक्ष्य प्राप्त करने का सार्थक प्रयास हमें शीघ्र मंजिल पर पहुंचा देता है। केवल और केवल शिक्षा प्राप्त करके आज की बेटी प्रत्येक लक्ष्य प्राप्त कर सकती है, इसलिए अच्छे से पढ़ाई करके लक्ष्य प्राप्त करें। बालिकाओं ने रोल मॉडल से प्रश्न भी पूछे, ये प्रश्न करियर और व्यक्तिगत स्वास्थ्य से संबंधित थे। प्राचार्य ने बेटियों की सबल बनने की सीख दी।

# मांगों को लेकर आज होगा जोरदार प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 23 फरवरी को उपायुक्त कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। यह निर्णय वीरवार को एचएमएस कार्यालय में संपन्न हुई। ज्वाइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल की मीटिंग में लिया गया। मीटिंग की अध्यक्षता एचएमएस के स्टेट प्रधान कामरेड एसडी त्यागी ने की। जबकि संचालन कन्वीनर वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया।

बैठक में एटक के जिला प्रधान विशंभर सिंह, इंटक के जिला प्रधान हुकमचंद बेनीवाल, एसएमएस के जिला कोषाध्यक्ष राजपाल डांगी, सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव युद्ध वीर सिंह खत्री, आरएन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। ज्वाइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल ने खनोरी में हरियाणा सरकार की पुलिस द्वारा गोली चलाने से युवा किसान की नृशंस हत्या और दर्जनों किसानों को घायल करने की कड़े शब्दों में निंदा की।

# परिणाम सुधारने को साइट पर डाले प्रश्नपत्रों के नमूने

## 10वीं और 12वीं कक्षाओं के प्रत्येक विषय के डाले गए हैं चार-चार नमूना प्रश्न पत्र

## विद्यार्थी शिक्षा बोर्ड के लिंक पर विजिट करके प्रश्नपत्रों का करें अध्ययन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल-

**वर्तमान** शैक्षणिक सत्र में चल रही कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं के परिणाम में सुधार लाने के उद्देश्य से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से प्रत्येक विषय के चार प्रकार के नमूना प्रश्न पत्र बोर्ड की वैबसाइट पर अपलोड किए गए हैं। निदेशक सेकेंडरी शिक्षा हरियाणा पंचकुला की ओर से इन नमूना प्रश्न पत्रों को बोर्ड के सभी विद्यार्थियों के द्वारा हल करवाया जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल ने जिला के सभी ग्राम सरपंचों, ब्लॉक समिति सदस्यों, जिला पार्षदों व गांव के गणमान्य जनों से आह्वान किया है कि वह अपने गांव में क्षेत्र में कक्षा 10वीं व 12वीं में शिक्षा ग्रहण कर रहे प्रत्येक छात्र व छात्राओं को नमूना प्रश्न पत्र के अनुरूप अध्ययन करवाने और इनमें दिए गए सभी प्रश्नों का हल करवाने के लिए उत्साहित करें, ताकि हर परीक्षार्थी इन नमूना प्रश्न पत्रों का लाभ उठा सके और अपने परीक्षा परिणाम में अधिक से



अधिक सुधार करके खुद को मेधावी की श्रेणी में पहुंच सके। उन्होंने ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यदि सभी छात्र और छात्राएं इन चार नमूना प्रश्न पत्रों का पूर्ण रूप से अध्ययन करके इनमें दिए गए सभी प्रश्नों का हल करने का अभ्यास करने में सफल हो जाते हैं तो पलवल जिला का आगामी परीक्षा परिणाम सराहनीय रहेगा और सभी परीक्षार्थियों का भविष्य उज्ज्वल होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि निदेशालय द्वारा जारी हिदायतों का पालन करने के लिए जिला के समस्त राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके अनुसार नमूना प्रश्न पत्र में दिए गए प्रश्नों को बोर्ड की कक्षाओं के प्रत्येक विद्यार्थी से हल करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड की परीक्षा देने वाले 10वीं व 12वीं के विद्यार्थी सभी प्रासंगिक विषयों के लिए दिए गए चार अभ्यास पत्रों का अच्छी तरह से अभ्यास करें। सभी विषयों के अभ्यास पेपर समाधान के लिए लिंक पर जाकर अंकन योजना का चयन करें। दसवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी शिक्षा बोर्ड पोर्टल के लिंक पर विजिट करके चार प्रकार के सभी विषयों के प्रश्नपत्रों का अभ्यास कर सकते हैं।

## ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत

**पलवल।** होडल रेलवे लाइन पर 70 वर्षीय बुजुर्ग अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। बुजुर्ग अपने बेटे से मिलने के लिए मथुरा जा रहा था। जीआरपी होडल ने मृतक के बेटे के बयान के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

होडल जीआरपी चौकी प्रभारी चंद्रपाल के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि हसनपुर रेलवे फ्लाई ओवर व होडल रेलवे स्टेशन के मध्य एक बुजुर्ग की दिल्ली-मथुरा संपर्क क्रांति ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही वे टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंची। शव की पहचान बांसवा गांव निवासी बुजुर्ग रघुनाथ के रूप में हुई।

# डागर को मिला उत्तम खिलाड़ी का खिताब



## सरस्वती महिला कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**सरस्वती** महिला महाविद्यालय पलवल में 27वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि पलवल की एसपी डॉ. अंशु सिंगला रहीं। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अंशु सिंगला, मनीषा मंगला निदेशिका, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी, शारीरिक विभागाध्यक्ष डॉ. आशा दहिया ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व स्वागत नृत्य की प्रस्तुति की गई। मुख्य अतिथि डॉ. अंशु सिंगला ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को सर्वांगीण विकास के महत्व को बताया और उन्हें खेलों के प्रति भी प्रोत्साहित किया। सत्र 2024 की खेलकूद प्रतियोगिता में 18 प्रतियोगिताओं में लगभग 900 छात्राओं ने भाग लिया तथा महाविद्यालय के टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन 400 मीटर रेस, बोरी रेस, भाला फेंक, टग ऑफ वार, नींबू चम्मच रेस, 400 मीटर रिले रेस, स्लो साइकिलिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरण किए गए। उत्तम खिलाड़ी का पुरस्कार गीतिका डागर, बीएससी सीएस तृतीय वर्ष को दिया गया।

# सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी के मुंह पर मारा करारा तमाचा : डॉ. गुप्ता

## कहा, किसानों के साथ बीजेपी दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेस वार्ता के दौरान चंडीगढ़ में इंडिया गठबंधन के मेयर बनने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। हर जिले में आम आदमी पार्टी की जीत का जश्न मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी के मुंह पर करारा तमाचा मारा है। भारतीय जनता पार्टी की वोटों की चोरी पकड़ी गई है। कुल मिलाकर 36 वोट मेयर के चुनाव में थी। इनमें से 20 वोट इंडिया गठबंधन और 16 वोट बीजेपी के पास थी। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार कुलदीप कुमार की जीत निश्चित थी, लेकिन बीजेपी के पीठासीन अधिकारी ने आठ वोटों को खुद ही निशान लगाकर अवैध कर दिया और बीजेपी के उम्मीदवार को जीता दिया। कैमरे में उनकी चोरी पकड़ी गई। सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी की चोरी पर मोहर लगा दी।



उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में पीठासीन अधिकारी ने माना कि आठ वोटों को गलत तरीके से अवैध घोषित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से देश में लोकतंत्र और सच्चाई की जीत हुई। उन्होंने कहा कि बीजेपी जब चंडीगढ़ जैसे छोटे से शहर के मेयर के चुनाव में धांधली कर सकती है तो लोकसभा चुनाव में किस स्तर पर हेराफेरी होगी, ये सोचने की बात है।

उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ का मेयर चुनाव इंडिया गठबंधन की पहली जीत है। आम आदमी पार्टी ने हार नहीं मानी और बीजेपी के मुंह से जीत को खींचकर ले आए। सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले से देश में लोकतंत्र को मजबूती देने का काम किया है। वहीं बीजेपी की बेईमानी जगजाहिर हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता किसानों पर भी अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। पहले किसान आंदोलन में बीजेपी नेताओं ने किसानों को आतंकवादी कहा था। मुख्यमंत्री खट्टर ने उनकी जड़ें चीन और पाकिस्तान में बताई थी, लेकिन तब प्रधानमंत्री मोदी को झुकना पड़ा था। तीन काले कानून वापस लेने पड़े थे और किसानों को एमएसपी कानून लागू करने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि आज किसान उसी एमएसपी कानून की गारंटी को याद दिलाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने पंजाब के बॉर्डर सील कर दिए। दिल्ली के बॉर्डर सील कर दिए, इंटरनेट बंद कर दिया। पंजाब और दिल्ली बॉर्डर पर आवाजाही बंद कर दी गई। आखिर किस कानून के तहत मनोहर लाल खट्टर ने ये पूरे हरियाणा की जनता को बंधक बनाया है। उन्होंने कहा कि निहत्थे किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। उन पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। पैलेट गन से हमला किया जा रहा है। किसानों के साथ बीजेपी दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। आम आदमी पार्टी किसानों के साथ खड़ी है। चंडीगढ़ के मेयर चुनाव ने दिखा दिया कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर बीजेपी को हरा सकते हैं। हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता के साथ हरियाणा प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र शर्मा, पलवल जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर रावत एवं धर्मेंद्र सिंह, दीपक सारोठ मौजूद थे।



## साई मित्र मंडल ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया

**फरीदाबाद।** साई मित्र मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भारत कॉलोनी में शिक्षा एक अभियान संस्था द्वारा चलाए जा रहे चेरिटेबल स्कूल में बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए कपड़े के थैले और साथ में खाने के पैकेट दिए गए। साई मित्र मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक नरेंद्र जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़ द्वारा पॉलिथीन हटाओ पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत यह मुहिम चलाई जा रही है। अगर बच्चों को अभी से ही पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा तो वह इस धरा को स्वच्छ बनाने में बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं। नरेंद्र जैन ने शिक्षा एक अभियान सदस्य नीलम शर्मा, राहुल शर्मा, राधा गुप्ता, विजयलक्ष्मी, सारिका शर्मा, मनीषा को बच्चों को निशुल्क शिक्षा जैसा नेक कार्य करने के लिए बहुत-बहुत बधाई दी।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से परिवार के पांच लोग घायल

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मेवला महराजपुर फ्लाइओवर पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक परिवार के पांच लोग घायल हो गए। पांचों दो कारों में सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने जयपुर जा रहे थे। आरोप है कि एक तेज रफ्तार कार ने दोनों कारों में टक्कर मार दी। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पीड़ितों ने सेक्टर-31 थाना की पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूलरूप से जयपुर निवासी अमित शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ मामा के बेटे की शादी में शामिल होने सेक्टर-30 स्थित पुलिस लाइन आए थे। देर रात वह और उनके बहनोई अपनी-अपनी कार में बैठकर दिल्ली होते हुए जयपुर लौट रहे थे। कार में पत्नी, बेटी के साथ अन्य रिश्तेदार बैठे थे।

## चोरी पकड़ने गई बिजली टीम को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**बिजली** चोरी पकड़ने के लिए पहुंची बिजली विभाग की टीम को डकौरा गांव में गाली-गलौच कर बंधक बना लिया गया। मुंडकटी थाना पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर एक नामजद सहित कई अन्य के खिलाफ बिजली कर्मियों को बंधक बनाकर गाली-गलौच करने व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मुंडकटी थाना प्रभारी धर्मेंद्र के अनुसार, बिजली विभाग के एसडीओ ने थाने में दी शिकायत में कहा है कि उनकी टीम जेई लख्मीचंद के नेतृत्व में बिजली चोरी पकड़ने के लिए डकौरा गांव पहुंची थी। टीम ने जब डकौरा गांव निवासी निरंजन के घर पहुंची तो वहां टीम को देखकर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। जेई ने एसडीओ को दी लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि निरंजन व उसके अन्य साथियों ने पहले उनके साथ गाली-गलौच की और टीम में शामिल कर्मचारियों को बंधक बनाकर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई। जिस पर कार्रवाई करते हुए बिजली वितरण निगम के एसडीओ ने एक शिकायत मुंडकटी थाना भेजकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भेज दी।

मुंडकटी थाना पुलिस ने 21 फरवरी को देर शाम डकौरा गांव निवासी निरंजन व उसके अन्य साथियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए बंधक बनाकर गाली-गलौच करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी तक पुलिस इस मामले में किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अमृता अस्पताल ने न्यायिक परिसर में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिला** बार एसोसिएशन पलवल एवं अमृता अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में न्यायिक परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला सेशन जज पुनीत जिंदिया ने किया। शिविर में अधिवक्ताओं और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उचित परामर्श दिया गया।

जिला बार एसोसिएशन के उपप्रधान विक्रम वशिष्ठ ने बताया कि जिला बार एसोसिएशन के सौजन्य से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें अधिवक्ताओं के बीपी, शुगर की जांच की गई। डॉक्टरों द्वारा ऑर्थो, मेडिसिन और यूरोलॉजी के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए गए। जिसमें सीनियर अधिवक्ताओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग



लिया है। इस तरह के आयोजन से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

इस अवसर पर सीनियर एडवोकेट पीके मित्तल, जितेंद्र रावत, महाराज शर्मा, कृष्ण शर्मा, गीता एडवोकेट, मुकेश डागर, संसार चौहान, शेर सिंह एडवोकेट, मनीष भारद्वाज, चरण सिंह तेवतिया, बृजमोहन शर्मा, धर्मेंद्र तेवतिया, सुनील डागर, राजकुमार तेवतिया, देवदत्त शर्मा आदि मौजूद थे।

# किसान संगठन के दिल्ली कूच के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए नियुक्त

## लघु सचिवालय पर प्रदर्शन करने पर होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिलाधीश** नेहा सिंह ने किसानों व मजदूरों के विभिन्न संगठनों द्वारा दिल्ली कूच मार्च के आह्वान के दृष्टिगत जिला पलवल में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना क्षेत्रवाइज ड्यूटी मेजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ-साथ संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी की ड्यूटी भी लगाई गई है।

जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के तहत शहर थाना पलवल क्षेत्र के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अमित कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार पलवल कैंप थाना क्षेत्र के लिए वाटर सर्विसेज डिविजन पलवल के कार्यकारी अभियंता मोहित वशिष्ठ, सदर थाना पलवल क्षेत्र के लिए डीईटीसी आबकारी पलवल अजय सरोहा, गदपुरी थाना पलवल क्षेत्र के लिए पंचायतराज पृथला के उपमंडल अधिकारी पोहप सिंह, थाना होडल क्षेत्र के लिए पब्लिक हैल्थ होडल के उपमंडल अभियंता राजबीर सिंह की ड्यूटी लगाई है।

थाना क्षेत्र हथीन के लिए बहीन के नायब तहसीलदार श्रवण कुमार, थाना चांदहट क्षेत्र के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम चांदहट के उपमंडल अधिकारी बिजेंद्र कुमार, बहीन थाना क्षेत्र के लिए सिंचाई विभाग पलवल के एसडीओ लखन सिंह, थाना क्षेत्र उटावड के



लिए वाटर सर्विसेज सब डिवीजन पलवल के एसडीओ रियाज अहमद, हसनपुर थाना क्षेत्र के लिए एचवीपीएनएल मीरपुर कोराली के एसएसई देवी सिंह, थाना मुंडकटी क्षेत्र के लिए होडल के तहसीलदार संजीव नागर, धरना स्थल व केएमपी/केजीपी जंक्शन एवं अटोहां मोड क्षेत्र के लिए पलवल के तहसीलदार प्रेम प्रकाश व पृथला के बीडीपीओ प्रवीण कुमार की ड्यूटी लगाई है।

जिला सचिवालय क्षेत्र के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल, केजीपी टोल प्लाजा क्षेत्र के लिए लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अशोक कुमार, केएमपी टोल प्लाज क्षेत्र के लिए जिला नगर योजनाकार नरेंद्र नैन, करमन टोल प्लाजा क्षेत्र के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम होडल के उपमंडल अधिकारी सुरेंद्र मेहरा व होडल के बीडीपीओ नरेश कुमार, गदपुरी टोल प्लाजा क्षेत्र के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण पलवल के कार्यकारी अभियंता मनोज कुमार तथा जिला पलवल में ट्रैफिक प्रबंधन के लिए जीएम रोडवेज हरियाणा नवनीत सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

## धरना-प्रदर्शन व आंदोलन के लिए स्थान किए निर्धारित

**जिलाधीश** नेहा सिंह ने जिला में धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने के संदर्भ में संबंधित स्थानों को निर्धारित किया है। इसके अलावा जिला के अन्य स्थानों पर आंदोलन या धरना प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। पलवल में धरना प्रदर्शन करने के लिए हुड्डा ग्राउंड, सेक्टर-2 का स्थान निर्धारित किया गया है। इसके अलावा उपमंडल होडल के लिए नई अनाज मंडी होडल तथा उपमंडल हथीन के लिए लघु सचिवालय हथीन के सामने राजस्व कॉलोनी हथीन का खुला मैदान निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न संगठनों द्वारा जिला मुख्यालय या उपमंडल स्तर पर अपनी मांगों को लेकर समय-समय पर आंदोलन, धरना व आक्रोश प्रदर्शन जिला सचिवालय व उपमंडल लघु सचिवालय के मुख्य द्वार पर किए जाते हैं। भीड़ के जमा होने से आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# संक्षिप्त समाचार

## सीएम कप की प्रतियोगिताएं 28 फरवरी से होंगी शुरू



**पलवल।** जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा की ओर से 28 फरवरी सीएम कप का आयोजन ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर किया जा रहा है। सीएम कप प्रतियोगिताओं में छह खेलों नेशनल स्टाइल कबड्डी, वालीबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, फुटबॉल तथा बास्केटबॉल खेलों को शामिल किया गया है। यह प्रतियोगिता 28 फरवरी से चार मार्च तक ब्लॉक स्तर पर तथा पांच मार्च को जिला स्तर पर और सात मार्च को मंडल स्तर पर व नौ मार्च को को राज्य स्तर पर जिला पंचकूला में आयोजित करवाई जाएगी। ब्लॉक स्तर पर प्रथम आने वाली टीमें जिला स्तर पर व जिला स्तर पर प्रथम आने वाली टीमें मंडल स्तर पर तथा मंडल स्थान प्राप्त करने वाली टीमें राज्य स्तर पर प्रतिभागिता करने के लिए भेजी जाएंगी। जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 14 से 23 वर्ष तक के खिलाड़ी प्रतिभागिता कर सकेंगे। खिलाड़ियों की आयु की गणना एक जनवरी 2024 से की जाएगी। खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लाएं। हथीन खंड के खिलाड़ियों के लिए 28 फरवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहीन में तथा खंड हसनपुर में 28 फरवरी को ही मां ओमबती कॉलेज हसनपुर में सीएम कप की खंड स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएंगी। इसी प्रकार खंड होडल में 29 फरवरी को एनजीएफ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेकनॉलोजी बामनीखेडा में तथा खंड पृथला में 29 फरवरी को ही राजीव गांधी खेल परिसर पृथला, खंड पलवल में एक मार्च को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल और खंड बडौली में एक मार्च को ही ग्रीमीण खेल स्टेडियम घोडी व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घोडी में सीएम कप की खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ियों को अपनी-अपनी टीमों का रजिस्ट्रेशन विभागीय वेबसाइट पर करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी निर्धारित की गई है।

## पति की पिटाई से आहत पत्नी घर छोड़कर हुई लापता

**पलवल।** पति द्वारा की गई मारपीट के बाद उसकी पत्नी दो बच्चों को छोड़कर घर से अचानक लापता हो गई। सूचना मिलने पर पति के साथ-साथ महिला के मायके वालों ने भी तलाश की, लेकिन महिला का कुछ पता नहीं चल सका। मुंडकटी थाना पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मुंडकटी थाना प्रभारी धर्मेंद्र के अनुसार, दुधौला गांव निवासी मोहित ने थाने में दी शिकायत में कहा है कि उसकी बहन कविता की शादी औरंगाबाद गांव निवासी हरकेश के साथ हुई थी। आरोप है कि उसके जीजा हरकेश ने उसकी बहन के साथ 14 फरवरी को मारपीट की थी। उसी दिन शाम के करीब सात बजे उसकी बहन कविता अपने बच्चों को ससुराल में ही छोड़कर घर से निकल गई। कविता के गायब होते ही उसकी ससुराल वालों ने तलाश किया और उन्हें जब सूचना मिली तो उन्होंने भी अपने तौर पर काफी तलाश किया। 21 फरवरी तक जब कविता का कोई सुराग नहीं मिला तो महिला के भाई ने इसकी शिकायत मुंडकटी थाना पुलिस को दी। मुंडकटी थाना प्रभारी ने बताया कि विवाहिता के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर तलाश के लिए टीम गठित कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही लापता महिला को तलाश कर उसके परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

## कार से आगे बाइक लगा दंपत्ति पर चाकुओं से हमला

**पलवल।** दंबकों ने बाइक से गाड़ी का रास्ता रोककर दंपत्ति के साथ मारपीट की और जाति सूचक गालियां देते हुए चाकू मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। बीच बचाव कराने आए उसके भाई को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तीन महिलाओं सहित आठ के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सदर थाना प्रभारी मलखान सिंह के अनुसार, चिरावटा गांव निवासी जीतराम ने दी शिकायत में कहा कि उसका भाई संजय सीएचसी सेंटर से 3000 रुपए निकाल कर अपनी पत्नी के साथ ईको कार में सवार होकर घर लौट रहे थे। जब उनकी गाड़ी गांव में मुरारी के घर के सामने पहुंची तो गांव के ही निवासी मुरारी, मुकेश फौजी, राजेंद्र उर्फ पप्पू, श्याम सुंदर, सोनू, दीप्ति, ऊषा व चंद्रवती ने होकर हाथों में लाठी, डंडे व चाकू लेकर लेकर आए और उसके भाई की गाड़ी के आगे बाइक लगाकर रास्ता रोक लिया। आरोप है कि राजेंद्र व श्याम सुंदर ने उसके भाई को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर सोनू व मुरारी ने पकड़ कर उसके भाई के जेब से तीन हजार रुपए लूट लिए। वह मौके पर पहुंचा और पुलिस को फोन किया, लेकिन पुलिस के आने से पहले चंद्रवती व दीप्ति ने उसकी भाभी आरती को पकड़ कर पीटा और मुकेश ने उसके भाई को जान से मारने की नियत से हाथ में लिए चाकू से पेट पर वार कर दिया। आरोपियों ने उसके भाई संजय व भाभी आरती को पीटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पीड़ित बचाने पहुंचा तो उसे भी हमला कर घायल कर दिया। आरोपी पुलिस के आने से पहले ही उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित अपने भाई को इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा तो वहां से हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। सदर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## साइबर ठगों ने दो लोगों से 77 हजार रुपये ठगे

**फरीदाबाद।** साइबर ठगों ने दो अलग-अलग मामलों में दो लोगों को करीब 77 हजार रुपये की चपत लगाई है। साइबर ठगों ने एक मामले में 11 हजार रुपये और दूसरे में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर करीब 68 हजार रुपये निकाल लिए। बल्लभगढ़ और सेंट्रल साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित चतुर सिंह ने साइबर थाना बल्लभगढ़ को दी शिकायत में बताया कि 18 जनवरी उसके मोबाइल फोन पर एक अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आपको को एक बैंक का अधिकारी बताया। साथ ही क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी उससे क्रेडिट कार्ड की पूरी जानकारी लेकर करीब 68 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में पीड़ित हरिकृष्ण श्रीवास्तव ने सेंट्रल साइबर थाना में दी शिकायत में बताया कि चार जनवरी को उसके मोबाइल फोन पर महेन्द्र नाम के व्यक्ति का फोन आया था। महेन्द्र नाम का एक युवक उसका दोस्त है, इसलिए उसने फोन करने वाले की बात पर विश्वास कर लिया। आरोपी उससे कहा कि वह 40 हजार रुपये उसके यूपीआई आईडी पर भेज रहा है। जरूरत पड़ने पर वह उन पैसों को मांग लेगा। पीड़ित के हामी भरने के कुछ मिनट बाद उसके मोबाइल फोन में 40 हजार रुपये क्रेडिट होने का एक मैसेज आया। उसने मैसेज पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। वह मैसेज फर्जी था। आरोप है कि जालसाज फर्जी मैसेज भेजकर उससे करीब साढ़े 11 हजार रुपये अपने बैंक खाते में जमा करा लिए। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## डीजे बजाकर नाच रहे बारातियों ने एक परिवार को पीटा

**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा में सड़क पर डीजे बजाकर नाच रहे बरातियों से रास्ता मांगना एक परिवार को भारी पड़ गया। अस्पताल से इलाज करवा कर लौट रहे परिवार की बरातियों ने जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि बरातियों ने उन्हें बंधक बनाकर एक धर्मशाला में ले जाकर भी पीटा। सराय ख्वाजा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। तिलपत स्थित जाटव मोहल्ला निवासी पीड़ित रोहित रावल ने पुलिस को बताया कि उनकी छह वर्षीय बेटी की तबीयत खराब हो गई थी। ऐसे में पत्नी और बहन के साथ मोटरसाइकिल से बेटी को एक निजी अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने ले गए थे। रात करीब 10 बजे अस्पताल से बेटी को लेकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इस दौरान अग्रवाल धर्मशाला के पास एक बरात निकल रही थी। डीजे की धुन पर कुछ युवक सड़क पर नाच रहे थे। उन्होंने उन युवकों से घर जाने के लिए रास्ता देने को कहा। आरोप है कि इस बात पर बरातियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बीचबचाव करने पहुंची पत्नी और बहन को भी चोटें आईं। बेटी भी घायल हो गई। आरोप है कि इसके बाद आरोपी उसे पकड़कर अग्रवाल धर्मशाला लेकर गए और वहां भी मारपीट की।

# किसान आंदोलन के चलते अब तक उद्योगों को हुआ 400 करोड़ रुपये का नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**किसान** आंदोलन के चलते गुरुग्राम के उद्योगों को एक सप्ताह में करीब 400 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। जिस तरह से हड़ताल का समय बढ़ता जा रहा है, इससे लगता है कि हड़ताल अभी और चलेगी। उद्योगों का नुकसान भी बढ़ता जाएगा।

ऑटोमोबाइल, गारमेंट, स्टील, खाद्य पदार्थ समेत अनेक उत्पादों का गुरुग्राम हब है। यहां निर्माण हुआ सामान भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशों में भी सप्लाई होता है। सडक़ मार्ग से जाने वाले सामान पर किसान आंदोलन का गहरा प्रभाव पड़ रहा है। ना तो यहां ठीक से माल आ पा रहा है और ना ही जा पा रही है। पंजाब, हिमाचल से माल ढुलाई में

## ट्रांसपोर्ट का खर्चा बढ़ने से बढ़ रही है माल की लागत


अब ट्रांसपोर्टर भाड़ा बढ़ाने की बात कर रहे हैं। क्योंकि आंदोलन में हाईवे जाम होने के कारण गाडि़यों को 100 किलोमीटर से भी अधिक अतिरिक्त घूमकर आना-जाना पड़ रहा है। प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन दीपक मैनी कहते हैं कि इस अतिरिक्त चक्कर के कारण ट्रांसपोर्टर माल भाड़ा बढ़ाने की बात कह रहे हैं।

ऐसा करना उनकी भी मजबूरी है। समस्याएं बहुत आ रही हैं। महंगा भाड़ा देकर भी माल इतनी आसानी से नहीं पहुंच रहा। हर समय ट्रांसपोर्टर



दीपक मैनी।

को डर रहता है कि कहीं आंदोलन की भेंट उनके वाहन आ गए तो नुकसान ज्यादा होगा। दीपक मैनी ने कहा कि सरकार को हाईवे जाम करने को लेकर कठोर नियम, कानून बनाने चाहिए, ताकि कोई भी हाईवे जाम



एचएस शर्मा।

करके देश की अर्थव्यवस्था को बाधित ना कर सके। उन्होंने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी भी है। इस पर एक्शन किया जाना चाहिए। अगर किसी को आंदोलन, प्रदर्शन करना है तो वह एक तरफ बैठकर करे।

### टोल, डीजल का बढ़ रहा है खर्चा : एचएस शर्मा

**किसान** आंदोलन के चलते नुकसान के सवाल पर ट्रांसपोर्टर एचएस शर्मा का कहना है कि बहुत अधिक नुकसान पिछले दिनों से ट्रांसपोर्टर झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हिमाचल की तरफ करीब 500 ट्रक रोजाना जाते हैं। इन सभी गाड़ियों का रूट डायवर्ट किया गया है। उदाहरण देकर उन्होंने कहा कि उनकी पांच गाडि़यां रोजाना इन रूटों पर जाती हैं। इन गाडि़यों को दूसरे रूटों पर ले जाने के कारण ढाई से तीन लाख रुपये का टोल व डीजल एक्स्ट्रा लग रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक यह आंदोलन खत्म नहीं होता, सरकार को कुछ रूटों पर कॉमर्शियल वाहनों के लिए टोल फ्री कर देने चाहिए।

# श्री श्याम बसंत महोत्सव शुरू, शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा

## श्री सिद्धेश्वर मंदिर से शुरू होकर कई स्थानों से होकर गुजरी शोभयात्रा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



श्री खाटू श्याम प्रचार मंडल गुरुग्राम की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 36वां श्री श्याम बसंत महोत्सव के पहले दिन शोभा यात्रा में शामिल श्याम बाबा की झांकी व श्रद्धालु।

**श्री खाटू** श्याम प्रचार मंडल गुरुग्राम की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 36वां श्री श्याम बसंत महोत्सव गुरुवार से शुरू हो गया। इस दौरान भव्य शोभा, कलश व ध्वजा यात्रा निकाली गई। इस बार महोत्सव को चार दिन से बढ़ाकर नौ दिन का किया गया है। महोत्सव में श्रीमद् भागवत कथा भी कराई जा रही है। बुधवार 22 फरवरी से शुरू हुआ महोत्सव एक मार्च तक चलेगा।

मंडल के संरक्षक सुनील सिंगला व प्रधान राजकुमार कौशिक ने बताया कि गुरुवार को महोत्सव के पहले दिन की शुरुआत पर शहर में भव्य शोभा, कलश व ध्वजा यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि के रूप में बदरवाल ग्रुप के चेयरमैन सुशील भारद्वाज व समाजसेवी बालक राम चौरसिया ने शिरकत की। उन्होंने यात्रा की शुरुआत की। शोभा एवं कलश यात्रा सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण से शुरू होकर ओल्ड जेल कॉम्पलेक्स, भूतेश्वर मंदिर चौक, बड़ा बाजार, सदर बाजार, डाकखाना चौक, सिविल अस्पताल, अग्रवाल धर्मशाला चौक से गुरुद्वारा के आगे से वापस मंदिर पहुंची। रंग-बिरंगे फूलों से सजे रथ, कई बैंड-बाजे, रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। बच्चे भी इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। नौ दिवसीय महोत्सव को लेकर शहर में बिजली की लड़ियों से बेहतरीन सजावट की गई है। कार्यक्रम स्थल ओल्ड जेल कॉम्पलेक्स और श्री सिद्धेश्वर मंदिर के चारों तरफ की सड़कों पर आधा-आधा किलोमीटर तक बिजली की रंग-बिरंगी लड़ियां लगाई गई हैं।

# एल्जी ने डी.वी.पी. वैक्यूम टेक्नोलॉज़ी एस.पी.ए., इटली के साथ बहु-वर्षीय टेक्नोलॉज़ी लाइसेंसिंग करार का किया ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दुनिया** के दिग्गज एयर कंप्रेसर निर्माताओं में से एक, एल्जी इक्विपमेंट्स (बी एस ई.ः 522074 एन एस ईः एल्जी इक्विपमेंट्स) ने आज डी.वी.पी. वैक्यूम टेक्नोलॉजी एस.पी.ए. इटली के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस करार के तहत एल्जी इक्विपमेंट्स भारत में डी.वी.पी. के वैक्यूम प्रोडक्ट्स का उत्पादन, असेंबल, परीक्षण और बिक्री करेगी। इस समझौते के साथ एल्जी वैक्यूम उत्पादों को शामिल करने के लिए अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करेगी।

इस करार के चलते वैक्यूम पंपों की निर्माता कंपनी डी.वी.पी. वैक्यूम टेक्नोलॉज़ी एस.पी.ए. को तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए भारत में एल्जी की मजबूत उत्पाद क्षमता और व्यापक बिक्री और सेवा नेटवर्क का फायदा

## भारत में वैक्यूम प्रोडक्ट्स को शामिल करने के लिए पोर्टफोलियो का किया विस्तार

मिलेगा। ग्लोबल वैक्यूम पंप बाजार में पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़त देखने को मिली है। 2024 में इसका बाजार 6-7 अरब अमरीकी डॉलर होने का अनुमान है। एल्जी इक्विपमेंट्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जयराम वरदराज ने कहा, वैक्यूम का कारोबार कम्प्रेस्ड एयर के कारोबार के काफी करीब है। इसकी लाभप्रदता भी एयर कम्प्रेसर कारोबार जैसी ही है। यह करार हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करने, हाई ग्रोथ वाले बाजारों में हमारी पहुंच बढ़ाने और उपयोगी तकनीकी, मैन्युफैक्चरिंग और मार्केटिंग तालमेल का लाभ उठाने के लिए एक रणनीतिक कदम है। हम पहले भारत में कारोबार बढ़ाएंगे और फिर वैश्विक स्तर पर विस्तार करेंगे। हमें डी.वी.पी. के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। डी.वी.पी. वैक्यूम टेक्नोलॉज़ी एक परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी है, जो 197× से वैक्यूम व्यवसाय में है। डी.वी.पी. की टीम हमारे मूल्यों को साझा करती है और उनके उत्पाद बेहतर प्रदर्शन और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध हैं।

डी.वी.पी. वैक्यूम टेक्नोलॉजी एस.पी.ए. के प्रेसीडेंट और सी.ई.ओ रॉबर्टो ज़ुचिनी ने कहा यह समझौता डी.वी.पी. को एल्जी की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता और वितरण नेटवर्क का लाभ उठाते हुए अत्यधिक प्रतिस्पर्धी भारतीय वैक्यूम बाजार में प्रवेश करने की सुविधा देगा। इसके अलावा हमारे बीच तमाम घटकों के आदान-प्रदान के लिए बेहतर अवसर हैं। इसके परिणामस्वरूप दोनों कंपनियों के आपसी कारोबार में जोरदार ग्रोथ की संभावना है।

# बापू आसाराम को जमानत या पैरोल देने की अनुयायियों ने की मांग



पत्रकारों से बात करते संत बापू आसाराम के अनुयायी।

**गुरुग्राम।** बापू आसाराम बापू पिछले करीब साढ़े 11 वर्ष से जोधपुर की जेल में बंद हैं और विभिन्न बीमारियों से भी जूझ रहे हैं। बीती 13 जनवरी से जोधपुर के एम्स अस्पताल में भी भर्ती हैं। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। 86 वर्षीय बापू को आज तक भी न्यायालय ने किसी तरह की जमानत या पैरोल नहीं दी है।

इस प्रकार की सजा काट रहे लोगों को जमानत व पैरोल भी समय समय पर मिलती रही है। उन्हें पैरोल न देकर बापू के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। यह बात श्री योग वेदांत सेवा समिति व महिला उत्थान मंडल तथा युवा सेवा संस्थाओं द्वारा गुरुवार को सेक्टर-12 स्थित संत आसाराम आश्रम में पत्रकार वार्ता में कही। संस्था के रामा भाई ने कहा कि बापू ने समाज कल्याण के कार्यों में अपना पूरा जीवन लगा दिया और राष्ट्र उत्थान के लिए भी उन्होंने बड़े कार्य किए। उनके द्वारा किए गए कार्यों का लाभ असंख्य लोगों को मिला, लेकिन उन्हें साजिश के तहत विभिन्न मामलों में फंसाया गया है। उनका स्वास्थ्य प्रतिदिन गिरता जा रहा है और उन्हें पैरोल भी नहीं दी जा रही है। उन्होंने सरकार व न्यायालय से गुहार लगाई है कि बापू की बीमारियों की भयानकता को देखते हुए उन्हें जमानत या पैरोल पर रिहा किया जाए। उनका कहना है कि आसाराम बापू के अनुयायी शीघ्र ही इस संबंध में विभिन्न प्रदेशों में कार्यक्रमों का आयोजन कर सरकार से मांग करेंगे कि उनके मौलिक अधिकारों का हनन न कर उन्हें पैरोल आदि दी जाए, ताकि वे बाहर आकर अपना उपचार करा सकें।

# राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-9 महाविद्यालय में राज्य स्तरीय बास्केट बॉल चैम्पियनशिप में भिड़ती टीमें।

**राजकीय** महाविद्यालय सेक्टर-9 में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। गुरुवार को लड़कियों की प्रतियोगिता में द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय की टीम ने के.एल मेहता महाविद्यालय की टीम को हराया।

राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 की टीम ने राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 की टीम पर विजय हासिल की। लड़कों की प्रतियोगिता में द्रोणाचार्य महाविद्यालय की टीम ने के एल पी महाविद्यालय रेवाड़ी की टीम को हराया। इसी प्रकार केएल मेहता महाविद्यालय टीम ने राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 महाविद्यालय की टीम को हराया। महाविद्यालय की प्राचार्या मधु अरोड़ा ने खिलाड़ियों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी अत्याधिक प्रतिभाशाली हैं। सभी का खेल देखने लायक है। खेलों की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा है। खेलों से हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि विभन्न महाविद्यालयों के सहयोग से यह प्रतियोगिता सफल हो रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता से विद्यार्थी बहुत अधिक सीख रहे हैं। खेल हमारे व्यक्तित्व का विकास करते हैं। जो भी विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं वह जीत गए हैं, क्योंकि खेल हमें जीतना सीखाता है। आज अगर किसी कारणवश नहीं जीत पाए तो कल अवश्य जीतेंगे। इसलिए सदैव प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ सतीश यादव ने विद्यार्थियों के प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी बहुत ही अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। उनके प्रशिक्षक हार्दिक बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने कहा कि अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सदैव कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुंडू, डॉ. नीलम दहिया, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. मीनाक्षी दलाल, डॉ. मीनू शर्मा, संदीप यादव, डॉ. सुरेंद्र कादयान, डॉ. अजय कुमार सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# 63 मून्स ने साइबर सुरक्षा में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का अनावरण किया



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**63** मून्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में सबसे बेहतरीन, साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण क्षेत्र में प्रवेश करके इनोवेशन और चौका देने की अपनी विरासत को जारी रखे हुए है।

साइबर अटैक के बढ़ते पैमाने और तरीकों को देखते हुए, साइबर सुरक्षा सभी व्यक्तियों, कॉर्पोरेट संस्थाओं और देशों के लिए जरूरी है। इसलिए, 63 मूंस ने अपने तीन वर्टिकल - CYBXTM (प्रत्येक मोबाइल फोन के लिए), 63 SATSTM (प्रत्येक एंटरप्राइज सर्वर के लिए) और CYBERDOMETM (प्रत्येक शहर, प्रत्येक राज्य और देश के लिए) द्वारा बेहतरीन उत्पादों और सेवाओं को पेश किया है। जो सेंट्रलाइज्ड सिक्योरिटी ऑपरेशंस नर्व सेंटर (एसओसी) से संचालित है और विकेंद्रीकृत फ्रैंचाइज नेटवर्क द्वारा समर्थित हैं। इजराइल से लेकर यूएसए तक, दुनिया की 10 सर्वश्रेष्ठ साइबर सुरक्षा फर्मों के साथ गठबंधन में 63 मून्स का साइबर सुरक्षा वर्टिकल बनाया गया है। कंपनी के इनोवेशन के तरीके ने कई प्रमुख साइबर सुरक्षा फर्म जैसे ब्लैकबेरी, रिसिक्योरिटी, मॉर्फिसेक आदि को बेस्ट इन क्लास और व्यापक साइबर सुरक्षा सूट बनाने हेतु भागीदार बनने के लिए अपनी ओर खींचा है। कई यूनिकॉर्न शुरू करने की अपनी विरासत के लिए जानी जाने वाली 63 मून्स अब एक ऐसे क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए तैयार है, जिसमें भविष्य को उज्ज्वल करने वाली और परिवर्तनकारी साइबर सुरक्षा प्रौद्योगिकियों के साथ संभावित डिकैकॉर्न देखा गया है, क्योंकि भारतीय साइबर सुरक्षा बाजार की कीमत वर्ष 2029 तक लगभग 1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचन जायेगी। साथ ही वैश्विक साइबर सुरक्षा बाजार का अनुमानित मूल्य वर्ष 2030 तक कुल 42 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की सम्भावना है। 63 SATSTM के टेक सीईओ नीहार पठारे ने कहा, ''CYBXTM, 63 SATSTM और CYBERDOMETM का रोलआउट पूरे भारत में इंटरनेट से जुड़े हर डिवाइस की सुरक्षा के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।'' CYBXTM यह मोबाइल फोन उपयोगकर्ता को वेरिफाइड नंबर डेटाबेस के साथ अपने सहज डायलर ऐप के साथ सुरक्षित कॉल करने में मदद करता है। यह वाईफाई स्टेटस और उससे संबंधित जोखिमों की जांच करने, हानिकारक और जूठे इनबाउंड मैसेजेस से बचाने, संभावित खतरों की पहचान करने और प्रत्येक यूआरएल लिंक की सुरक्षा को वेरिफाई करने में भी मदद करता है।

# महाराष्ट्र टूरिज्म के ट्रैवल एंड ट्रेड रोड शो को दिल्ली में बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**महाराष्ट्र** टूरिज्म ने लोगों को बेहतरीन अवसर प्रदान करने, ग्राहकों को आकर्षित करने और ट्रैवल ट्रेड में बाजार की संभावनाएं तलाशने के लिए पूरे देश में 8 शहरों के लिए एक रोडशो टूर की शुरूआत की है। इसके अलावा यह अपने हितधारकों/साझेदारों के साथ गठबंधन में विभिन्न ट्रेड फेयर्स में भी हिस्सा लेगा। इन ट्रेड फेयर्स में महाराष्ट्र राज्य में मौजूद ट्रैवल और टूरिज्म उद्योग की अपार संभावनाओं के बारे में बताया जाएगा। अपनी ऐतिहासिक विरासत, समुद्री तटों, धार्मिक स्मारकों, हिल स्टेशंस, वन्यजीवन, एडवेंचर स्पोर्ट्स, स्वादिष्ट रसोई, सांस्कृतिक उत्सवों, परिवहन की कनेक्टिविटी आदि के साथ महाराष्ट्र सबसे आकर्षक पर्यटक स्थलों में से एक है। पिछले साल शानदार प्रतिक्रिया मिलने के बाद महाराष्ट्र टूरिज्म ने इस साल दिल्ली में अपना रोड शो आयोजित किया। यह कार्यक्रम 21 फरवरी को होटल द रॉयल प्लाजा, कनॉट प्लेस में आयोजित किया गया, जिसमें शहर से टूर एवं ट्रैवल उद्योग की प्रतिष्ठित हस्तियों ने हिस्सा लिया। पिछले कुछ सालों में उत्तर भारत में ट्रैवल और टूरिज्म में काफी वृद्धि हुई है। लोग महाराष्ट्र में अष्टविनायक, ज्योतिर्लिंग, पंढरपुर, कोल्हापुर जैसे तीर्थ स्थानों की यात्रा करना और घूमना चाहते हैं। वो तारकरली, मालवन, मुरूद, मुरूद-हरने, अजरले, केल्शी, गुहागर, वेलनेश्वर, गणपतिपुले, अरे-वारे, शिरोडा, कुंकेश्वर जैसे बीच देखना और एडवेंचर स्पोर्ट्स में हिस्सा लेना भी चाहते हैं। लोगों का झुकाव तीर्थयात्रा और समुद्री बीचों की ओर है, इसलिए महाराष्ट्र टूरिज्म के पास उनकी जरूरतों को पूरा करने का एक बेहतरीन अवसर है। महाराष्ट्र राज्य में टूरिज्म उत्तर भारत के लोगों की पसंद के अनुरूप है। श्रीमान स्वप्निल कपड़निस, जॉइंट डायरेक्टर, डायरेक्टरेट ऑफ टूरिज्म (DoT), गवर्नमेंट ऑफ महाराष्ट्र, ने कहा, ''पिछले साल हमारे रोडशो को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद हम इस साल भी नए बाजारों में अपने रोडशो आयोजित करने और नई संभावनाओं को तलाशने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हम टूरिज्म को प्रोत्साहित कर इंटर-स्टेट ट्रैवल एवं टूरिज्म बढ़ाना चाहते हैं। हम दिल्ली में अपने रोडशो को मिली शानदार प्रतिक्रिया से उत्साहित हैं।

# गुरुग्राम मैराथन-2024 के लिए लेजर वैली में शुरू हुआ एक्सपो



गुरुग्राम के लेजर वैली में गुरुग्राम मैराथन-2024 के लिए एक्सपो में पहुंचे लोग।

**गुरुग्राम।** आगामी 25 फरवरी को आयोजित की जा रही गुरुग्राम मैराथन-2024 के लिए गुरुवार से लेजर वैली पार्क के सामने धावकों को किट बांटने के लिए एक्सपो की शुरुआत कर दी गई। शनिवार 24 फरवरी को दोपहर तक जारी रहने वाले इस एक्सपो में पहले दिन ही स्थानीय नागरिकों में मैराथन के प्रति भारी जोश देखने को मिला।

लेजर वैली पार्क के सामने गुरुग्राम मैराथन-2024 का एक्सपो गुरुवार से शुरू हो गया। जिन लोगों ने इस दौड़ के लिए अपना पंजीकरण करवाया हुआ था, वे काफी संख्या में आज अपनी किट लेने के लिए कतार में खड़े हुए थे। रविवार 25 फरवरी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मानेसर के एसडीएम दर्शन यादव ने एक्सपो की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए।

मैराथन के प्रति गुरुग्राम वासियों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। अब तक ऑनलाइन व ऑफलाइन मैराथन के लिए तीस हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। यह आंकड़ा रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया समाप्त होने तक और बढ़ सकता है। लेजर वैली पार्क के सामने एक्सपो का आयोजन शुरू होने के बाद यहां एक मेले जैसा माहौल बना हुआ है। मैराथन एक्सपो में ऑटो मोबाइल कंपनियों ने अपने वाहनों के नवीनतम मॉडल प्रदर्शित किए हुए हैं। फोर्टिस अस्पताल ने यहां मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया है। इसके अलावा

## प्रायोजक निजी कंपनियों ने अपने उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी

शारीरिक क्षमता वृद्धि के लिए हर्बल कंपनियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शनी लगाई हुई है। मुख्य द्वार के सामने माई सिटी माई रन के नाम से एक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। धावकों को किट वितरित करने के लिए फुल मैराथन, हॉफ मैराथन, 10.5 किमी मैराथन और पांच किमी की मैराथन के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। इन सभी काउंटर पर आज युवा, वरिष्ठ नागरिक, किशोर युवतियों, महिलाओं सभी आयु वर्ग के लोग अपनी किट लेने के लिए कतार में लगे हुए थे।

मैदान में सामने मंच पर लाउडस्पीकर पर गाने बजाकर मनोरंजक प्रस्तुतियां की जा रही थीं। प्रतिभागियों के बीच पुश अप लगाने व स्टेमिना दिखाने की छोटी-छोटी प्रतियोगिताएं करवाई जा रही थी, जिनका आगंतुक युवा पूरा आनंद उठा रहे थे। एसडीएम दर्शन यादव ने बताया कि एक्सपो में कल 23 फरवरी को कारपोरेट जगत के मैराथन में भाग ले रहे प्रतिभागी हाऊसों को किटें वितरित की जाएंगी। अर्द्धसैनिक बलों से भी काफी जवान अपनी किट लेने तथा यह एक्सपो देखने के लिए आए हुए थे। गुरुग्राम शहर में 25 फरवरी को सुबह 4.30 बजे यह मैराथन दौड़ शुरू होगी और 8.30 बजे आखिरी पांच किमी की दौड़ करवाई जाएगी।

# डाबर च्यवनप्राश ने परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए ''एक्जाम टाइम, डाबर च्यवनप्राश टाइम'' कैंपेन लांच किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**आयुर्वेदिक** वैलनैस में जाने-माने ब्राण्ड डाबर ने अपने नए कैंपेन 'एक्जाम टाईम, डाबर च्यवनप्राश टाईम' के लॉन्च की घोषणा की है। परीक्षाओं की तैयारी के दौरान छात्रों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना इस कैंपेन का मुख्य उद्देश्य है।

'यह बात सभी जानते हैं कि परीक्षा की तैयारी के दौरान छात्र अक्सर शारीरिक थकान और मानसिक तनाव महसूस करते हैं। चिंता के चलते उनमें एकाग्रता की कमी आती है, जिसका असर उनके एकेडमिक परफोर्मेन्स पर पड़ सकता है। जाना-माना आयुर्वेदिक हेल्थ सप्लीमेन्ट डाबर च्यवनप्राश छात्रों की इन समस्याओं को हल करने में बेहद कारगर है। पारम्परिक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों जैसे आंवला, गुदुची और अश्वगंधा से बना डाबर च्यवनप्राश इम्युनिटी बढ़ाकर, याददाश्त तेज कर, एकाग्रता में सुधार लाकर दिमाग को शांत करता है।' श्री प्रशांत अग्रवाल, मार्केटिंग हैड-हेल्थ सप्लीमेन्ट्स, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा। यह कैंपेन दर्शकों को बताता है, कि डाबर च्यवनप्राश का विज्ञान जीवन में आने वाले विभिन्न मौकों के लिए कारगर है। परीक्षाओं की तनाव भरी अवधि के दौरान छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डाबर च्यवनप्राश उनके कल्याण को सुनिश्चित करना चाहता है, ताकि वे शांत मन से परीक्षा दें और अच्छा परफोर्मेन्स दे सकें।

'आयुर्वेद के सिद्धान्तों पर आधारित ब्राण्ड होने के नाते हम समझते हैं कि परीक्षाओं के मुश्किल समय में छात्रों के कल्याण को सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। हमारा नया कैंपेन इस बात पर रोशनी डालता है कि हेल्थ सप्लीमेन्ट डाबर च्यवनप्राश न सिर्फ इम्युनिटी बढ़ाता है ।

# PhonePe ने किया इंडस ऐपस्टोर का जोरदार लॉन्च: भारतीय डिजिटल यात्रा में होगा एक गेम-चेंजर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**PhonePe** ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अपने Indus Appstore को उपभोक्ता के लिए लॉन्च की घोषणा की। Indus Appstore भारत के लिए एक अधिक प्रतिस्पर्धी और स्थानीयकृत मोबाइल ऐप स्टोर इकॉनमी बनाने का PhonePe का प्रयास है, जो पहले से ही वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा मोबाइल ऐप डाउनलोड बाजार है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्टार्टअप संस्थापकों और टेक उद्योग के लीडरों ने भाग लिया, जो भारत के फलता-फूलता डिजिटल इकोसिस्टम के लिए इस लॉन्च के महत्व को दर्शाता है।

Indus Appstore भारतीय उपभोक्ताओं को 45 श्रेणियों में 2 लाख से अधिक मोबाइल ऐप और गेम डाउनलोड करने की अनुमति देता है। यूजर इन ऐप्स को 12 भारतीय भाषाओं में आसानी से खोज पाएंगे, जिससे 95 प्रतिशत भारतीयों की भाषा से जुड़ी प्राथमिकता पूरी होंगी। उपभोक्ताओं के लिए नई ऐप खोज को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए ऐप स्टोर एक बिल्कुल नया शार्ट-वीडियो आधारित खोज की सुविधा भी प्रदान करता है। वैश्विक स्तर पर अपना पहला कदम उठाते हुए, Indus Appstore ऐप और गेम डेवलपर्स को इन-ऐप बिलिंग के लिए किसी भी थर्ड पार्टी के पेमेंट गेटवे को चुनने की अनुमति देता है और साथ ही यदि वे बाहरी पेमेंट गेटवे का उपयोग करते हैं, तो उनसे कोई कमीशन भी नहीं लिया जाएगा। बाद में, आगे आने वाले दिनों में Indus अपना ही इन-ऐप बिलिंग और कैटलॉग समाधान भी प्रदान करेगा,




लेकिन ये ऐप डेवलपर्स के लिए पूरी तरह से वैकल्पिक रहेंगे। इसके अलावा, डेवलपर रजिस्ट्रेशन में तेजी लाने के लिए, Indus डेवलपर्स को एक वर्ष के लिए जीरो लिस्टिंग फीस की पेशकश कर रहा है। मोबाइल ऐप स्टोर जगत में अधिक बाजार में फ्री प्रतिस्पर्धा के लिए भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम के हालिया मांग और उत्साह को देखते हुए Indus Appstore के लॉन्च का समय अधिक प्रासंगिक हो गया है। PhonePe के CEO और संस्थापक समीर निगम ने कहा, "Indus Appstore वर्तमान स्थिति को चुनौती देता है, जिससे मोबाइल ऐप बाजार में अधिक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के इस युग की शुरूआत होती है, जिससे बदले में एक अधिक लोकतांत्रिक और जीवंत भारतीय डिजिटल इकोसिस्टम बनाने में मदद मिलेगी। Indus Appstore वास्तव में एक सम्मिलित डिजिटल इकोसिस्टम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है जहां हर भारतीय के लिए सुविधा प्रदान करता है।''

# प्रदेश स्तरीय अल्पसंख्यक सम्मेलन को लेकर इनेलो नेताओं ने लिया रैली स्थल का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**आगामी** 24 फरवरी को अनाज मंडी नूंह में होने जा रही इंडियन नेशनल लोकदल कि अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की राज्य स्तरीय रैली को सफल बनाने के लिए इनेलो नेताओं ने दिन – रात मेहनत शुरू कर दी है। इंडियन नेशनल लोकदल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जाहिद खान यमुनानगर ने गुरुवार को अनाज मंडी नूंह रैली स्थल का जायजा लिया और नेताओं को रैली को सफल बनाने के दिशा निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत के दौरान अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष जाहिद खान ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल लोगों के जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाती है और सरकार के समय में इनेलो ने ही हरियाणा का विकास किया था।

भारतीय जनता पार्टी तथा जननायक जनता पार्टी की गठबंधन की सरकार से लोग पूरी तरह से ऊब चुके हैं। आने वाली 24 फरवरी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की राज्य स्तरीय नूंह में जो रैली होगी भीड़ के लिहाज से वह ऐतिहासिक रैली होगी। उन्होंने नूंह हिंसा के कई मुकदमों में यूएपीए की धारा जोड़ने पर भी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरासर गलत है। ऐसा व्यवहार सरकार को नहीं करना चाहिए। इसके अलावा रैली के आयोजकों में शामिल कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सोहराब खेड़ी कंकर तथा कुछ दिन पहले पार्टी में शामिल हुए तैयब हुसैन घासेडिया इत्यादि नेताओं ने कहा कि आने वाली 24 फरवरी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की रैली में पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला पार्टी के बड़े नेता अभय सिंह चौटाला सहित कई नेता शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि अपार भीड़ इस रैली में उमड़ने जा रही है। इसके लिए उन्होंने गांव – गांव जाकर लोगों को निमंत्रण दिया है और लोगों में भी इस रैली को लेकर पूरा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने हिंसा के मामलों में यूएपीए की धारा जोड़ने का भी जमकर विरोध किया। इनेलो नेताओं का कहना है कि नूंह में जिस तरह हिंसा हुई थी। उसी तरह गुरुग्राम, पलवल, होडल इत्यादि शहरों व स्थान पर भी हिंसा हुई थी। उसमें लोगों की जान भी गई थी, लेकिन अकेले नूंह जिले के कुछ मुकदमों में यूएपीए की धारा जोड़ना गलत है। सरकार को इस तरह के कदम नहीं उठाने चाहिए। इस तरह की धाराओं को जोड़ने का इंडियन नेशनल लोकदल जमकर विरोध करती है। जिन मुकदमों में लोग जमानत करा चुके हैं और 6 महीने से अधिक समय बीत चुका है। उनमें यूएपीए की धारा जोड़ना कानून का उलंघन है। इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी इस तरह की बातों का जमकर विरोध करेगी। कुल मिलाकर इंडियन नेशनल लोकदल की दो दिन बाद होने जा रही अनाज मंडी नूंह की रैली में नूंह हिंसा में नई धारा इजाद करने का मामला पूरी मजबूती के साथ उठता हुआ दिखाई दे रहा है।

कांग्रेस इसको लेकर पहले ही निशाना साध रही है। अगले महीने 9 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बड़कली चौक पर एक विशाल रैली को संबोधित करने आ रहे हैं। ऐसे में विपक्ष के द्वारा नूंह हिंसा के मामलों में यूएपीए की धारा जोड़ने का मुद्दा अब पूरी तरह से गर्म होता दिखाई दे रहा है।

# विधायक मामन खान के खिलाफ यूएपीए धारा जोड़ने का विरोध

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**नूंह** हिंसा के कई मुकदमों में फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर सहित अन्य आरोपियों पर हरियाणा पुलिस द्वारा हाल ही में यूएपीए की धारा जोड़ने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस गंभीर धारा के ईजाद होने के बाद क्षेत्र की राजनीति पूरी तरह से गर्म हो चुकी है। सड़क से लेकर विधानसभा तक यूएपीए धारा जोड़ने का जमकर विरोध हो रहा है। इस मामले को लेकर कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर के वकील ताहिर हुसैन देवला से खास बातचीत की गई।

वरिष्ठ अधिवक्ता ताहिर हुसैन देवला ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बहुत साफ तरीके से बता दूं की यूएपीए का मतलब ऐसी गतिविधि में शामिल होना जो गैरकानूनी है। उसको रोकने के लिए यह एक्ट बनाया गया है। ताहिर हुसैन देवला वकील ने कहा कि वह गतिविधियां या तो कोई एशोसिएशन या कोई संगठन जो गैरकानूनी काम में शामिल हो। देश के खिलाफ गतिविधियां चलाता हो, ऐसा संगठन



ताहिर हुसैन देवला वरिष्ठ अधिवक्ता।

सरकार की नजर में आ जाए तो उस ऑर्गेनाइजेशन से जुड़े लोगों पर की धारा लगाएगी और उसको पहले बैन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ना तो विधायक मामन खान इंजीनियर के खिलाफ ना तो कोई संगठन का सदस्य होने का सबूत है और ना ही किसी संगठन को फंडिंग करता है। कांग्रेस विधायक मामन खान के खिलाफ कोई सबूत अभी तक पुलिस पेश नहीं कर पाई है कि मामन खान इंजीनियर किसी संगठन का सदस्य था जो गैर कानूनी काम में शामिल हो। चालान जो पेश किया है, उसमें भी कोई सबूत ठोस नहीं मिला है। अब पुलिस ने कहा है कि मामन खान इंजीनियर ने व्हाट्सएप पर एक ग्रुप बना रखा था। पुलिस को यह सूचना मिली की 500 – 500 रुपए इकट्ठा करके यात्रा पर अटैक करना है। वह कोई संगठन नहीं है। मामन खान इंजीनियर को हैरेशमेंट करना और चुनाव से रोकना यही मकसद है। एक जाति विशेष को दबाना और दूसरी को खुश करना यही सरकार का मकसद दिखाई देता है। पुलिस और सरकार की जो कार्रवाई है, यह अदालत में किसी भी सूरत में नहीं टिक पाएगी।


वकील ने कहा की गत 31 जुलाई को नूंह हिंसा शोभा यात्रा के दौरान जो हुई थी, उसमें पुलिस ने कई एफआईआर की थी। जिसमें एफआईआर नंबर 401 सदर थाना नूंह बजरंग दल के कार्यकर्ता की मंदिर में मौत हुई थी। एफआईआर 257 में साइबर पुलिस थाने पर हमला हुआ था, जिसमें होमगार्ड के जवानों की जान गई थी। एफआईआर नंबर 253 में भी यूएपीए की धारा लगाई गई थी। ताहिर हुसैन देवला अधिवक्ता ने कहा कि पुलिस ने 6 महीने के बाद यूएपीए की धारा इजाद की है। मामन खान के खिलाफ नगीना थाना में 149 नंबर एफआईआर है। उसमें यूएपीए की धारा जोड़ी गई है।

# नागरिक अस्पताल में सीवर और पानी कनेक्शन जोड़ना शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नागरिक** अस्पताल में दो साल से ठप पड़ा सीवर व पेयजल आपूर्ति कनेक्शन करने का कार्य जोड़ने की कवायद शुरू हो गई है। नागरिक अस्पताल में आने वाले रोगियों को नहीं मिल रही पेयजल और शौचालय की सुविधा। दैनिक पायनियर अखबार ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल के भवन परिसर में पिछले दो साल से अधर में लटका सीवर व पेयजल आपूर्ति का कनेक्शन अधूरा होने की समस्या को प्रकाशित किया था। पायनियर अखबार समाचार पत्र छपी खबर का असर 24 घंटा में ही देखने को मिला। बुधवार से ही लोक निर्माण विभाग ने नागरिक अस्पताल में सीवर व पेयजल आपूर्ति का कनेक्शन जोड़ने की कवायद शुरु कर दी। जिससे स्थानीय अस्पताल प्रशासन ने दैनिक हिन्दुस्तान समाचार पत्र में छपी खबर का आभार प्रकट किया है।

**थक चुका अस्पताल प्रशासन :** नागरिक अस्पताल परिसर में पेयजल और सीवर कनेक्शन लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जाने की कई दौर की हुई पत्राचार से समस्या समाधान नहीं हो सका। अस्तपाल प्रशासन ने इस समस्या को एसडीएम के दरबार में भी रखा था। इसके बावजूद सीवर कनेक्शन और पेयजल आपूर्ति न होने से रोगियों से लेकर स्थानीय स्टाफ को भी परेशानियां हो रही थी।



सोहना के नागरिक अस्पताल परिसर में सीवर व पानी कनेक्शन के लिए खुदाई करता मजदूर।

> **लोक** निर्माण विभाग ने सीवर व पेयजल आपूर्ति का कनेक्शन करने की कवायद शुरु कर दी है। जिससे यहा रहने वाले स्वास्थ्य विभाग कर्मियों से लेकर रोगियों को होने वाली असुविधास से छुटकारा मिल जाएगा।
>
> ( इन्द्रजीत सिंह-एसएमओ नागरिक अस्पताल )

**बाजार से खरीदा जा रहा था पानी :** नागरिक अस्पताल में पेयजल आपूर्ति ठप होने से वार्ड या आपातकाल वार्ड दाखिल रोगी को जरुरत पड़ने पर बाजार से बोतल खरीदकर गले की प्यास को शांत किया जाता रहा है। रात के समय में भी रोगी के साथ वालों को पानी के लिए दर-दर की ठोकरे खानी पड़ती थी।

# सड़क पार कर रही छात्रा ट्राला के कुचले जाने से घायल

**सोहना।** स्थानीय अंबेडकर बाईपास चौक सड़क पार कर ही कक्षा 12वीं की छात्रा को ट्राली के कुचले जाने से घायल हो गई। गंभीर रुप से घायल हुई छात्रा को सोहना के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से रेफर होने के बाद छात्रा को गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया है। जहां पर भी छात्रा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

गुरुवार की दोपहर शहर के वार्ड-8 की नहर कॉलोनी में रहने वाली 17 वर्षीय सरसवती अंबेडकर चौक के पास सड़क पार कर रही थी। तभी बाईपास चौक की तरफ से तेज गति से आया ट्राला ने सरवती को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सरसवती सड़क पर गिरने के बाद ट्राला के अगले टायर नीचे आ गई। जिससे उसके शरीर का कुछ हिस्सा कुचल गया। हादसा को देखने वालां ने जोर से शोर मचाया। शोर को सूना ट्राला को चालक ने रोका और उसके नीचे खून से लथपथ छात्रा को बाहर निकाला। जिसे पास के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरां ने सरसवती को हालत अधिक गंभीर होने के कारण गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया।

गुरुग्राम ले जाते समय परिजनां ने सरसवती को जल्द से जल्द उपचार दिलाने के इरादे से बादशाहपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। लेकिन यहा भी डॉक्टरां ने सरसवती को दाखिल करने से इंकार कर दिया। जिससे परिजनां ने गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से दोपहर तीन बजे के बाद हालत में सुधार न होने पर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल छात्रा शहर के ही राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की कक्षा 12वीं में पढ़ना बताया जा रहा है।

**ट्राला व चालक हिरासत में :** घटना स्थल पर जुटी लोगां की भीड़ ने चालक को मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने चालक व उसका ट्राला को कब्जे में ले लिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# दुकानदारों की शिकायत के बाद गंदे पानी की निकासी में जुटा नप प्रशासन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** शहीद भगत सिंह फव्वारा चैक पर जमा गंदे पानी की समस्या को लेकर दुकानदारों ने नगर परिषद अधिकारी को पत्र लिखते हुए समाधान करने की मांग की है। दुकानदारों ने नप अधिकारियों को बताया कि उनका कारोबार ठप होता जा रहा है। शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से पुरानी सब्जी मंडी जाने वाले मार्ग पर जमा होने वाले गंदा पानी से परेशानी को झलते हुए स्थानीय दुकानदारों को मंगलवार को सब्र का बांध टूट गया।

दुकानदारों ने एकजुट होकर नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी को सामुहिक रुप से पत्र लिखते हुए जमा होने वाले गंदे पानी का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की। समस्या का समाधान न होने पर दुकानदारों को हर दिन हजारों रुपये का नुकसान हो रहा है। इस मार्ग पर बैठें दुकानदारें का कारोबार ठप होने कगार पर है।



**पैदल चलने वालों को परेशानी :** आम रास्ते में गंदा पानी जमा होने से स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर आम लोगों को पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। लोगों को गंदे पानी में से ही निकला पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी काफी परेशानी होती रही है।

**नाला मिला बंद :** शहीद भगत सिंह फव्वारा चैक से नागरिक अस्पताल जाने वाले मार्ग पर गंदे पानी के नाला जांच के दौरान बंद मिला। जिसमें पत्थर व लकड़ियों पड़े होने से पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो रही थी।

दुकानदारों ने उक्त समस्या को जल्द से जल्द समाधान करते हुए नाले के बंद पानी को खोलने की मांग भी की थी। गंदे पानी का नाला जिस स्थान पर बंद है। उसे तोड़कर खोलने की कवायद शुरू कर दी है। दुकानदार और आम लोगों को गंदे पानी में से निकलना नहीं होगा।

# ढाई वर्षीय मासूम की गर्म पानी से झुलस जाने से मौत

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**पांच** दिन पहले गर्म पानी से भरी बाल्टी में गिरने से झुलसा ढाई वर्ष मासूम बच्चा की उपचार के दौरान दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक बच्चा के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनां का सौंप दिया। शहर के वार्ड-3 की दमदमा ढाणी निवासी ढाई वर्षीय मासूम ग्रीस 15 फरवरी को बाथरुम में रखी गर्म पानी से भरी बाल्टी में गिरने से बुरी तरफ से झूलस गया था। जिससे गंभीर हालत में सोहना के निजी बच्चां के अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरां ने ढाई वर्षीय ग्रीस को हालत गंभीर होने के कारण रेफर कर दिया था। जिसे परिजनां ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दाखिल कराया।

ग्रीस पांच दिन तक उपचार के दौरान मौत से जिन्दगी की लड़ाई लड़ते हुए बुधवार को हार गया और उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में पहुंची शहर थाना से पुलिस ने मृतक मासूम के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनां को सौंप दिया।

# लेवल टू की परीक्षा 29 फरवरी को होगी

**मेवात।** जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने जानकारी सांझा करते हुए बताया की आज मिशन बुनियाद लेवल वन का परिणाम जारी किया गया है जिसमे से नूंह जिले से लेवल टू के लिए 772 बच्चों ने परीक्षा को उत्तीर्ण किया।

उन्होंने बताया की हरियाणा सरकार और विकल्प फाउंडेशन द्वारा चलाया जा रहे मिशन बुनियाद कार्यक्रम जिसकी शुरुआत वर्ष 2022 की गई थी। पूरे हरियाणा में शिक्षा विभाग द्वारा 103 केंद्रों का गठन किया गया जिसमे कुल 206 कक्षारूम बनाएं गए हैं।

# लोकतंत्र की मजबूती में वोट का बड़ा महत्व है : प्रदीप सिंह मलिक

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

## अतिरिक्त उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस में स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित मतदाता जागरुकता प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**अतिरिक्त** उपायुक्त एवं स्वीप गतिविधि के नोडल अधिकारी प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि देश के जागरूक मतदाता के रूप में हमें लोकतंत्र की मजबूती के महत्व समझना है। वोट एक महत्वपूर्ण अधिकार है जिसका चुनाव के समय उपयोग जरूर करना चाहिए। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के नेतृत्व का चयन करते हैं, इसलिए देश के लिए अच्छे नेतृत्व के चयन हेतु सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए।

प्रदीप सिंह मलिक वीरवार को लघु सचिवालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस में स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित मतदाता जागरुकता प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की दिशा को सांझा करने का अधिकार वोट के माध्यम से हमारे पास है। मताधिकार को अपना कर्तव्य समझते हुए इसे ध्यान से अभिव्यक्त किया जाना चाहिए तथा वोट का प्रयोग कर लोकतंत्र की मजबूत बुनियाद तैयार करनी चाहिए।

उन्होंने मतदाता जागरुकता प्रदर्शनी में मतदाताओं को जागरूक करने संबंधी हैंडीक्राफ्ट विभाग से आए फोटो, चित्र, स्टैचू आदि का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य आयोजित की गई है। इससे युवाओं को मतदान करने की प्रेरणा मिलेगी। उनके साथ एफएलएन कॉ-आर्डिनेटर कुसुम मलिक, नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन



जागरुकता रैली को एफएलएन कॉआर्डिनेटर कुसुम मलिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना करती हुई।

## गांव फिरोजपुर नमक के बाद लघु सचिवालय तक मतदाताओं को विद्यार्थियों ने जागरूक किया

**मेवात।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा के निर्देशानुसार वीरवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जेबीटी कालेज फिरोजपुर नमक में विद्यार्थियों की ओर से मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस जागरुकता रैली को एफएलएन कॉआर्डिनेटर कुसुम मलिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ गेटी के प्रिंसीपल संजय कुमार भी उपस्थित थे।

कुसुम मलिक ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं में जागरुकता लाने के लिए इस रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली गांव फिरोजपुर नमक में घूमते हुए लघु सचिवालय तक पहुंची। इस रैली के दौरान विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नारे लगाए। सभी विद्यार्थी हाथों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्लोगन की पट्टी ले रखी थी।

उन्होंने ग्रामीणों को वोट का महत्व, मतदान की प्रक्रिया, लोकतंत्र की मजबूती में मतदान की भूमिका तथा चुनाव में अधिकाधिक संख्या में मतदान करने के लिए जागरूक किया।

# दो बच्चों की 28 वर्षीय मां की फांसी के फंदे पर झूलने से संदिग्ध हालत में हुई मौत

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के वार्ड 6 में निवासी 28 वर्षीय दो बच्चां की मां की संदिग्ध हालत में दुपट्टा से गले में फांसी लगा फंदा से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। मृतक के पिता ने महिला के पति, ससुर और देवर पर पैतृक जमीन का विवाद न सुलझा पाने के कारण हत्या करने करने का आरोप लगाया है।

शहर के वार्ड-6 की हरीनगर कॉलोनी में रहने वाली 28 वर्षीय प्रीति ने बुधवार को मकान के अंदर लगा बिजली के पंखा पर दुपट्टा बांध अपने गले में फांसी का फंदा लगा जमीन लीला समाप्त कर ली। जिसे कामकाज से घर लौटा प्रीति के पति विक्रम ने शव को फांसी के फंदे पर लटका देख उसके पैरो के नीचे से जमीन निकल गई। जिसकी सूचना



विवाहिता के मायके वालां को दी। उत्तर प्रदेश से आए प्रीति के पिता-माता समेत अन्य परिजनां की मौजूदगी में पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारने के बाद पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया।

## पिता ने लगाया हत्या करने का आरोप

**मृतक** विवाहिता के पिता विजय सिंह ने बताया कि प्रीति व उसका पति विक्रम करीब 7 साल से सोहना में अपना मकान बनाकर रह रहे है। विक्रम मूलरुप से उत्तर प्रदेश का जिला आगरा निवासी है। जहा पर उनकी पैतृक जमीन है। विक्रम का पिता शेरसिंह व देवर जयसिंह प्रीति तथा उसके पति पर अपने हिस्सा की जमीन को छोड़ देने का दबाव बना रहे थे।

प्रीति का ससुर विक्रम के हिस्सा की जमीन को अपने भाई को देने का दबाव बना रहे थे। जिसको लेकर प्रीति व विक्रम के बीच आपस में झगड़ा रहता था। विवाहिता के पिता विजय सिंह ने बताया कि विक्रम घर से लापता है। विक्रम ने ही प्रीति की हत्या की है। इसलिए वह यहा से फरार हो गया है। पुलिस को अभी तक किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है। विवाहिता के परिजनों की शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वैसे पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है।

# सभी गांवों में 23 से 26 फरवरी तक कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे : उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

## पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम सूर्या योजना का भी दिया जाएगा लाभ

**उपायुक्त** धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि सरकार ने लोगों को 5 लाख रुपए तक के नि:शुल्क इलाज की सुविधा के उद्देश्य से आयुष्मान-चिरायु योजना शुरू की हुई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाना जरूरी है। जिला में इस समय इस योजना के करीब 7 लाख लाभपात्र हैं, जिनमें से अभी तक करीब 2.40 लाख लाभपात्रों ने अपने आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाए हैं।

जिला प्रशासन की ओर से आगामी 23 फरवरी से 26 फरवरी तक जिला नूंह के प्रत्येक गांवों के सीएससी सेंटर, ग्राम सचिवालय या सरपंच के घर पर कैंप लगाकर बचे हुए सभी लाभपात्रों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे, इसलिए शेष बचे सभी लाभपात्र इन कैंप में पहुंचे और अपना कार्ड जरूर बनवाएं। उपायुक्त ने कहा कि आयुष्मान कार्ड किसी भी सीएससी सेंटर से या स्वयं पंजीकृत मोबाइल नंबर से ओपीटी के माध्यम से ई-केवाईसी करते हुए बनवा सकते हैं। इस योजना का कार्ड बनने के बाद लाभपात्र परिवार सरकार के पैनल पर शामिल अस्पताल में प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक का फ्री इलाज करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि 23 से 26 फरवरी तक आयोजित कैंप में पीएम किसान सम्मान निधि, जिसमें किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की राशि मिलती है, का भी ई-केवाईसी किया जाएगा। इसी प्रकार पीएम विश्वकर्मा योजना, जिसमें कामकाज करने वाले लोगों को 2 लाख से 3 लाख रुपये तक के ऋण मात्र 3 प्रतिशत ब्याज पर दिया जाता है तथा इसके अलावा पीएम सूर्या योजना, जिसमें 3 किलो वाट क्षमता के सोलर रूफ टॉप पर 30 हजार से 78000 रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान है, का लाभ दिया जाएगा।

पायनियर क्लासीफाइड

नाम परिवर्तन

I, CHAKSHU S/O ARJUN DAS R/O 70 Kirawar, (38) Bhiwani, Haryana-127035, have changed my name to CHIRAG KUMAR.

I, Angel Bisla D/o Surender Bisla R/O H.No 55A, 100 Feet Road, Chawla Colony, Ballabgarh, Faridabad, I hereby declare that in my Education records my father's name is mentioned Surender Pal Singh Bisla but correct name is Surender Bisla.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# किसान आंदोलन

## विरोध जारी

**प्रदर्शनकारी किसानों** ने एमएसपी पर सरकार का प्रस्ताव अस्वीकार कर 'दिल्ली चलो' मार्च जारी रखने का निर्णय किया है। सरकार से वार्ता सफल न होने के कारण उन्होंने विरोध प्रदर्शन फिर शुरू करने का फैसला किया है। सरकार और किसानों के बीच जारी गतिरोध कई दौर की वार्ता के बावजूद बना हुआ है जिसके जल्दी समाधान की उम्मीद कम है। किसानों की मांग में सर्वाधिक प्रमुख सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की कानूनी गारंटी है जिसमें 23 प्रमुख फसलों की खुली खरीद शामिल है। इसके साथ ही आंदोलनकारी किसानों और खेतिहर मजदूरों का सारा कर्ज माफ करने की मांग कर रहे हैं। उनकी मांगों में डा. एम.एस. स्वामिनाथन आयोग रिपोर्ट की संस्तुतियों के आधार पर फसलों का मूल्य निर्धारण शामिल है। किसान प्रदर्शनकारी किसानों तथा खेतों पर काम करने वालों के लिए पेंशन सुविधा तथा बिजली दरों में वृद्धि वापस लेने की मांग भी कर रहे हैं। वे भूमि अधिग्रहण कानून, 2013 का राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराना चाहते हैं। उनकी मांगों का विस्तार अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र तक है जिसमें भारत को विश्व व्यापार संगठन-डब्ल्यूटीओ से बाहर निकालना तथा सभी मुक्त व्यापार समझौतों-एफटीए को स्थगित करना शामिल है। किसानों की मांगें अनेक कृषि अर्थशास्त्रियों व नीति विश्लेषकों के दृष्टिकोण से अतार्किक हैं।

किसानों ने सरकार द्वारा दालों, तिलहनी फसलों व कपास पर पांच साल के लिए एमएसपी लागू करने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है और उन्होंने 'दिल्ली चलो' मार्च फिर शुरू करने की बात कही है। सरकार ने वार्ता के दौरान किसानों को यह प्रस्ताव दिया था, पर वे इससे संतुष्ट नहीं है। हालांकि, सरकार द्वारा प्रस्तुत एमएसपी प्रस्ताव को एक सद्भावना संदेश के रूप में देखा जा रहा था, पर किसान इसे नाकाफी मानते हुए पूर्ण कानूनी गारंटी चाहते थे। सरकार ने एमएसपी जारी रखने का आश्वासन दिया है, पर किसानों को संदेह है कि विधिक गारंटी और नियमों के अभाव में एमएसपी व्यवस्था अंततः समाप्त कर दी जाएगी। किसानों का यह संदेह निराधार है क्योंकि पिछले दस साल में न केवल सरकार ने विभिन्न फसलों का एमएसपी बढ़ाया है, बल्कि इसके दायरे में अन्य फसलें भी लाई गई हैं। डब्लूटीओ से भारत को बाहर निकालने या एफटीए को स्थगित करने जैसी मांगें न केवल अतार्किक हैं, बल्कि ये विनाशकारी सिद्ध हो सकती हैं। दुनिया की बदलती परिस्थितियों में भारत अपनी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद कृषि उत्पादों के बड़े निर्यातक के रूप में भी उभर रहा है। ऐसे में किसानों की ये मांगें अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने के समान हैं। यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि भारत में आज 80 प्रतिशत किसानों के पास दो हेक्टर से कम जमीन है और सरकार उनके कल्याण को केन्द्र में रखती है। 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' से इन किसानों को व्यापक लाभ हुआ है। यदि एमएसपी की कानूनी गारंटी दे दी जाए तो निजी क्षेत्र कृषि उत्पादों की खरीद, विपणन व प्रसंस्करण से बाहर हो जाएगा। इसका नुकसान अंततः न केवल किसानों, बल्कि उपभोक्ताओं को भी होगा। 'दिल्ली चलो' का आह्वान करने वाले किसान पूरे देश के किसानों, खासकर छोटे व सीमान्त किसानों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। आरोप है कि वे अमीर किसानों, बिचौलियों व आढ़तियों के मुहरे हैं। इसलिए सरकार को किसान आंदोलन के नाम पर सक्रिय 'निहित स्वार्थी' व 'राष्ट्र विरोधी' तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।



# यूक्रेन में देश विभाजन का खतरा

**यूक्रेन जैसे टकरावों में पश्चिमी हस्तक्षेप से देश विभाजन का खतरा पैदा हो सकता है। ऐसे संकट में जमीनी यथार्थ की अनदेखी और संवेदनहीनता गंभीर हो सकती है।**



**नीलांत इलांगमुवा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन ने पश्चिमी दृष्टिकोण के विरोधाभासों का उल्लेख किया है। यूक्रेन के मामले में पश्चिमी दृष्टिकोण से 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' तथा अन्य मूल्यों का खोखलापन सामने आया है। दुबई में विश्व सरकार सम्मेलन में पुतिन के साथ साक्षात्कार के बाद कार्लसन ने एक विश्लेषण के माध्यम से पश्चिमी महाशक्तियों के दृष्टिकोण पर सवाल उठाए हैं। विडंबना है कि अमेरिकी राजनीतिक क्षेत्रों में व्याप्त भावनायें यूरोप में उनके सर्वाधिक विश्वस्त मित्रों द्वारा अभिव्यक्त की जा रही हैं जो अनेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद विश्व मंच पर अपनी पैरवी में लगे रहते हैं। साक्षात्कार की विवादास्पद प्रकृति के बावजूद इसमें यूक्रेन पर रूसी दृष्टिकोण से टकराव के बारे में आधिकारिक विचार रखे गए हैं। पुतिन ने अपने देश में यूक्रेन संबंधी विचारों को स्वीकार्यता दिलाने में सफलता प्राप्त की है। हालांकि, पुतिन के कुछ दावों पर सवाल उठ सकते हैं, पर उन्होंने अमेरिकन जनता के समक्ष अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने स्वयं को रूसी देशभक्त के रूप में प्रस्तुत करते हुए राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। भू-राजनीतिक भविष्यवक्ता जार्ज फ्रीडमैन के अनुसार पुतिन के दृष्टिकोण का एक रणनीतिक उद्देश्य है जिससे वे अपने देश तथा दुनिया की जनता को प्रभावित करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी रणनीति तथा खासकर संप्रेषण नीति संपूर्ण सत्य के बजाय अपना दृष्टिकोण प्रमुखता से उजागर करने पर केन्द्रित रखी है। इससे वे दुनिया की अन्य सरकारों पर दबाव डालने का प्रयास करते हैं।

जहां तक यूक्रेन में रूस की सैनिक कार्रवाई का सवाल है, यह धीरे-धीरे स्पष्ट होता जा रहा है कि किसी स्वीकार्य मध्यस्थ के अभाव में केवल गुटों को एकजुट करने का कोई नतीजा निकलना जरूरी नहीं है। विडंबना है कि पश्चिमी देश अभी टकराव के अंतर्निहित कारण समझने में विफल रहे हैं और इसके बजाय वे अपना संकुचित राजनीतिक एजेंडा आगे बढ़ा रहे हैं। पुतिन के खिलाफ प्रतिबंधों को प्रमुख औजार बनाने की रणनीति एक संकुचित दृष्टिकोण है जो किसी सार्थक हस्तक्षेप रणनीति से वंचित है। क्या हम कोई ऐसा उदाहरण पेश कर सकते हैं जहां प्रतिबंध सरकारात्मक परिवर्तन का कारण बने हों? इसके उलट प्रतिबंध निरपराध जनता पर भारी अत्याचारों का कारण बनते हैं, वे सामाजिक-आर्थिक समस्याओं को संबोधित नहीं करते हैं तथा मानव पीड़ा घटाने के बजाय उसे बढ़ाने का ही काम करते हैं। हालिया इतिहास में हमें अनेक साम्राज्यों के उत्थान और पतन तथा सीमायें बदलने और नए देश बनने के मामले दिखाई देते हैं।

इस परिदृश्य में यूक्रेन एक त्रासदी में फंस गया है जहां संप्रभुता को खतरा पैदा हो गया है तथा विभाजनों की आशंका बढ़ती जा रही है। व्लादीमिर पुतिन ने दो साल पहले यूक्रेन में 'विशेष सैनिक कार्रवाई' का आदेश दिया था जिसका उद्देश्य उस देश का 'वि-सैन्यीकरण व वि-नाजीकरण' था। लेकिन आज इस एक समय संप्रभु रहे देश के विभाजन का खतरा मंडरा रहा है। यूक्रेन का लगभग पांचवां हिस्सा रूसी कब्जे में है और रूस-समर्थक क्षेत्र केन्द्र सरकार से अलग होने की मांग कर रहे हैं। इस प्रकार पहले शुरू की गई सैनिक कार्रवाई आज आंतरिक मतभेदों की भूलभुलैया में फंस गई है। यूक्रेन में जनरल वलेरी जालुझनेई के अपदस्थ करने से देश का संकट और बढ़ा है।

संभवतः अंतरराष्ट्रीय पाठकों के लिए निर्देशित जालुझनेई ने एक लेख में यूक्रेन के भविष्य निर्धारण में अपनी भूमिका रेखांकित की थी। लेकिन राष्ट्रपति जेलेन्स्की द्वारा उनको पद से हटाए जाने के बाद अब इसका कोई अर्थ नहीं रह गया है। कोई सैनिक पृष्ठभूमि न होने के बावजूद अब जेलेन्स्की पर सैनिक कमांड का भारी बोझ आ गया है। जनरल जालुझनेई को हटाना देश में व्याप्त राजनीतिक उथलपुथल का प्रतीक है जो लगातार घटते संसाधनों तथा बढ़ते निजी हितों का शिकार हो गया है। आज यूक्रेन के समक्ष सबसे बड़ा सवाल यही है कि जेलेन्स्की कितने समय तक अपने पक्ष में प्रशासनिक और सैनिक गतिविधियों के बीच संतुलन बनाए रखने में सफल होंगे और उनके बाद इस देश का क्या होगा? इस बीच मोर्चों पर रूस लगातार आगे बढ़ रहा है और यूक्रेनी रक्षा पंक्तियों पर दबाव बहुत बढ़ गया है। अत्यधिक विपरीत परिस्थितियों का सामना कर रहे यूक्रेनी सैनिक निराशा से ग्रस्त हैं और अपने मजबूत ठिकानों को छोड़ने के पहले वहां सुरंगों का जाल बिछा रहे हैं। यूक्रेन का संकट हालिया दशकों में ऐसे टकरावों का उदाहरण है जहां पश्चिम ने स्वयं को फंसा लिया है जिसके भयानक परिणाम वहां की वर्तमान जनसंख्या पर पड़े हैं और भावी पीढ़ियां भी उनसे प्रभावित हो सकती हैं।

काफी लंबे समय से अनेक महाद्वीपों में अफ्रीका के रेगिस्तानों से लेकर बाल्कन तक हुए अनेक टकराव हमें युद्धों के मानवजाति पर पड़े विनाशकारी परिणामों की याद दिलाते हैं। सूडान में 2011 में आत्मनिर्णय को विजय की तरह देखा गया। लेकिन इस स्वतंत्रता के बावजूद दक्षिणी सूडान आंतरिक टकरावों और मानवीय संकट में फंसा हुआ है, जबकि बाकी सूडान भी आंतरिक चुनौतियों का शिकार है। दूसरे सूडान गृहयुद्ध में लाखों लोग मारे गए थे जिससे स्पष्ट होता है कि युद्धों का मानवजाति पर कितना गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसी प्रकार 1990 के दशक में यूगोस्लाविया के विघटन ने भयानक हिंसा और उथलपुथल को जन्म दिया था जिससे वहां रहने वाले समुदायों का जीवन अस्तव्यस्त हो गया था। बोस्निया, क्रोएशिया और कोसोवो के युद्धों के बीच स्लोवानिया के अल्पसंख्यकों की रक्तरंजित पीड़ा को सही स्थान नहीं मिला है। पश्चिमी शक्तियों ने यहां सहायता और मध्यस्थता के प्रस्ताव पर हस्तक्षेप किया, पर वे अपने पीछे लोगों के टूटे सपने तथा विभाजित पहचानें छोड़ गई।

1947 में ब्रिटिश भारत का विभाजन मानवीय त्रासदी व भौगोलिक उथलपुथल का एक उदाहरण है। जहां भारत और पाकिस्तान बनने पर भयानक हिंसा तथा विस्थापन पर ध्यान दिया गया, वहीं बंगाल और पंजाब में रहने वाले समुदायों की पीड़ा पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया। पश्चिमी औपनिवेशिक शक्तियों व खासकर ब्रिटेन के कारण हुए इस विभाजन के पीछे औपनिवेशिक नीतियों और निर्णय थे जिन्होंने भयानक सांप्रदायिक दंगों को जन्म दिया जिनमें हजारों-लाखों नागरिक मारे गए। इसी प्रकार कोरिया युद्ध के बाद उत्तर और दक्षिण कोरिया का अलगाव शीतयुद्ध में पश्चिमी हस्तक्षेप का नतीजा था। हालांकि, युद्ध का दस्तावेजीकरण हुआ, पर उन कोरियाई परिवारों की पीड़ा अनदेखी रह गई जो उत्तर और दक्षिण में विभाजित हो गए थे। इस विभाजन के लिए मुख्यतः अमेरिका जिम्मेदार था जो अपनी शीतयुद्ध विचारधारा के लिए दक्षिण कोरिया का समर्थन प्राप्त कर रहा था। इन उदाहरणों से भू-राजनीति तथा औपनिवेशिक विरासत के अंतर्संबंध उजागर होते हैं, लेकिन अक्सर उनको अनदेखा किया जाता है। इसके साथ ही विभिन्न देशों की आंतरिक परिस्थितियों को अनदेखा किया जाता है जो उनका भविष्य निर्धारित करती हैं। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि अक्सर पश्चिमी हस्तक्षेप उनके अपने स्वार्थी एजेंडे के अंतर्गत होता है जिसमें जमीनी यथार्थ पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

युद्ध शुरू होने के दो साल बाद यूक्रेन के विभाजन का खतरा और गंभीर हो गया है जिससे यह पूरा देश भयानक गृहयुद्ध में फंस सकता है। इतिहास के दाग बाहरी हस्तक्षेप से और गंभीर हुए हैं जिससे आंतरिक मतभेद तीखे हुए हैं तथा यूक्रेन विखंडन के कगार पर पहुंच गया है। समय की आवश्यकता है कि तत्काल युद्धविराम का रास्ता खोजा जाए तथा ऐसा सार्थक शांति संवाद शुरू किया जाए जिससे मानवजीवन को संकट से बचाया जा सके तथा यूक्रेन का भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। कुछ समूह यूक्रेन के प्रति सद्भावना प्रकट करते हैं, पर वे अपने हितों को यूक्रेनी जनता के हितों से ऊपर रखते हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संकुचित राजनीति से ऊपर उठ कर यूक्रेन में शांति और स्थिरता लाने के प्रयास करने चाहिए। उचित कार्रवाई को शब्दजाल से अलग रखने के लिए जरूरी है कि यूक्रेन की जनता की एकजुटता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। लेकिन वर्तमान दुनिया में यह काम बहुत कठिन है।

# दुनिया में सत्य की खोज

> सत्य की खोज के लिए भौतिक चेतना से मुक्ति प्राप्त कर अपनी पहचान आत्मा के रूप में करनी चाहिए।

**ब्रह्म कुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)



हम सभी जानते हैं कि बेईमानी भी जीवन का हिस्सा है। बहुत से लोग झूठ बोलते हैं, धोखा देते हैं। वे यह काम न केवल अपना लाभ बढ़ाने, बल्कि अनेक अन्य कारणों से भी करते हैं जिनका संबंध हमारी अपनी खास सामाजिक और नैतिक परिस्थितियों से होता है, बल्कि ये तत्कालीन कार्यों पर भी आधारित होते हैं। आमतौर से 'झूठ' का अर्थ किसी व्यक्ति द्वारा किया गलत कथन होता है, बशर्ते कि वह इसे सत्य न मानता हो। इस परिभाषा से झूठ की परिवर्तनशील प्रकृति स्पष्ट होती है। इसका अर्थ केवल किसी व्यक्ति द्वारा झूठ बोलना ही नहीं, बल्कि यह अच्छी तरह जानना भी है कि उसका कथन झूठ है। अपने चारों ओर देखने से स्पष्ट होता है कि हम ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां झूठ बोलने की स्थितियां बहुत परिपक्व होती हैं और 'सत्य' का विचार अनेक समस्याओं से घिरा होता है। इसका एक कारण यह भी है कि मूल्यों की सीढ़ी पर ऊपर चढ़ने के बजाय नीचे उतरना ज्यादा सरल होता है। झूठ के फलने-फूलने के अनेक प्रकार होते हैं। इनमें हर क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार का प्रमुख स्थान है। भ्रष्टाचार की विभीषिका से निपटने के लिए सरकारें अनेक स्तरों पर भ्रष्टाचार-विरोधी व्यवस्था बनाती हैं तथा उसे लगातार सटीक भी बनाती रहती हैं। लेकिन इसके बावजूद आमतौर से भ्रष्टाचार किसी श्रृंखलाबद्ध प्रक्रिया के रूप में बढ़ता रहता है।

समाज-विरोधी तत्व भ्रष्टाचार फैलाने के नए-नए तरीके खोजते रहते हैं। इसी तरह न्यायोचित समाज बनाने के लिए दुनिया भर की संसद नए कानून भी बनाती रहती हैं तथा न्यायपालिका भ्रष्टाचार पर निगरानी रख कर नए व उल्लेखनीय फैसले भी करती रहती हैं। लेकिन बदलते समय के साथ अपराध और विवाद के नए-नए व विशिष्ट मामले भी सामने आते रहते हैं। ऐसे मामलों में न्याय के तत्कालीन मानक कभी-कभी विफल हो जाते हैं और इस कारण भ्रष्टाचार का दुष्चक्र फलता फूलता रहता है। समता और समानता सुनिश्चित करने के लिए सरकारें आमतौर से महिलाओं, अनुसूचित जातियों, पिछड़ी जातियों व अन्य के लिए विशेषाधिकार देती हैं। यह सूची कभी समाप्त नहीं होती है क्योंकि अतीत में भेदभाव के कारण अनेक समूह बेहतर सामाजिक दर्जे की मांग करते हैं। इस प्रक्रिया में कानून और नियमों की संख्या तो बढ़ती रहती है, पर वे विभाजन का कारण बनने वाली अवधारणाओं पर चोट नहीं कर पाते हैं।





इस प्रकार न्याय या समता का विचार लगातार कमजोर होता जाता है। विडंबना है कि आज स्वस्थ समाज का मानक अस्पतालों की संख्या से तय होता है, जबकि यह विचार अपने आप में ही भ्रामक है। ज्यादा से ज्यादा अस्पतालों का अर्थ ज्यादा बीमारियों तथा ज्यादा भौतिक व मानसिक परेशानियां हैं। देश की संपदा का बड़ा हिस्सा सुरक्षा सरोकारों पर भी खर्च होता है। इसका अर्थ है कि 'सुरक्षा' की अवधारणा ही भ्रामक है क्योंकि आज ज्यादा से ज्यादा संवेदनशील तकनीकों का प्रयोग ऐसे हथियार बनाने में होता है जो सुरक्षा देने के नाम पर ज्यादा से ज्यादा विनाश का कारण बनते हैं। वर्तमान युग की महान विडंबना है कि सुरक्षा के नाम पर बनाए जाने वाले हथियारों से देश असुरक्षा फैलाते हैं तथा विशाल मानवता को इस भय से आतंकित करते हैं कि इनका प्रयोग किया जा सकता है। संक्षेप में कहा जाए तो 'प्रगति' की दिशा में उठाया जाने वाला हर कदम पतन की ओर अनेक कदम सिद्ध होता है। हम यह देखने में विफल रहते हैं कि समानता, सुरक्षा और शांति की अवधारणाओं में परस्पर विरोधी चरित्र अंतर्निहित हैं और वे उसी विकृति को बढ़ावा देते हैं जिसे रोकने के नाम पर बनाए गए होते हैं।

समय की आवश्यकता है कि हम अपनी वर्तमान परिस्थितियों को व्यापक दृष्टिकोण से देखें। हमारी वर्तमान स्थितियां अनेकानेक लोगों की व्यक्तिगत समस्याओं के कारण नहीं हैं जो एकसाथ सिर उठाती हैं। यथार्थ में ये सारी चीजें इस तथ्य का संकेत हैं कि वर्तमान समय आध्यात्मिक संकट का समय है। वर्तमान समय में दया, विनम्रता और प्रेम की भावनाओं पर क्रूरता, आक्रामकता, प्रभुत्व और घृणा जैसी नकारात्मक भावनायें हावी हो गई हैं। इस कारण प्रसन्नता, आनन्द और शांति की अवधारणायें झूठी हो गई हैं तथा स्वामिभक्ति और निष्ठा संदिग्ध हो गई है। हमें याद रखना चाहिए कि जब तक मूल कारण पर प्रहार नहीं होगा, तब तक झूठ फैलता रहेगा। इसका अर्थ है कि अपने 'स्व' की पहचान को भौतिकता से अलग किया जाए। हमें यह तथ्य अवश्य स्वीकार करना चाहिए कि आत्मा शाश्वत है और दूसरे शब्दों में कहा जाए तो यही सत्य है। शरीर नष्ट हो सकता है, इसलिए यह परिवर्तनशील है। जब हम अपनी भौतिक चेतना से मुक्ति पा कर अपनी पहचान आत्मा के रूप में करते हैं तो सत्य का विस्तार होता है। इसके साथ ही गलत अवधारणाओं पर आधारित अनेक संरचनायें स्वयं नष्ट हो जाती हैं।

## आप की बात

### क्रांतिकारी योजना

**चुनावी मौहल** में बिजली मुफ्त देने का बड़ा हाइप चल रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक नई योजना- प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का ऐलान किया है। इसके अंतर्गत, सौर पैनलों को घरों की छतों पर स्थापित किया जाएगा जिससे लोगों को मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। यह योजना न केवल ऊर्जा के स्वावलंबन को बढ़ाएगी, बल्कि भारत को वैश्विक हरित ऊर्जा प्रतिबद्धतायें भी पूरा करने में मदद करेगी। पहले की योजनाओं की तुलना में, इस योजना में कई सुधार किए गए हैं। रूफटॉप सौर ऊर्जा की लागत एक बड़ी बाधा है, लेकिन इस योजना में सब्सिडी और ऋण की सुविधा उपलब्ध होगी। यह योजना उन लोगों को भी लाभ पहुंचाएगी जो बिजली बेचने के माध्यम से आय प्राप्त करना चाहते हैं। सौर ऊर्जा से चार्जिंग स्टेशन वाहनों के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इससे न केवल प्रदूषण कम होगा, बल्कि ऊर्जा की लागत भी कम होगी। यह योजना बिजली वितरण कंपनियों के लिए भी एक अच्छा मौका है। उन्हें बिजली वितरण में नई तकनीक का उपयोग करने का मौका मिलेगा। आधुनिक भारत में ऊर्जा संकट का सामना करना बड़ी चुनौती है। इस प्रकार हम प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना जैसी क्रांतिकारी पहल के साथ, हम ऊर्जा की नई दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।

**अवनीश कुमार गुप्ता**, आजमगढ़

### मराठा आरक्षण

**महाराष्ट्र** में विधानसभा ने सर्वसम्मति से 10 प्रतिशत मराठा आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। सरकार का कहना है कि इससे ओबीसी आरक्षण पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन फिर भी यह कानूनी विवाद का विषय बन सकता है। एक तरफ सुप्रीम कोर्ट में कुल मिलाकर 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण देने पर रोक लगा रखी है। दूसरी ओर सरकारें उस सीमा को लांघकर आधिधिक प्रतिशत तक आरक्षण देने को ललायित है। आरक्षण का संविधान में मात्र 10 वर्षों के लिए प्रावधान किया गया था, मगर अपने राजनीतिक हितों की खातिर सभी राजनीतिक दल इसे कई बार बढ़ा चुके हैं। अब पदोन्नति में भी अधिकाधिक आरक्षण की मांग की जा रही है। आरक्षण की सीमा लगातार बढ़ते जाने के कारण सामान्य वर्ग के अनेक प्रतिभाशाली छात्रों को मजबूरी में विदेश जाना पड़ता है। हालांकि, सरकार ने सामान्य वर्ग के गरीब लोगों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया है, लेकिन बेहतर होगा कि जातिगत आरक्षण को हटाकर आर्थिक आधार पर सभी वर्गों को आरक्षण दिया जाए। आधार कार्ड व्यापक होने के बाद सभी समुदायों के सभी गरीबों को आर्थिक आधार पर आरक्षण देना अब असंभव भी नहीं रह गया है।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

### संकट में सपा

**उत्तर प्रदेश** में स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा महासचिव पद से इस्तीफा देने के बाद पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया है। सपा विधायक पल्लवी पटेल ने ऐलान किया कि वे पार्टी प्रत्याशी को राज्यसभा में वोट नहीं देंगी। पांच बार सांसद रहे सलीम शेरवानी ने मुसलमानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए सपा महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। सपा पर दलित, पिछड़ों और मुस्लिमों की अनदेखी के आरोप उसे लोकसभा चुनाव में नुकसान पहुंचा सकते हैं। सपा का सबसे मजबूत आधार मुस्लिम समाज है जो प्रदेश में 18 प्रतिशत है। यदि मुस्लिम समाज में यह बात बैठ जाती है कि उनकी अनदेखी हो रही है तो पार्टी को बड़ा नुकसान हो सकता है। उत्तर प्रदेश में दलित, ओबीसी और मुस्लिमों की आबादी लगभग 85 प्रतिशत है। सपा पर संकट का एक और कारण कांग्रेस से उसका गठबंधन खटाई में फंसना है। यदि कांग्रेस और बसपा मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में अपने-अपने उम्मीदवार उतारते हैं तो इसका सबसे ज्यादा लाभ भाजपा को होगा। हालांकि, सपा ने इस्तीफों के बाद टिकट आबंटन में सबको प्रतिनिधित्व देने के प्रयास किए हैं, पर बहुकोणीय मुकाबले की स्थिति में उसे लाभ होना निश्चित नहीं है। बसपा का तीसरा कोण भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### वन संरक्षण

**भारत** के वनों को लेकर एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को उसके पर्यावरणीय दायित्वों की याद दिलाई है। याचिकाकर्ताओं ने वनों के कमजोर सुरक्षा नियमों को चुनौती दी थी, जिसमें उन्होंने वनों के बड़े पैमाने पर गलत ढंग से वर्गीकरण और वन संपदा तथा वन्यजीवों के विनाश की आशंका जताई थी। 1996 के अपने फैसले को दोहराते हुए, न्यायालय ने वन की व्यापक परिभाषा और देश भर में वनों की स्थिति की सख्त समीक्षा का आदेश दिया है। अदालत के इस फैसले से जीवनदायी वन क्षेत्रों की रक्षा होगी। वनों की सुरक्षा केवल विकास बनाम पर्यावरण का सवाल नहीं है, बल्कि यह प्रकृति के कल्याण के साथ-साथ जिम्मेदार विकास के बारे में है। पिछले वर्षों में देखा गया है कि आर्थिक विकास के नाम पर वन संपदा संकट में पड़ रही है जिससे पहले से ही विलुप्तप्राय अनेक प्रजातियों का जीवन और खतरे में पड़ गया है। वन संरक्षण में वनों में रहने वाले आदिवासियों व वनोपज से अपनी जीविका चलाने वालों के हितों पर भी समुचित ध्यान दिया जाना भी जरूरी हो गया है।

– **इन्ने फारूक**, मुंबई

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
pioneerhry@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

# मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर करना होगा लोगों को जागरूक

## लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने कसी कमर




पायनियर समाचार सेवा। पानीपत

**आगामी** आम लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्वक करने की तैयारियों के संदर्भ में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को वे गंभीरता से लें व जो जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं उनका ठीक प्रकार से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि हमें पिछले लोकसभा आम चुनाव 2019 के दौरान कम मतदान के कारण पर मंथन करना है व मतदान के प्रतिशत को कैसे बढाया जाए इसके प्रयास करने होंगे। कम मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जो स्वीप गतिविधियों की योजना बनाई गई है उन पर गंभीरतापूर्वक कार्य करने की जरूरत है। उपायुक्त ने स्वीप-व्यवस्थित मतदाता, शिक्षा चुनावी भागीदारी को खंड स्तर की कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मॉडल मतदान केंद्रों का विवरण भी जुटाने के अलावा 20 प्रतिशत मतदान स्थलों का भौतिक सत्यापन भी करना सुनिश्चित करने के भी आदेश दिये।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि संवेदनशील,गंभीर मतदान केन्द्रों का विवरण भी जुटाने के अलावा रैलियों और होर्डिंग्स के लिए स्थानों की पहचान व मतदान केन्द्रों के लिए रूट चार्ट और असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनर का विवरण भी तैयार करना सुनिश्चित किया जाएगा। जो वृद्ध मतदाता 100 की आयु के हैं या उनसे पार कर चुके हैं उन मतदाताओं का सत्यापन भी किया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी इसे साधारण ना ले व इसपर गंभीरता से कार्य करें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त पंकज,एसडीएम मनदीप, सीटीएम टीना पौशवाल, डीडीपीओ, तहसीलदार अजय सैनी, अनिल शर्मा, वीरेंद्र तहसीलदार सुदेश राणा आदि मौजूद रहे।

# योगाश्रम मिजार्पुर में भारतीय योग संस्थान का दो दिवसीय योग महाकुंभ 24 से


जानकारी देते भारतीय योग संस्थान के प्रधान योगरत्न देसराज।

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ प्रांत के योग प्रेमियों के लिए दो दिवसीय प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर संस्थान के नवनिर्मित योगाश्रम, मिजार्पुर कुरुक्षेत्र में 24 व 25 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

शिविर में योगाभ्यास प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रतिभागियों को अष्टांग योग की विभिन्न विधाओं, क्रियाओं, मानव शरीर के विभिन्न अंगों की रचना व कार्यों, विभिन्न रोगों से बचाव व उनके निवारण के लिए प्रयोग होने वाली यौगिक तकनीकों, स्वस्थ दिनचर्या, खान पान संबंधी हिदायतों के साथ-साथ संस्थान के उद्देश्य जन जन तक योग के प्रचार प्रसार द्वारा जीओ और जीवन दो, सर्वे भवंतु सुखिन:, वसुधैव कुटुंबकम् के ध्येय वाक्यों को सार्थक करने के लिए प्रेरित व प्रशिक्षित किया जाएगा। योग रत्न की उपाधि से विभूषित संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान देसराज, महामंत्री ललित गुप्ता, हरियाणा प्रांत प्रधान ओमप्रकाश, मंत्री मानसिंह सहित केंद्रीय कार्यकारिणी के कुछ सदस्य, विभिन्न प्रांतो के प्रांतीय व जिला कार्यकारिणी सदस्य विभिन्न सत्रों में शिविर के प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करेंगे। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रैस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि संस्थान अपने विभिन्न स्तरों के अधिकारियों के लिए समय-समय पर योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता रहता है।

# पंजाब कैबिनेट का एक मार्च से बजट सत्र आहूत करने का फैसला

## एमएसएमई के विकास के लिए विंग स्थापना को मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**मुख्यमंत्री** भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में पंजाब मंत्रिमंडल ने 16वीं पंजाब विधान सभा का छठा सत्र एक मार्च से 15 मार्च, 2024 तक बुलाने की मंजूरी दे दी । यहां पंजाब सिविल सचिवालय में गुरुवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की मीटिंग में यह फैसला लिया।

मुख्यमंत्री दफ़्तर के एक प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रिमंडल ने भारतीय संविधान की धारा 174 के अंतर्गत यह सत्र बुलाने के लिए राज्यपाल को सिफारिश भेजने का फैसला किया है। पंजाब सरकार 5 मार्च को वित्तीय साल 2024-25 के लिए बजट पेश करेगी। बजट सत्र के कार्यक्रम के अनुसार एक मार्च को राज्यपाल के भाषण के साथ सत्र शुरू होगा और बाद में दिवंगत शख्सियतों को श्रद्धांजलियां अर्पित की जाएंगी। इसी तरह 5 मार्च को साल 2024-25 के बजट अनुमान पेश किये जाएंगे और 15 मार्च को सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जाएगा।

सुल्तानपुर लोधी में अमन-कानून की रक्षा करते हुये शहीद होने वाले जिला कपूरथला के गाँव मनियाला के पंजाब होमगार्डज़ के वालंटियर जसपाल सिंह पुत्र दलीप सिंह के परिवार को विशेष केस के तौर पर एक्स-ग्रेशिया ग्रांट देने का ऐलान किया है। राज्य सरकार ने पंजाब होमगार्डज के इस वालंटियरों के बलिदान को भी पुलिस अफसरों, अर्ध-सैनिक बल और फ़ौज में तैनात पंजाब निवासी सैनिकों के समान दर्जा दिया है। इस प्रयास से पंजाब होमगार्डज़ वालंटियरों का मनोबल और बढ़ेगा। मंत्रिमंडल ने साल 2019 की अध्यापक तबादला नीति के पैरा-9 में संशोधन को मंजूरी दे दी है जो अध्यापक काडर के उन कर्मचारियों के बड़े हित में किया गया है, जोकि छूट मुक्त श्रेणी में आते हैं। इसमें यह व्यवस्था की गई है कि जो मुलाजिम कैंसर मरीज़ (स्वयं, जीवन साथी या बच्चे) ,डायलसिस ( स्वयं, जीवन साथी या बच्चे/) लीवर या गुर्दा ट्रांसपलांट, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग, हैपेटाइटस- बी, हैपेटाइटस- सी स्किल सेल अनीमिया, थैलेसीमिया (स्वयं या बच्चे/) तलाकशुदा, जिन्हें मुलाजिमों के विशेष बच्चे या बौद्धिक तौर पर विशेष बच्चे हैं, शहीद की विधवा, जीवन साथी की मौत हो जाने की सूरत में सेवा निभा रहे मुलाजिम का किसी अन्य स्टेशन पर तुरंत जाना अपेक्षित हो और बच्चों की उम्र 18 साल से कम हो या वह अध्यापक जिसका जीवन साथी हथियारबंद सेनाओं में सेवा निभा रहा है और उसकी तैनाती कठिन हालत वाली जगह पर हो, इन सभी मामलों में बदलियों के लिए आवेदन महीनो के आधार पर पोर्टल पर जमा होंगी और कोई भी आफलाइन आवेदन स्वीकृत नहीं किया जायेगा ऐसे मामलों में आदेश शिक्षा मंत्री की मंजूरी के बाद जारी किये जाएंगे। मंत्रीमंडल ने जल संसाधन विभाग के डिज़ाइन विंग को सरकारी स्वामित्व वाले, सहायता प्राप्त कालेजों और इंजीनियरिंग कॉलेजों, संस्थाओं के स्टाफ की तर्ज़ पर निजी संस्थाओं को डिजाइन और कंसलटैंसी सेवाएं प्रदान करने की मंज़ूरी दे दी है।

# शोभायात्रा के कारण 23 फरवरी स्कूल/कालेजों में होगा अवकाश

**जालंधर।** श्री गुरु रविदास जी के 647वें प्रकाश पर्व संबंधी शहर में होने वाली शोभा यात्रा के मद्देनजर जालंधर जिले की सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी/गैर-सरकारी स्कूलों/कालेजों में 23 फरवरी को छुट्टी रहेगी।

जिला मैजिस्ट्रेट विशेष सारंगल ने इस संबंध में पहले जारी आदेश में संशोधन करते हुए जालंधर जिले के सभी सरकारी/गैर-सरकारी स्कूलों/कालेजों में छुट्टी की घोषणा की है। इससे पहले 23 फरवरी को ही जालंधर शहर के सभी सरकारी/गैर सरकारी स्कूल/कालेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई थी।

# केकेसीएल ने किलर को डेनिमवियर से संपूर्ण यूथ फैशन ब्रांड में बदला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के प्रमुख ब्राण्डेड एपरेल मैन्यूफैक्चरिंग समूह केवल किरण क्लॉदिंग लिमिटेड ने देशभर में अपने रिटेलर्स के लिये अपने फ्लैगशिप ब्राण्ड 'किलर' की पेशकश की है। यह ब्राण्ड पहले डेनिम वियर पर केन्द्रित था और अब एक आधुनिक फैशन ब्राण्ड बन गया है।

एक रचनात्मक एवं दमदार डिस्प्ले में इस बदलाव को 1000 से ज्यादा उत्पादों के आगामी ऑटम विंटर' 24 कलेक्शन के जरिये दिखाया गया। इनमें से लगभग 75 प्रतिशत टॉप-वियर प्रोडक्ट्स हैं, जबकि करीब 20 प्रतिशत बॉटम-वियर प्रोडक्ट्स हैं। बाकी प्रोडक्ट्स में फुटवियर, अंडरगारमेंट्स और कई तरह की एसेसरीज शामिल हैं। किलर का ऑटम-विंटर 2024 कलेक्शन आज के युवा और उत्साही लोगों के लिये फैशन के सारे समाधान देने का वादा करता है।

भारत की सबसे बड़ी विनिर्माण सुविधा की क्षमताओं का इस्तेमाल करते हुए, किलर 'ऑप्टिमिज्म' की थीम पर एपरेल की एक आकर्षक श्रृंखला का अनावरण करेगा। यह आगामी ऑटम-विंटर '24 कलेक्शन में होगा और इसे शहरी, टियर 1 तथा टियर 2 बाजारों में उपलब्ध किया जाएगा। इसके लिये 350 एक्सक्लूसिव शोरूम्स, 1800 से ज्यादा एमबीओ और 800 डिपार्टमेंटल स्टोर्स का एक बड़ा रिटेल फुटप्रिंट है। सावधानी से तैयार किये गये किलर के हर परिधान में कारीगरी और इनोवेशन के लिये अटूट समर्पण दिखता है। इसका सबूत प्रीमियम फेब्रिक्स के कठोर चयन और अत्याधुनिक डिजाइन एलीमेंट्स के शामिल होने में दिखता है। इस प्रगति पर अपनी बात रखते हुए, केवल किरन क्लॉथिंग लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक हेमंत जैन ने कहा, हालिया वर्षों में हम एक मजबूत ऑर्गेनाइजेशन के तौर पर उभरे हैं। हम भारत में फैशन के बाजार की तरक्की का पूरा फायदा उठा रहे हैं और दुनियाभर के फैशन बाजारों में पहुँचने के लिये अपनी ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# आकाश बायजूस कैथल के 6 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 99 से ज्यादा परसेंटाइल

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**आकाश** बायजूस ने कैथल से अपने 6 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के पहले सत्र में 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। 11 स्टूडेंट्स ने 98 परसेंटाइल हासिल किए। 16 स्टूडेंट्स ने 95 परसेंटाइल से अधिक स्कोर किया। वहीं 26 स्टूडेंट्स ने 90 से अधिक परसेंटाइल हासिल किए। एक स्टूडेंट ने मैथ्स में 100 परसेंटाइल स्कोर किया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पिछले सप्ताह परिणाम घोषित किए थे। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में जशन मित्तल ने 99.96 परसेंटाइल (मैथ्स में 100 परसेंटाइल), अक्षित ने 99.92 परसेंटाइल, आस्था शर्मा ने 99.56 पपसेंटाइल, सुमन ने 99.40, क्रिश ने 99.29 परसेंटाइल, क्रिश बंसल नम्बर 99.11 परसेंटाइल और अन्य स्टूडेंट्स ने 90 व उससे अधित परसेंटाइल किए। छात्रों के शीर्ष प्रतिशत भारत की सबसे प्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में अपनी अटूट प्रतिबद्धता और अकादमिक उत्कृष्टता दिखाते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज सेशन 1 के परिणामों का अनावरण




किया, इस साल इंजीनियरिंग के लिए दो अनुसूचित संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से पहली की शुरूआत हुई छात्रों को बधाई देते हुए, परमेश्वर झा, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश बायजूस, ने सराहना की, छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन व्यापक कोचिंग और अभिनव शिक्षण समाधानों के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के लिए आकाश बायजूस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। हम उन्हें अगले प्रयास के साथ-साथ उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

# प्रत्येक जन शाहबाद की खुशहाली में करे सहयोग

**कुरुक्षेत्र।** एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना ने गांव हरिपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया। आमजन से डोर टू डोर संवाद करने के बाद ग्रामीणों ने शिव मंदिर में पहुंचने पर सुभाष कलसाना और दीपक आनंद का स्वागत किया। सुभाष कलसाना ने कहा कि युवाओ के साथ और बुजुर्गों के आशीर्वाद से हल्का को तरक्की के पथ पर आगे बढ़ाया जा सकता है उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ से अवगत कराया आज लाभार्थी तक सीधा योजनाओ का लाभ पहुंच रहा है। संवाद के माध्यम से आमजन की समस्या पता चलता है और सकारात्मक सोच के साथ ही समस्या का समाधान होता है। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया।

# एमसी स्क्वायर ने अपना अगली गीत, ''टेढे चालक'' रिलीज किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**अपनी** आकर्षक बोली और बेहतरीन गीत कौशल के साथ भावपूर्ण शब्दकार, एमसी स्क्वायर ने अपना अगली गीत, ''टेढे चालक'' रिलीज किया है। इसमें भावनाओं को हार्ड कोर रैप में पिरोया गया है। यह गीत श्रोताओं को हरियाणा की सडकों के एक रोमांचक सफर पर ले जाता है, जिसमें अपनी जमीन से एमसी स्क्वायर का प्रेम और अपने सपनों के पीछे उनकी निरंतर उडान प्रदर्शित होती है।

जर्सी बीट के साथ एमसी स्क्वायर श्रोताओं को बचपन की अपनी महत्वाकांक्षाओं से लेकर पूरे विश्व में सफलता हासिल करने के अपने प्रेरक सफर का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। ''टेढे चालक'' के शक्तिशाली बोलों के साथ वो अपनी महत्वाकांक्षा की ओर निरंतर बढते रहने की अभिव्यक्ति द्वारा हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का एक जीवंत चित्र पेश करते हैं।

गीत के परफॉर्मर-लेखक, एमसी स्क्वायर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''टेढे चालक मेरी अपनी कहानी में लौटने का अनुभव था, इस सफर ने सपनों को सच कर दिया। इस गीत की हर पंक्ति हमारी जडों और संस्कृति का अभिवादन करती है, और मेरे हरियाणा के निरंतर उत्साह का आभार व्यक्त करती है। मैं चाहता हूँ कि यह ट्रैक हमारी मातृभूमि की शक्ति और जीवंतता को प्रतिबिंबित करे। ''टेढे चालक'' उन सभी के लिए है, जो सपने देखने की हिम्मत करते हैं। मैं एक ऐसा गीत बनाना चाहता था, जो हर उस व्यक्ति के साथ प्रतिध्वनित हो, जिसे अपनी विरासत पर गर्व है, और जो महानता की ओर बढना चाहता है। मुझे उम्मीद है कि यह सभी श्रोताओं को कभी हार न मानने के लिए प्रेरित करेगा।''

व्यक्तिगत कहानियों में बुनी हरियाणा की हृदयस्पर्शी बीट्स के साथ, ''टे चालक'' पहले स्वर से ही बेहतरीन चार्ट-टॉपिंग गीत होगा, जो लाडो और माशूका के बाद सफलता की कहानी को आगे बनाएगा। एमसी स्क्वायर का अद्वितीय कहानी वाचन और संगीत का कौशल हरियाणवी रैप को नई ऊँचाई पर ले जाएगा।

# जिले के 2 लाख वयस्क लोगों को लगेगा बीसीजी टीका: सीएमओ

## शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटेल नगर से की टीकाकरण की शुरूआत

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**जिला** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के करीब 2 लाख वयस्क लोगों को चिंहित किया गया है जिन्हें बीसीजी टीका लगाया जाएगा। सीएमओ डॉ. रेनू चावला ने वीरवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटेल नगर कैथल से टीकाकरण अभियान की शुरूआत भी कर दी है।

सिविल सर्जन कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सीएमओ डॉ. रेनू चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा टीबी रोग की रोकथाम के लिए 11 जिलों में वयस्क बी.सी.जी. टीकाकरण शुरू किया गया है जिसमें कैथल जिला भी शामिल है।


सीएमओ रेनू चावला।

टीकाकरण अभियान के तहत आशा वर्कर व आंगनबाड़ी वर्कर के माध्यम से सर्वे करवाया गया है जिसमें जिले के करीब 2 लाख लोगों को चिंहित किया गया है, जिन्हें यह टीका लगाया जाएगा।

डॉ. रेनू ने आगे कहा कि वर्तमान में कैथल जिले में करीब 990 लोग टीबी से पीड़ित हैं जिनका ईलाज चल रहा है। सरकार की ओर से इन्हें निशुल्क दवाई देने के साथ साथ 500 रुपये प्रतिमाह डायट के रूप में दिए जाते हैं। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप बातीश, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नवराज सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास, अर्बन नोडल कंसलटैंट कुशल शर्मा तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहा है।

**इन श्रेणियों के लोगों को लगेगा टीका** : डॉ. रेनू चावला ने कहा कि बीसीजी का टीका 6 श्रेणियों के लोगों को लगाया जाएगा जिसमें पूर्व टीबी मरीज (पिछले 5 वर्ष में), मरीज के संपर्क में रहने वाले व्यक्ति (जनवरी 2021 से अब तक के), 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक, कुपोषित वयस्क तथा धुम्रपान करने वाले व्यक्ति शामिल हैं।

**इन श्रेणियों के लोगों नहीं लगेगा टीका** : सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के नागरिक, गंभीर रूप से बीमार, गर्भावस्था एवं स्तनपान करवाने वाली महिला, वर्तमान में टीबी से पीड़ित व्यक्ति, एचआईवी रोगी तथा ऐसे व्यक्ति जिन्हें पिछले 3 माह में खून चढ़ाया गया हो उन लोगों को बीसीजी का टीका नहीं लगाया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## शिविर में 20 लोगों ने किया रक्तदान



**कुरुक्षेत्र।** दी हरियाणा स्टेट भारत स्काउट्स एंड गाइड कुरुक्षेत्र के द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्योतिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन फाउंडर भारत स्कॉट एंड गाइड रॉबर्ट बेड़न पावेल के जन्म दिवस पर किया गया। इसमें जन सहयोग कुरुक्षेत्र, सेवा ट्रस्ट यूके भारत और ग्राम पंचायत ज्योतिसर ने विशेष सहयोग किया। ग्रामीणों ने रक्तदान शिविर में उत्साह पूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक रहे। विनोद कौशिक ने बताया कि सभी स्कूलों और संस्थाओं को समय समय पर रक्तदान शिविर लगा कर उसमें अपना अहम योगदान देना चाहिए। रक्तदान शिविर लगाने से समाज में जागृति आती है। इस अवसर पर अमित कुमार और सुनीता कपूर जिला संगठन आयुक्त हरियाणा स्टेट भारत स्काउट एंड गाइड कुरुक्षेत्र, जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र, सेवा ट्रस्ट यूके भारत संस्था के पवन मित्तल, प्रिंसिपल हरजीत कौर, विद्यालय स्टॉफ व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए एकाग्रता के साथ सकारात्मक जरूरी




**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष कैंप का समापन समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। गांव काछवा स्थित विनायक कॉलेज में आयोजित कैंप के समापन पर मुख्य अतिथि कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान डा. मेजर सिंह रहे। डा. मेजर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकाग्रता के साथ-साथ नजरिया भी संस्कारात्मक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा अपने माता-पिता और गुरुजनों का आदर करें जो विद्यार्थी यह सब गुण अपना लेता है वह जीवन के हर लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिंदर सिंह ने सभी का स्वागत किया और कहा कि विद्यार्थी बड़े ही अनुशासन और सेवा भाव से कार्य करते रहे हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। महक प्रीत कौर ने मंच संचालन के साथ-साथ एकल अभिनय भी किया। शैली चहल और कोमल ने सुंदर कविता प्रस्तुत की। जबकि दीप जोत और जश्न मेहता ने नृत्य की प्रस्तुति दी। रवि कटारिया ने हरियाणवी डांस किया। नितिन वर्मा एवं ललित को सर्वश्रेष्ठ कैंपर पुरुष तथा आरती एवं तनीषा को सर्वश्रेष्ठ कैंपर महिला का पुरस्कार दिया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने इस सफल आयोजन के लिए प्राचार्य, स्टाफ और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विनायक कॉलेज के निदेशक नरेश मान, डा. रामपाल सिंह, प्रो. शशि मदान, प्रो. अंजू चौधरी, डा. बीर सिंह, डा. देवी भूषण, डा. दीपक, प्रो. मनीष, डा. कृष्ण अरोड़ा एवं भारी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## धार्मिक आयोजनों से होता है पॉजिटिव एनर्जी का प्रसार



**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष व शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डा. जसविंद्र खैहरा ने कहा है कि धार्मिक आयोजनों से पर्यावरण में पॉजिटिव एनर्जी का प्रसार होता है। इसलिए धार्मिक आयोजन समय समय पर होते रहने चाहिए। वे गत दिवस गांव कमोदा में काम्यकेश्वर तीर्थ पर मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे थे। यहां पहुंच कर डा. जसविंद्र खैहरा ने प्राचीन शिव मंदिर में माथा टेका और देश में सुख स्मृद्धि की कामना की। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने डा. जसविंद्र खैहरा का जोरदार स्वागत किया। डॉ. जसविंद्र खैहरा ने कहा कि काम्यकेश्वर तीर्थ महाभारत कालीन तीर्थ है। बताया जाता है कि इस स्थान पर पांडवों ने अपना समय बीताया था और शिवलिंग की स्थापना कर पूजा अर्चना की थी। ऐसे में इस तीर्थ की बहुत महत्ता है। उन्होने कहा कि गांव कमोदा के ग्रामीण धार्मिक आस्था रखने वाले हैं। मंदिर परिसर में एक ओर मूर्ति स्थापना करना सराहनीय कार्य है। धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले लोग भी भाग्यशाली होते हैं। इस दौरान उन्होने देश व प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## हरियाणा पुलिस ने शुरू की ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा: एसपी



**कैथल।** हरियाणा पुलिस द्वारा ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा शुरू की गई है जो महिलाओं को हरियाणा 112 से जोड़कर उनकी यात्रा को सुरक्षित करने में सक्षम बनाएगी। इस बारे में जानकारी देते हुए एसपी उपासना ने कहा कि इस सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाएं 112 पर कॉल करें और वेब आधारित फॉर्म के माध्यम से अपनी यात्रा का पंजीकरण करवाएं। पंजीकरण फॉर्म का लिंक आवेदक को एसएमएस के माध्यम से भेजा जाएगा। आवेदक को पंजीकरण फॉर्म में यात्रा विवरण के साथ साथ आपातकालीन नंबर भी भरना होगा। यात्री की निगरानी हरियाणा 112 द्वारा हर आधे घंटे के उपरांत आवेदक को कॉल करके की जाएगी। आपातकालीन स्थिति में आवश्यक सहायता के लिए निकटतम ईआरवी को भेजा जाएगा व इसके अलावा यात्री द्वारा साझा किए गए आपातकालीन नंबर पर भी संपर्क किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया 112 डायल करें।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**

**सूचना**

निम्न लिखित ऋणी, सह-ऋणी व गारण्टर को सूचित किया जाता है सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत आपकी सम्पत्ति को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा विक्रय कर दिया गया है। यदि आप द्वारा नोटिस दिनांक से ''7 दिवस'' के भीतर बंधक सम्पत्ति में रखा हुआ सामान नहीं हटाया जाता है तो उक्त सामान का बेचान अथवा अन्यत्र किरायाशुदा स्थान पर स्थानान्तरित कर दिया जायेगा। जिसके हर्जे, खर्चे व स्थानान्तरण के दौरान होने वाले नुकसान के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। सामान प्राप्त करने व इस सम्बन्ध में अन्य जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र : श्री प्रतीक खत्री - 8130079830 या नजदीकी शाखा में सम्पर्क करे।

| ऋण खाता संख्या एवं ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
| --- | --- |
| खाता संख्या : **L9001060118674612** **दलबीर सिंह पुत्र रामेश्वर ( ऋणी ),** पियंका पत्नी दलबीर सिंह ( सह-ऋणी ) | सम्पत्ति स्थित वाक्या मौजा थुइयन, सब तहसील - भाटू कालन, तह. व जिला - फतेहाबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 2722.51 वर्ग फीट** |

दिनांक- 22-02-2024
स्थान - हरियाणा

S/d प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# किसान आंदोलन के समर्थन में सड़क जाम कर भाकियू ने जताया रोष

### खनौरी बार्डर पर शहीद किसान शुभकरण की शहादत को बेकार नहीं जाने देंगे: कसाना



सड़क जाम लगाते हुए किसान।

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**भारतीय** किसान यूनियन चंढूनी संगठन की ओर से खनौरी दाता सिंह बार्डर पर किसान आंदोलन में पंजाब के शहीद युवा किसान शुभकरण की पुलिस की गोली लगने से हुई मौत के विरोध में यहां तितरम मोड़ पर दो घंटे सड़क जाम करके रोष जताया।

धरने का नेतृत्व युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट व जिला अध्यक्ष महावीर चहल नरड़ ने किया। गुस्साए किसानों ने कहा कि सरकार को आंदोलनरत किसानों से बातचीत करके इस मुद्दे का समाधान निकालना चाहिए। विक्रम कसाना, महावीर चहल नरड़ ने कहा कि कल खनौरी बार्डर पर पुलिस पुलिस की गोली से पंजाब के युवा किसान शुभकरण की मौत हो गई। इसके अलावा दोनों बार्डरों पर 40 के करीब किसान घायल हुए हैं जिनमें 4 की हालत गंभीर है और 1 दर्जन युवा किसानों के हाथ पैर तोड़ कर हरियाणा पुलिस उठा कर ले गई। उधर केन्द्र सरकार दावा कर रही है कि फसलों पर लागत मूल्यों में 50 प्रतिशत रिटर्न की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए 22 फसलों की एसएसपी बढाई है, अगर ऐसा हुआ है तो किसानों को इसका लाभ क्यों नहीं मिल रहा।

सरकार लगातार किसानों के हितों से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि भाकियू चंढूनी 23 फरवरी को कुरुक्षेत्र मे मीटिंग बुलाकर आगामी रणनीति बनाकर इस आंदोलन को मजबूत व तेज करने का निर्णय लेगी। सरकार किसानों की मांगे ना मानकर उन्हें आंदोलन करने पर मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की सभी मांगें जायज हैं। इस धरने में कार्यकारी जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल, युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण, नरेंद्र मागो माजरी, मनजीत करोड़ा, केवल सिंह सिद्धु, किंदर ठेकेदार, जोगिंदर केलरम, कूड़ा राम पबनावा, गुरुमुख फरल, भीम सिंह फरल, बिंदर सिरटा, इन्द्र चहल, गुरजंट चीका, मनोज नीमवाला सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

# मारपीट कर गाड़ी लूटने के मामले में दो आरोपी काबू

### आरोपियों ने बर्फ के सूए से किया हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**तितरम** थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से मारपीट करके गाड़ी लूटने के मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस के पी एसआई सुमित कुमार की टीम द्वारा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के पहचान जिला हिसार के गांव बटाला निवासी अंकित व मुल्तान कॉलोनी हांसी निवासी डिंकल के रूप में हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पटेल नगर भिवानी निवासी दलीप कुमार की शिकायत के अनुसार 19 फरवरी को दो लड़के उसके पास आए। उन्होंने उसे कैथल चलने के लिए कहा। इसके लिए 3200 रुपये में किराये की बात तय हुई। आरोपियों ने उसे 1500 रुपये तेल के एडवांस दे दिए। रास्ते में थोड़ा चला ही था कि पिछली सीट वाले लड़के ने कहा कि उसे स्टीरियो में गाने सुनने हैं और उसका फोन मांग लिया। दोपहर करीब ढाई बजे वे देवबन कैंची चौक से कैथल की तरफ पहुंचे तो अगली सीट पर बैठे लड़के ने कहा कि आप खेत में बने रास्ते में गाड़ी को ले लो। उसे यहां से लैपटॉप वगैरह लेना है। इस पर उसने सड़क पर ही गाड़ी रोक दी और कहा कि कच्चे रास्ते में गाड़ी नहीं जाएगी। इसके बाद दोनों लड़कों ने एकदम उस पर बर्फ वाले सुओं से हमला कर दिया। उन्होंने काफी सुए उसे मारे। एक आरोपी ने उसके गले में मफलर डाल लिया और दोनों हाथों से खींच लिया। आरोपियों ने उसे पिछली सीट पर घसीट लिया और उसे सीट पर बांध दिया। आगे बैठा लड़का गाड़ी चलाने लगा। इस बीच आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर उससे एटीएम कार्ड, गुगल पे व फोन का पिन कोड पूछ लिया। फिर कुछ दूरी पर चलकर गाड़ी पेट्रोल पंप से पीछे रोककर गाड़ी चलाने वाला लड़का तितरम गांव के पास वाले पेट्रोल पंप से 700 रुपये उसके खाते से पेट्रोल पंप के सेल्समैन से निकलवाकर लाया।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा सरकार किसानों को जानबूझकर परेशान कर रही है



**कैथल।** जन शिक्षा अधिकार मंच का धरना आज 514वें दिन में प्रवेश कर गया है। धरने की अध्यक्षता हवा सिंह बूरा ने की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों को जानबूझकर परेशान कर रही है और उग्रता के लिए मजबूर कर रही है। यह मजबूरी और उग्रता सच्चे लोकतंत्र में शोभा नहीं देती, किसान हमारे देश के नागरिक हैं और किसानों से अमानवीयता का बर्ताव किसी भी प्रकार से शोभनीय नहीं है। मौजूदा सरकार चला रहे लोगों को सता का नशा इतना चढ़ गया है कि उन्हें इंसान, इंसान नजर नहीं आ रहे हैं। जनभावनाओं इनके लिए कोई महत्व नहीं रखती है। सतापक्ष के लोगों का इस प्रकार का आचरण और व्यवहार उचित नहीं है बल्कि बेहद निंदनीय है और चिंताजनक भी है। उन्होंने कहा कि किसानों पर बरसाई गई लाठियां और गोलियों की हम निंदा करते है। केंद्र सरकार को बातचीत से इस मसले का हल निकालना चाहिए। मौजूदा सरकार के अविवेकपूर्ण रवैए से यह भी सिद्ध हो गया है कि मौजूदा सरकार में अयोग्य लोगों की भरमार है। यदि सूझबूझ वाले लोग होते तो किसानों की समस्या का कभी का समाधान हो चुका होता। बूरा ने कहा कि पहले तो शिक्षा को इंटरनेट से जोड़ कर छात्रों को इस पर निर्भर कर दिया और इंटरनेट को बढ़ावा दिया गया लेकिन अब परीक्षाओं के समय में 7 जिलों में इंटरनेट बंद करके यहां के छात्रों की शिक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी विभागों से घट रही कर्मचारियों की संख्या एक दिन आने वाले समय में देश के लिए बहुत बड़ी प्रशासनिक समस्या बन जाएगी और देश को अव्यवस्था का सामना करना पड़ेगा। धरने पर सतबीर प्यौदा, वीरभान हाबड़ी, रणधीर ढुंढ़वा, बलवंत रेतवाल, रामशरण राविश, मामचंद खेड़ी सिम्बल, हजूर सिंह, मियां सिंह आदि भी उपस्थित थे।

### जेईई मेंस-2024 में एमडीएन स्कूल के छह विद्यार्थी क्वालीफाई

**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल के छह विद्यार्थियों ने इस वर्ष आयोजित जेईई मेन्स-2024 सैशन 1 परीक्षा में विभिन्न रैंक हासिल किए। विद्यालय के निदेशक डॉ विनोद कुमार व चेयरपर्सन निधि कंसल ने बताया कि इस परीक्षा में आस्था शर्मा ने 99.56, कृष ने 99.29, साहिल ने 99.15, सिद्धि गोस्वामी ने 99.00, दीपांकर ने 98.49 व तमन्ना ने 97.39 प्रसेंटाईल अंक प्राप्त किए। देश की कठिनतम परीक्षा को उत्तीर्ण कर विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों और अध्यापकों को गौरवान्वित करने के साथ ही विद्यालय और क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेकर अपने उज्जवल भविष्य के लिए प्रयास करने चाहिए। अपने अनुभव सांझा करते हुए विद्यार्थियों ने अध्यापकों के उचित मार्गदर्शन और अपने अभिभावकों के निरंतर प्रोत्साहन को अपनी सफलता का श्रेय दिया और कहा की सफलता की यात्रा में कड़ी मेहनत एवं एक सटीक रणनीति के साथ आत्म विश्वास और मनोबल को बनाए रखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यालय के मैनेजर गौरव गर्ग व प्राचार्य डॉ संत कौशिक ने विद्यार्थियों के सराहनीय प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यार्थियों ने यह साबित किया है कि दृढ़ संकल्प और कड़े परिश्रम के समक्ष कोई भी बाधा मायने नहीं रखती और उपयुक्त मार्गदर्शन के साथ किसी भी कठिन लक्ष्य को पाया जा सकता है।

### मर्यादा के अनुरूप ही किया जाए झंडों के निपटान

**सोनीपत।** उपायुक्त मनोज कुमार ने कहा कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में पत्र जारी करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश के लोगों की आशाओं एवं आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए इसे सम्मान मिलना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज के लिए हर भारतवासी का एक सार्वभौमिक लगाव, आदर तथा वफादारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 तथा भारतीय झंडा संहिता 2002 (2021 एवं 2022 में यथासंशोधित) राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग, ध्वजारोहण व संप्रदर्शन को नियंत्रित करते हैं। इस अधिनियम की विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर उपलब्ध है। उपायुक्त ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय झंडा संहिता के भाग-11 के पैरा नंबर 2.2 की धारा (×) के अनुसार जनता द्वारा कागज से बने राष्ट्रीय झंडो को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेलकूद के अवसरों पर हाथ में लेकर लहराया जा सकता है। लेकिन इस दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि जनता द्वारा प्रयोग किए गए कागज से बने राष्ट्रीय झण्डों को समारोह के पूरा होने के पश्चात न तो विकृत किया जाए और न ही जमीन पर फैका जाए। ऐसे झंडों का निपटान उनकी मर्यादा के अनुरूप ही किया जाए।

### शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त

**सोनीपत।** किसान आंदोलन के दृष्टिगत जिला में शांति, कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश मनोज कुमार ने भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 22(1) व 23(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला के विभिन्न क्षेत्रों में ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किए है। इस दौरान सभी ड्यूटी मैजिट्रेटों के साथ पुलिस अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधीश ने अपने संशोधित आदेशों में गन्नौर फ्लाईओवर के प्रारभिंक बिंदू व पर्यवेक्षण क्षेत्र में एचएसआईआईडीसी कुण्डली के प्रबंधक सुरेन्द्र जागलान को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट तथा उनके साथ पुलिस विभाग से एसीपी मुरथल संदीप धनखड़ की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार थाना क्षेत्र गन्नौर में एचएसआईआईडीसी बड़ी के प्रबंधक तरूण कुमार को ड्यूटी मैजिट्रेट लगाया गया है। उनके साथ पुलिस विभाग से गन्नौर थाना प्रबंधक मनोज कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधीश ने सोनीपत शहर थाना क्षेत्र में नगर निगम सोनीपत के सहायक उपमण्डल अभियंता अभिषेक को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट लगाया गया है। उनके साथ पुलिस विभाग से सोनीपत शहर थाना प्रबंधक देवेन्द्र की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा संपूर्ण जिला के लिए सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता (विजिलेंस) अजय खरब को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। उनके साथ सहायक कमांडेंट पंकज सेठी, पंचम वाहिनी सीमा सुरक्षा बल कंपनी नंबर-57 सीसी, सीतारागंज उत्तराखंड की ड्यूटी लगाई गई है।

### ब्रह्माकुमारीज ने शुरू किए सार्थक प्रयास



**कुरुक्षेत्र।** अब आमजन को स्वयं के प्रति जागरूक करने के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्थान ने सार्थक प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसी श्रृंखला में अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं ब्रह्माकुमारीज संस्थान माउंट आबू से राजयोग टीचर बी.के. शिवानी दीदी 24 फरवरी को धर्मनगरी पधारेंगी और अपनी ओजस्वी वाणी से आमजन का मार्गदर्शन करेंगी। यह जानकारी ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र की प्रभारी राजयोगिनी बीके सरोज दीदी ने गुरुवार को विश्व शाति धाम सेवा केन्द्र में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर बी.के. शिवानी दीदी के आगमन को लेकर धर्मनगरी वासी भाई-बहन काफी उत्साहित हैं और इस विशेष कार्यक्रम की तैयारियों में दिन-रात जुटे हैं। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी शनिवार को प्रातः 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक यह विशेष कार्यक्रम श्रीमद् भगवद् गीता सदन कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र में होगा। इस कार्यक्रम में कोई भी भाई-बहन शामिल हो सकता है, मगर उसे आनलाईन रजिस्ट्रेशन अवश्य करवाना होगा, जोकि पूर्णत निःशुल्क है।

# कांग्रेस सदस्यों के वॉकआउट के बाद मनोहर सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सर्व सम्मति से रदद्

### विपक्ष के आरोपों का मुख्यमंत्री ने दिया जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से प्रदेश की मनोहर लाल सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से आरोप प्रत्यारोप का दौर चला और इसी बीच कांग्रेस सदस्यों के वॉकआउट के बाद सदन में मोजूद रहे सदस्यों ने सर्व सम्मति से अविश्वास प्रस्ताव को रद्द कर दिया।

सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर मत विभाजन की स्थिति में संख्या बल मनोहर सरकार के पक्ष में था। भाजपा और जेजेपी के गठबंधन वाली इस सरकार के पक्ष में गठबंधन के इक्कावन विधायको के अलावा सात निर्दलीय विधायकों के साथ कुल 58विधायको का समर्थन था। कांग्रेस अपने तीस विधायको के बल पर अविश्वास प्रस्ताव पारित कराने की स्थिति में नहीं थी।

अविश्वास प्रस्ताव प्रश्नकाल के बाद दो ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर चर्चा के बाद स्पीकर ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। कांग्रेस सदस्य भारत भूषण बत्रा ने प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में कहा कि सरकार को मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शो की पालना करे। लेकिन ये सरकार अहंकारी सरकार है। सरकार के रोम रोम में अहंकार है।भाजपा ने संविधान की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। घोटाले इतने बताऊंगा कि दिल दहल जाएगा। कभी इतने घोटाले नही देखे। ई रवन्ना घोटाले से लेकर हजारों करोड़ का यमुनानगर का खनन घोटाला हुआ है। यमुना का रास्ता ही बदल दिया गया है। मुख्यमंत्री कहते है कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं तो यह घोटाला क्यों हुआ। बत्रा ने कहा कि कांग्रेस सरकार पर अधिग्रहण की गई जमीन को छोड़ने के आरोप लगाए जाते है। लेकिन इस सरकार ने भी विमला देवी पत्नी रतन सिंह की जमीन छोड़ी। पटोदी में भी जमीन छोड़ी गई। जहा काम किया जाता है वहां गलतियां भी होती है। बगैर साक्षात्कार के 56 नौकरी दे दी गई। प्रदेश से बाहर के भर्ती आयोग में चेयरमैन नियुक्त किए गए। घोटालों की जांच रिपोर्ट सदन में पेश नहीं की जाती। प्रदेश से बाहर के लोगों को नियुक्तियां दी जा रही हैं।

सौ करोड़ का एकीकृत सहकारी विकास घोटाला हुआ। करीब साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए विज्ञापनों पर ही लुटा दिए गए। एक ही कार्य की चार चार बार घोषणा की गई।कांग्रेस सदस्य वरुण चौधरी और गीता भुक्कल ने भी मनोहर सरकार पर कई आरोप जड़े। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चर्चा के जवाब में कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार में सी एल यू के मामले हुए। अधिग्रहण के नोटिस के बाद जमीन छोड़ी गई। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के नौ साल में एक लाख , 24 हजार सरकारी नोकरी दी गई। ये कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से बहुत ज्यादा है। अभी 15 हजार नौकरी का परिणाम आने वाला हैं।

चर्चा के दौरान दोनों ओर से शेरो शायरी का दौर चला। इस पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि क्या शेर ही बोले जाते रहेंगे या जवाब दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव से पहले एक और विधानसभा सत्र होगा। विपक्ष एक और अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है।

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की परीक्षाओं के दौरान जिला में रहेगी धारा 144

**कैथल।** जिलाधीश प्रशांत पंवार ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 27 फरवरी से 2 अप्रैल 2024 तक 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं की आयोजित करवाई जा रही परीक्षाओं को नकल रहित एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिला में स्थित परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में दंड प्रक्रिया की धारा 144 के तहत पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों के तहत जिला में स्थित परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में 27 फरवरी से 2 अप्रैल 2024 तक तक पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पाबंदी रहेगी।

# किसानों पर गोली चलाने की बजाए एमएसपी पर कानून बनाने का वादा पूरा करे सरकार: नरेश

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल



**लोकतंत्र** सुरक्षा पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी नरेश जांगड़ा खनौदा ने कहा कि किसान हमारे सड़कों पर है लेकिन सरकार किसानों की मांग नहीं मान रही। जांगड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने किए वादे से मुकर रहे हैं जिस कारण से अन्नदाता आंदोलन करने पर मजबूर हैं। यहां जारी प्रेव बयान में जांगड़ा ने कहा किएमएसपी का कानून बनाने की किसानों की मांग जायज है। नरेश जांगड़ा ने कहा कि बीजेपी सरकार असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए हिंदू मुस्लिम, अंधविश्वास और पाखंडवाद में उलझाकर धर्म की खेती करके वोट हासिल करना चाहती है। आज इस देश प्रदेश के अंदर कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है, महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। आज प्रदेश के अंदर महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। युवा बेरोजगार है, जरूरी वस्तुओं के दाम आसमान को छू चुके हैं जिससे लोगों के घर का बजट बिगड़ गया है। आज देश का युवा बेरोजगार है, आज पूरे प्रदेश के अंदर अपना हक मांगने के लिए हर वर्ग सड़कों पर है। क्लर्क सड़कों पर है, पेंशनर सड़कों पर है, देश के खिलाड़ी सड़कों पर हैं, किसान और जवान सड़कों पर है। प्रदेश का हर व्यापारी सड़कों पर है परंतु इस तानाशाह सरकार का रवैया बिल्कुल तानाशाही है। आज प्रदेश का हर वर्ग 2024 का इंतजार कर रहा है। नरेश जांगड़ा ने यह भी कहा अगर हरियाणा की जनता 2024 में लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी की सरकार बनाने में हमारा साथ और जनादेश देती है तो हम पहली कलम से किसान, जवान की समस्याओं का समाधान और युवाओं की नौकरियों पर काम किया जाएगा और हर घर में नौकरी, 10000 हजार रुपये बुढ़ापा पेंशन, विकलांग और विधवा पेंशन देंगे, 400 यूनिट बिजली फ्री देगी।

# स्वच्छता को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाएं शहरवासी

### स्वच्छता ही सेवा भाव के साथ नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा शहर में चलाया गया सफाई अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत




चार मरला में सफाई अभियान के दौरान मौजूद सफाईकर्मी व अन्य।

**नगर** निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने कहा कि देश को कचरा मुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में शुरू की गई मुहिम स्वच्छता ही सेवा महाअभियान को जनआंदोलन का रूप देने के लिए गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा भाव के साथ नगर निगम की विभिन्न टीमों द्वारा शहर में अलग-अलग स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

इस दौरान निगम कर्मचारियों ने गांव रेवली, जनता कालॉनी, चार मरला, नंदवानी नगर, प्रभु नगर, भरतपुरी, जाहरी बाईपास, इंडियन कालोनी तथा शास्त्री कालोनी में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान सफाई अभियान में शहरवासियों ने भी बढ़-चढकर भाग लेते हुए संकल्प किया कि वे भविष्य में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे। निगमायुक्त ने कहा कि हमें स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। स्वच्छता सिर्फ एक दिन तक सीमित न होकर नियमित रूप से जारी रहनी चाहिए, तभी हम इस अभियान को सिरे चढ़ाने में सफल होंगे।

उन्होंने कहा कि अपने घर और आस-पास के क्षेत्र को साफ-सूथरा रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इसलिए इस अभियान में शहर के प्रत्येक नागरिक को भाग लेना चाहिए और अपने शहर को साफ-सूथरा रखने में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम टीमों द्वारा 23 फरवरी को नगर निगम क्षेत्र के नरेन्द्र नगर, रूप नगर, गोविन्द नगर, आरके कालोनी, गांव जाट जोशी, कालूपुर, जीवन नगर, पंचम नगर तथा कबीरपुर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसी प्रकार 24 फरवरी को तीर्थ मार्किट, अग्रसैन नगर, ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया, सेक्टर-12, गांधी आवास कालोनी, गढ़ी ब्रह्मणान, बस स्टैण्ड से मुरथल रोड़ व आसपास की कालोनी तथा जटवाड़ा में सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# विधायक सुरेंद्र पंवार ने हरियाणा विस में मेट्रो, रेपिड ट्रेन शिक्षकों, किसानों, कर्मचारियों के मुद्दे पुरजोर तरीके से उठाए

### हरियाणा विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद विधायक सुरेंद्र पंवार ने बोला हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



विधायक सुरेंद्र पंवार हरियाणा विधानसभा में बोलते हुए।

**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोनीपत विधानसभा के विभिन्न मुद्दे पुरजोर तरीके से उठाए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के उपरांत राजकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों की मांग, हॉकी खिलाड़ियों के एस्ट्रोट्रफ मैदान की खस्ता हालत, स्वास्थ्य विभाग में स्वीकृत पदों में कटौती करना, ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करना, किसानों की फसल का मुआवजा देना, मेट्रो परियोजना का विस्तार, रेपिड ट्रेन का विस्तार सहित अन्य मुद्दें प्रमुखता के साथ उठाए।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए कहा कि वर्ष 2022 में राज्यपाल के अभिभाषण में दिल्ली-सोनीपत-पानीपत-करनाल आरआरटीएस (रीजनल रेपिड ट्राजिंस्ट सिस्टम) कॉरिडोर तक नई मेट्रो परियोजनाएं स्थापित करने की बात कही थी। इसके उपरांत वर्ष 2023 में भी उतरी हरियाणा तक जोड़ने की पुनः बात हुई। वर्ष 2024 में राज्यपाल के अभिभाषण में पुनः मेट्रो के विस्तार की बात कही गई। हालांकि प्रधानमंत्री ने भी स्वंय सोनीपत पहुंचकर सोनीपत की जनता को मेट्रो से जोड़ने का सपना दिखाया था, लेकिन आज तक वह सपना पूरा नहीं हो पाया। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस बजट में सोनीपत को मेट्रो व रेपिड ट्रेन से जोड़ने का प्रावधान किया जाए। इसके साथ ही कहा कि जितने भी कर्मचारी ठेकेदारी प्रथा के तहत यूएलबी विभाग में पेयजल शाखा, सफाई शाखा सहित अन्य शाखाओं में लगे हुए है, उन सभी को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में जोड़ा जाए। इसके साथ ही दमकल विभाग में कार्यरत्त 1327 अनुबंध आधार पर व 212 हरियाणा कौशल रोजगार में लगे ड्राइवर व फायरमेन को फायर आपरेटर के सृजित पदों पर समायोजित किया जाए, फायर काल के दौरान घायल होने पर कर्मचारियों का इलाज विभाग द्वारा करवाया जाए व सफाई विभाग में पहले से लगे सफाई कर्मचारियों को नियमित किया जाए। उन्होंने कहा कि गांव जटवाड़ा की सैकड़ों एकड़ फसल ड्रेन नम्बर-6 के गंदे पानी की वजह से बर्बाद हो चुकी है, लेकिन न तो प्रशासन सुध ले रहा न ही सरकार सुध ले रही है। उन्होंने सरकार से मांग है कि जितने भी किसानों की फसल बर्बाद हुई है, सरकार सभी किसानों को तुरंत मुआवाज देने का प्रावधान करें। शिक्षा पर बोलते हुए विधायक सुरेंद्र पंवार ने हरियाणा के करीब 182 राजकीय कॉलेजों में पढ़ाने वाले करीब 3500 शिक्षकों की मांगों को बुलंद किया।

उन्होंने कहा कि असिस्टेंट फोफेसर के एकेडमिक पे-लेवल 11 व 12 प्रदान करने में इंटरव्यू का अनावश्यक प्रावधान जोड़ा गया है, इंटरव्यू जोड़ना खुद यूजीसी नियमों का उल्लंघन होगा। कॉलेज में पढ़ाने वाली महिला शिक्षिका यदि सीसीएल के लिए आवेदन करती है तो उसकी लिव स्वीकृत होनी चाहिए, क्योंकि मां के रूप में महिला शिक्षिका को यह तय करने का अधिकार है कि किन तिथियों में उन्हें सीसीएल लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कॉलेज के शिक्षकों के पास मेडिकल लीव का कोई प्रावधान नहीं है, शिक्षकों को मेडिकल लीव व हाफ-डे लीव प्रदान की जाए।

# सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय व डीएलएड परीक्षा केंद्रों के दायरे में लगाई धारा 144

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर

**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्ध सैकेण्डरी, सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय/रि-अपीयर) व डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 27 फरवरी से 2 अप्रैल 2024 तक करवाए जाने का निर्णय लिया गया है।

जिलाधीश आयुष सिन्हा ने ने अपराध प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में कानून व्यवस्था कायम रखने व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला यमुनानगर के अधिकार क्षेत्र में सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि तक 4 या 4 से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, जनसभा करने व किसी भी व्यक्ति को अग्नि अस्त्र, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, साइकिल चेन, गंडासा, भाला, तलवार (सिख समुदाय के प्रतीक कृपाण को छोडकर) इत्यादि अस्त्र-शस्त्र तथा अन्य ज्वलनशील पदार्थों को लेकर चलने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाने के आदेश पारित किए हैं। परीक्षा की तिथि वाले दिन परीक्षा केन्द्रों के आस-पास भवनों के निकट केवल परीक्षा अवधि के दौरान फोटोस्टेट के व्यवसाय पर 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश पुलिस तथा अन्य सरकारी अधिकारियों / कर्मचारियों जो की अपनी ड्यूटी पर तैनात हो पर लागू नहीं होगें।

जिलाधीश ने बताया कि सैकेण्डरी, सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय/रि-अपीयर) व डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 27 फरवरी से 2 अप्रैल 2024 तक संचालित होगी। उन्होंने बताया कि सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय/रि-अपीयर) की परीक्षाएं 27 फरवरी से 26 मार्च 2024 तक, सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय/रि-अपीयर) 27 फरवरी से 2 अप्रैल 2024 तक व डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 27 फरवरी से 21 मार्च 2024 तक संचालित होगी । उन्होंने बताया कि परीक्षा का समय दोपहर 12.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक रहेगा।

# विकसित देश-प्रदेश के लिए निवेश आवश्यक : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

एजेंसी। गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि विकसित भारत बनाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा और इसके लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि विकसित देश, प्रदेश और जनपद के इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है।



मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र की 1040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं की शुरूआत करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर उन्होंने गीडा की 650 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली कालेसर आवासीय टाउनशिप योजना की शुरुआत की और 300 करोड़ रुपये के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास तथा 90 करोड़ रुपये के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के स्किल ट्रेनिंग सेंटर के पांच छात्रों को नामांकन प्रमाण पत्र भी वितरित किए। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा, औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में जो परिणाम दिख रहा है, वह बेहतर कानून व्यवस्था, अच्छी सरकार और अच्छे जनप्रतिनिधियों के चुने जाने का परिणाम है। जब नीयत अच्छी होती है तो परिणाम भी अच्छे आते हैं। आज गीडा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। तब लखनऊ जाने के लिए दो रूट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि गीडा क्षेत्र में अन्य उद्योग भी स्थापित हो रहे हैं, 25 एकड़ में गारमेंट पार्क, 88 एकड़ में प्लास्टिक पार्क विकसित हो रहा है, 34 करोड़ रुपये की लागत से फ्लैटेड फैक्ट्री भी बन रही है। आदित्यनाथ ने कहा कि इसके अलावा सरकार 5500 एकड़ में धुरियापार में औद्योगिक टाउनशिप बनाने जा रही है, हाल में ही नई सीमेंट फैक्ट्री के लिए प्रस्ताव मिला है, इसके लिए निवेशक को भूमि दिखा दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के साथ ही मोदी जी ने हर जरूरतमंद व्यक्ति के लिए आवास की घोषणा की थी, देश में अब तक चार करोड़ गरीबों को पक्की छत की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है, उत्तर प्रदेश में 56 लाख गरीबों को मकान दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपना पैसा देकर जो लोग आवास पाने के इच्छुक हैं, उनके लिए गोरखपुर विकास प्राधिकरण के साथ ही गीडा ने भी आगे कदम बढ़ाए हैं।

# नवी मुंबई में 50 लाख रुपए मूल्य की मेफेड्रोन बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी। ठाणे

**महाराष्ट्र** के नवी मुंबई में 28 वर्षीय व्यक्ति के पास से 50 लाख रुपए मूल्य की 500 ग्राम मेफेड्रोन (एक प्रतिबंधित मादक पदार्थ) मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नवी मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा, जिसकी पहचान अरशद करार खान के रूप में हुई है। वह बुधवार शाम तलोजा में कलंबोली-शिलफाटा रोड पर एक पुल के पास पकड़ा गया।
तलोजा थाने के अधिकारी ने कहा कि ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके में खोनी गांव के रहने वाले आरोपी के पास से 500 ग्राम मेफेड्रोन बरामद की गई। पुलिस ने कहा कि आरोपी के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# भाजपा सरकार ने आर्थिक आतंकवाद शुरू किया हमारे खातों पर डाका डाला गया : कांग्रेस

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने बृहस्पतिवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आर्थिक आतंकवाद शुरू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि उसके खातों से 65 करोड़ रुपए से अधिक की राशि डाका डालकर निकाल ली गई ताकि लोकसभा चुनाव से पहले उसे आर्थिक रूप से अपंग बनाया जा सके।पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को तानाशाही राज में बदलने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को आर्थिक रूप से अपंग बनाने की कोशिश हो रही है।उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यह कांग्रेस की आर्थिक रूप से हत्या करने का प्रयास नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की हत्या है। रमेश ने दावा किया कि इस कर आतंकवादी हमले के जरिए यह प्रयास हो रहा है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव मजबूती से नहीं लड़ सके।वेणुगोपाल ने कहा, भाजपा द्वारा कांग्रेस के खिलाफ



आर्थिक आतंकवाद शुरू किया गया है। हमें यह पैसा आम लोगों और कार्यकर्ताओं से मिला है। लोकसभा चुनाव से पहले मुख्य विपक्षी दल के खातों को एक तरह से हाईजैक कर लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, बुनियादी बात है कि बैंकों से हमारे पैसे चुराए जा रहे हैं... यह चुनाव में विपक्ष को समान अवसर से वंचित करने का प्रयास है। वेणुगोपाल ने कहा, हम लड़ेंगे। हम अधिकरण के पास गए हैं... हम जनता के पास जाएंगे, क्योंकि जनता ही मालिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को तानाशाही राज में बदलना चाहती है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया, भाजपा की सरकार ने सभी विपक्षी दलों और कांग्रेस के खिलाफ आर्थिक आतंकवाद शुरू कर दिया है...हमारे खातों पर डाका डालकर मोदी सरकार पैसे ले गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी, भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के खातों से 65,88,81,474 करोड़ रुपये निकाले गए हैं। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने आरोप लगाया कि उनके संगठन के खातों से जो पैसा निकाला गया, वह कार्यकर्ताओं ने जमा किया था। उन्होंने कहा कि जनता इस तानाशाहीपूर्ण रवैए का जवाब देगी। आयकर विभाग ने पिछले दिनों 210 करोड़ रुपये की रिकवरी की मांग का हवाला देते हुए कांग्रेस के प्रमुख खाते फ्रीज कर दिए थे। हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगली सुनवाई होने तक उसके खातों पर से रोक हटा दी थी।


## दिल्ली विधानसभा ने किसान की मौत पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा ने किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान पंजाब-हरियाणा की खनौरी सीमा पर हुई शुभकरण सिंह की मौत पर बृहस्पतिवार को शोक व्यक्त किया। सदन का शोक संदेश पढ़ते हुए विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि बुधवार को खनौरी सीमा पर हुई घटना बेहद दर्दनाक थी। उन्होंने कहा, शांतिपूर्वक तरीके से प्रदर्शन कर रहे किसानों के साथ धीरज से पेश आना चाहिए और उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। मूलरूप से बठिंडा के निवासी सिंह अपने परिवार में अकेले कमाने वाले थे। विधानसभा अध्यक्ष ने मृतक किसान के परिवार के प्रति सदन की संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके परिवार के पास सिर्फ दो एकड़ जमीन है। सदन ने प्रख्यात न्यायविद फली एस नरीमन और प्रसिद्ध रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी के निधन पर भी शोक व्यक्त किया और दो मिनट का मौन रखा। बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक सदन के आसन में जमा हो गए और पानी के बिलों के पुनर्निर्धारण की एकमुश्त समाधान योजना को रोकने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ नारेबाजी की।

# भाजपा ने राजनीति में विश्वसनीयता का संकट समाप्त किया : राजनाथ सिंह

एजेसी। नबरंगपुर (ओडिशा)

**राजनाथ** सिंह ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस द्वारा पैदा किए गए राजनीति में विश्वसनीयता के संकट को समाप्त किया है और वादों को पूरा करके लोगों का विश्वास हासिल किया है। रक्षा मंत्री सिंह तीन लोकसभा क्षेत्रों नबरंगपुर, कालाहांडी और बोलांगीर के पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा नहीं किया जिससे लोगों का नेताओं पर से भरोसा उठ गया था, लेकिन भाजपा ने अपने चुनावी वादों को पूरा करके लोगों का भरोसा जीता है। इस प्रकार राजनीति में विश्वसनीयता का संकट समाप्त हुआ है। जनता को अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस चुनाव के बाद लोगों से किए गए वादे भूल जाती थी और इसीलिए लोगों का



नेताओं पर से भरोसा उठ गया था। रक्षा मंत्री ने कहा लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद से चीजें बदली हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, आप हमारे चुनाव घोषणापत्र को देख सकते हैं और आप पाएंगे कि सभी वादे पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने, तीन तलाक को खत्म करने और अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण का वादा किया था और सभी वादे पूरे किए गए। उन्होंने कहा कि लोगों को अब एहसास हो गया है कि भाजपा जो वादे करती हैं उन्हें पूरा करती है। रक्षा मंत्री ने कहा, हम (भाजपा) लोगों की सेवा करने की और राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करते हैं केवल देश पर शासन करने की नहीं। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक मोर्चे पर तेजी से प्रगति कर रहा है और वह 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से दिन के 12 घंटे पार्टी के प्रति समर्पित करने का आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केंद्र में मोदी सरकार बने और ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बने। सिंह ने कहा, ओडिशा को भी डबल इंजन सरकार की जरूरत है, राजनीतिक समीक्षकों का कहना है कि हम यहां सरकार बनाएंगे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि उनका ओडिशा के साथ भावनात्मक लगाव है। उन्होंने कहा, हमने कांग्रेस के शासन के दौरान भारत सुरक्षा यात्रा निकाली थी। मैंने यात्रा की शुरुआत ओडिशा से की थी।


## बच्ची से बलात्कार का आरोपी मौलवी गिरफ्तार पीड़िता की मां भी पकड़ी गई

**लखनऊ।** लखनऊ के मलीहाबाद क्षेत्र में आठ साल की बच्ची से सामूहिक बलात्कार के मामले में पुलिस ने एक मौलवी और पीड़िता की मां को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) विश्वजीत श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया, एक व्यक्ति ने कुछ दिन पहले मलीहाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी आठ साल की बेटी के साथ मदरसे में पढ़ाने वाले दो लोगों ने बलात्कार किया है। दोनों आरोपियों की पहचान मोहम्मद आबदीन और उसके भाई अरशद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 376 डी (सामूहिक बलात्कार) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। श्रीवास्तव ने बताया, हमने मोहम्मद आबदीन और पीड़िता की मां को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। आबदीन के फरार भाई की तलाश की जा रही है। पुलिस को पता चला कि पीड़िता के पिता खाड़ी देश में काम करते हैं और वह आठ महीने से विदेश में है। इसी दौरान बच्ची की मां और आबदीन के बीच संबंध बन गए। आरोप है कि आबदीन उसकी आठ साल की बेटी से बलात्कार करता था। उसका भाई भी बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाता था।

# महुआ मोइत्रा की याचिका पर शुक्रवार को आदेश देगा दिल्ली उच्च न्यायालय

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ एक जांच के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गोपनीय सूचना मीडिया को कथित तौर पर लीक करने के विरुद्ध तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता की याचिका पर 23 फरवरी को आदेश पारित करेगा। पूर्व सांसद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने दावा किया कि उनकी मुवक्किल को परेशान किया जा रहा है और एजेंसी द्वारा उन्हें समन जारी करने की सूचना, उन्हें समन मिलने से पहले ही मीडिया ने प्रकाशित कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने मौखिक रूप से कहा कि अभी तक ऐसा कुछ नहीं है क्योंकि संबंधित समाचार रिपोर्ट में तथ्यात्मक दावे किए गए हैं। उन्होंने कहा, वह खबर है। आप एक सार्वजनिक व्यक्ति हैं। यह केवल तथ्यात्मक दावा है। अभी तक ऐसा कुछ नहीं है। जॉन ने दलील दी कि वह कोई भी जांच करने के एजेंसी के अधिकार के खिलाफ नहीं हैं लेकिन मीडिया को ऐसी जानकारी लीक करना उनके लिए हानिकारक है।उन्होंने कहा, यह मुझे सूचित किए जाने से पहले सूचना लीक करने के बारे में है। (अगर कोई प्रेस विज्ञप्ति नहीं है) तो ईडी मेरे



बारे में संवेदनशील और गोपनीय सूचना लीक कर रहा है। इस पर अदालत ने कहा, कल आदेश पारित करेंगे। एक समाचार संगठन की ओर से पेश हुए वकील सिद्धांत कुमार ने कहा कि याचिकाकर्ता उन आरोपों की जांच का सामना कर रही सार्वजनिक हस्ती हैं जो जनता के सामने हैं और इस तरह सार्वजनिक बहस का विषय है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ भी हानिकारक नहीं है और मीडिया की खबरें सूत्रों पर आधारित हैं। ईडी के वकील ने कहा कि उसकी तरफ से कोई जानकारी लीक या जारी नहीं की गई। ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत एक मामले के संबंध में मोइत्रा को समन जारी किया है। सूत्रों ने कहा कि मामले में विदेश में भेजी अन्य रकम और धन के हस्तांतरण के अलावा एक अनिवासी बाहरी (एनआरआई) खाते से जुड़े लेनदेन एजेंसी की जांच के दायरे में हैं।

# मुरादाबाद से न्याय यात्रा में शामिल हो सकती हैं प्रियंका

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा आगामी रविवार को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से भारत जोड़ो न्याय यात्रा का हिस्सा बन सकती हैं। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों का कहना है कि वह राज्य में इस यात्रा के जारी रहने तक मौजूद रह सकती हैं। प्रियंका गांधी को चंदौली से ही इस यात्रा में शामिल होना था, लेकिन अस्वस्थ होने के चलते वह इसमें शामिल नहीं हो सकीं। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को आगरा में इस यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की घोषणा की थी। कांग्रेस उत्तर प्रदेश की कुल 80 सीट में से 17 सीट पर चुनाव लड़ेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा बुधवार को कानपुर में थी, जबकि 22 और 23 फ़रवरी को यात्रा में विराम है।

यह यात्रा 24 फरवरी की सुबह मुरादाबाद से फिर शुरू होगी। उसके



बाद संभल, अलीगढ़, हाथरस, और आगरा जिलों से गुजरते हुए यात्रा राजस्थान के धौलपुर में रुकेगी। इसके बाद 26 फ़रवरी से एक मार्च तक यात्रा में विराम होगा, ताकि राहुल गांधी 27 और 28 फरवरी को इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में दो विशेष व्याख्यान दे सकें और नई दिल्ली में होने वाली पार्टी की कुछ महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल हो सकें।इस विराम के बाद दो मार्च को अपराह्न दो बजे धौलपुर से एक बार फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होगी। इसके बाद यह मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, शाजापुर और उज्जैन-सहित मध्यप्रदेश के अन्य जिलों से गुजरेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से आरंभ हुई थी।

# सपा और कांग्रेस का गठबंधन परिवारवादी और स्वार्थी लोगों का गठजोड़ : भूपेंद्र चौधरी

एजेंसी। अमेठी

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस का गठबंधन एक परिवारवादी व स्वार्थी लोगों का गठबंधन है जबकि जनता का गठबंधन मोदी जी के साथ है।चौधरी आज अमेठी में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी के गृह प्रवेश कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस और सपा का गठबंधन परिवार वादी है, यह स्वार्थी लोगों का गठबंधन है जबकि जनता का गठबंधन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है। उन्होंने कहा, देश की जनता मोदी जी के साथ है, देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के साथ है और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रही है।

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गठबंधन हुआ है।



चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है,

आप सब ने देखा कि स्मृति ईरानी ने अमेठी में घर बनाने का वादा किया था, जिसे पूरा करके दिखाया है आज हम भी उसी गृह प्रवेश कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे।केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने 2019 के चुनाव में अमेठी में वादा किया था यदि जनता ने उन्हें मौका दिया तो अमेठी में अपना घर बनाएंगी। स्मृति ईरानी का अब तक अमेठी में कोई आवास नहीं था, उन्होंने अपना कैंप कार्यालय किराए के मकान में खोला था। ईरानी का यह नया आवास गौरीगंज जिला मुख्यालय के निकट मेदन मवई गांव में बना है स्मृति ने आज अपने पति जुबिन ईरानी के साथ पूजा-अर्चना, हवन कर गृह प्रवेश किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेश चौधरी के साथ ही उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मयंकेश्वर शरण सिंह, धर्मपाल सैनी ,गिरीश चंद्र यादव, भाजपा के प्रदेश महामंत्री एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# योगी आदित्यनाथ बहुत डायनेमिक मुख्यमंत्री हैं : वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

**वह इंजन की तरह प्रदेश में घूम घूमकर काम करते हैं।**

एजेंसी। गोरखपुर

**केंद्रीय** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि वह बहुत ही डायनेमिक मुख्यमंत्री हैं। सीतारमण आयकर विभाग के नए भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार को पहली बार गोरखपुर पहुंची थीं। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए सीतारमण ने मुख्यमंत्री के लिए कहे गए डायनेमिक शब्द का अर्थ भी बताया। उन्होंने कहा, प्रदेश में 75 जिले हैं और एक साल में 52 सप्ताह होते हैं, योगी जी साल भर में प्रत्येक जिले का कम से कम एक बार दौरा जरूर कर लेते हैं। कुछ जिलों में यह संख्या ज्यादा होती है। एक साल में




52 सप्ताह और 75 जिले में कम से कम एक बार जाने वाले मुख्यमंत्री योगी जी हैं।

उन्होंने कहा, वह इंजन की तरह प्रदेश में घूम घूमकर काम करते हैं। हर जिला उनके लिए हेडक्वार्टर (मुख्यालय) है। उनसे लखनऊ में समय मांगना ठीक नहीं है। उस दिन, उस वह सप्ताह कहां होंगे, उधर जाना ही बेहतर होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बार बार यह साबित कर रही है कि जिसका शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी होगा, सभी परियोजनाओं के पूरा होने की गारंटी ही मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने अपनी बात को और स्पष्ट करने के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश की चार प्रमुख परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने बताया कि गोरखपुर के खाद कारखाना और एम्स का शिलान्यास जुलाई 2016 में किया गया और दिसंबर 2021 में इन सभी का लोकार्पण भी हुआ।

सीतारमण ने कहा कि गोरखपुर में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के क्षेत्रीय केंद्र का 2018 में शिलान्यास हुआ तो दिसंबर 2021 में उद्घाटन भी किया गया। उन्होंने कहा कि 1978 से लंबित सरयू नहर परियोजना का उद्घाटन दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत तेजी के साथ आगे बढ़ती नई अर्थव्यवस्था है, आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हम देश पर 200 वर्ष शासन करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, देश के साथ ही उत्तर प्रदेश ने भी अपनी अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाया है, पिछले सात सालों में उत्तर प्रदेश में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार करदाताओं के लिए प्रक्रियाओं का सरलीकरण कर रही है, करदाताओं से मिला पैसा ही देश के विकास के काम आता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया है। उन्होंने कहा कि इस संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिक कर्तव्यों की सबसे बड़ी भूमिका होगी, हर व्यक्ति अपनी भूमिका को अच्छे से समझ कर उसका निर्वाह करेगा तो विकसित भारत का लक्ष्य हर हाल में प्राप्त कर लिया जाएगा।

**जाह्नवी कंडुला मौत मामला**

# टक्कर मारने वाले पुलिस अधिकारी पर नहीं चलेगा मुकदमा

एजेंसी। वाशिंगटन

**भारतीय** छात्रा जाह्नवी कंडुला को कार से टक्कर मारने वाले सिएटल पुलिस के अधिकारी पर पर्याप्त सबूतों के अभाव में कोई आपराधिक मुकदमा नहीं चलेगा। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी है। फॉक्स13 सिएटल की खबर के मुताबिक किंग काउंटी के अभियोजक कार्यालय से बुधवार को बताया कि वे सिएटल के पुलिस अधिकारी केविन डेव के खिलाफ आपराधिक आरोप नहीं लगाएंगे। कंडुला (23) को पिछले साल जनवरी में सिएटल में सड़क पार करते हुए पुलिस के एक वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस की यह गाड़ी डेव चला रहा था। वह अत्यधिक मादक पदार्थ के सेवन के मामले की एक सूचना मिलने के बाद घटनास्थल की ओर 119 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक रफ्तार से गाड़ी चलाकर जा रहा था। कंडुला को कार ने इतनी जोर से टक्कर



मारी कि वह 100 फीट दूर जाकर गिरी थी। सिएटल पुलिस विभाग द्वारा जारी बॉडीकैम फुटेज में अधिकारी डेनियर ऑडरर को इस भीषण दुर्घटना को लेकर हंसते हुए देखा गया और उसने इसमें डेव की गलती होने की बात खारिज कर दी थी। खबर में बताया गया है कि किंग काउंटी की अभियोजक अटॉर्नी लीसा मैनियन ने कहा कि उन्हें लगता है कि उनके पास आपराधिक मामले को साबित करने के लिए सबूतों का अभाव है। बयान में यह भी कहा गया है कि अभियोजक कार्यालय ने यह भी पाया कि सिएटल के पुलिस अधिकारी ऑडरर द्वारा की गई टिप्पणियां घटिया और काफी चिंताजनक हैं।

पायनियर
हरियाणा, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024



# लखनऊ एसटीएफ की नोएडा में छापेमारी फर्जी कॉल सेंटर से आठ की गिरफ्तारी

- नामी कंपनी के नाम पर लोगों को देते थे लोन दिलाने का झांसा



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा एसटीएफ लखनऊ और नोएडा पुलिस ने मिलकर एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो लोगों को लोन दिलाने का झांसा देकर ठगने का काम करता था। इस मामले में नोएडा पुलिस टीम ने 6 महिलाओं सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि गिरोह का मास्टरमाइंड पुलिस की पकड़ से अभी भी बाहर है।

एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ के इंस्पेक्टर संजय कुमार ने थाना सेक्टर 63 पुलिस को सूचना दी की सेक्टर 63 के सी ब्लॉक में इंडियाबुल्स फाइनेंस के नाम से लोगों को ठगने का काम किया जा रहा है। एसटीएफ और थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से सेक्टर 63 में छापा मारा। पुलिस ने यहां से 6 महिलाओं सहित अंकित व सोनू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से तीन लैपटॉप 15 मोबाइल फोन व 11000 भी बरामद की है। पूछताछ में पता चला कि इस पूरे फर्जी वाले को शंकर शर्मा नाम का युवक अंजाम दे रहा था। उसने पकड़े गए युवकों को कॉलिंग करने के लिए नौकरी पर रखा हुआ था।

शंकर शर्मा ने इंडियाबुल्स फाइनेंस कंपनी के नाम से अपनी कंपनी का नंबर जस्ट डायल पर रजिस्टर कराया हुआ था। जैसे ही कोई व्यक्ति जस्ट डायल पर फाइनेंस कंपनी के बारे में जानकारी के लिए फोन करता था तो, उन्हें शंकर शर्मा की कंपनी का नंबर मिलता था। इस नंबर पर फोन करने पर कंपनी में कार्यरत लोग उसे लोन देने के लिए विभिन्न औपचारिकताएं पूरी करने के लिए कहते थे। लोन के लिए प्रोसेसिंग फीस, अप्रूवल तथा जीएसटी के नाम पर लोगों से पैसे गूगल पे तथा पेटीएम के माध्यम से लिए जाते।

इस मामले में देवरिया के गांव सलेमपुर निवासी प्रदीप जय किशन दीक्षित ने लखनऊ एसटीएफ से शिकायत की थी। लखनऊ एसटीएफ इस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही थी। जांच पड़ताल के बाद एसटीएफ की टीम ने नोएडा में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार की।

# शासन की हाई पावर कमेटी को लेकर किसान नेताओं को संशय

- मांगों को लेकर कई समय से आंदोलनकारी दे रहे है धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जनपद गौतमबुद्धनगर के किसानों द्वारा वर्षों से किए जा रहे धरना प्रदर्शन के मद्देनजर उत्तर प्रदेश शासन ने राजस्व परिषद के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक हाई पावर कमेटी का गठन किया है।

इस कमेटी को लेकर नोएडा के किसान ऊहापोह की स्थिति में है। किसानों के विभिन्न संगठन के लोग आपस में बैठकर इस कमेटी के बारे में विचार विमर्श कर रहे हैं। बैठक के बाद किसानों ने पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह और जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा से भी मुलाकात की। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने बताया कि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर वे लोग कई वर्षों से धरनारत हैं। नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण, किसानो की समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमें सूचना मिली है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए एक हाईपावर कमेटी का गठन किया है। उन्होंने बताया कि कमेटी को 3 महीने के अंदर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि हमें संशय है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह कमेटी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि हम पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी से मिलकर इस बात की मांग करेंगे कि यह कमेटी अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द दे ताकि चुनाव से पहले किसानो की समस्याओं का हल हो जाए। वहीं किसान नेता अशोक चौहान ने कहा कि किसान सभा में किसान संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में बैठक की जा रही है। आपसी सहमति के बाद इस कमेटी को लेकर निर्णय लिया जाएगा। मालूम हो कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर नोएडा प्राधिकरण में धरना दे रहे है।

## संक्षिप्त समाचार



सरस मेले में खरीदारी करते लोग।

### सरस मेले में 7वें दिन लोगों ने जमकर की खरीदारी

**नोएडा।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान एनआईआरडीपीआर द्वारा समर्थित सरस आजीविका मेले में सातवें दिन गुरुवार को खासी चहल-पहल रही। लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की। सेक्टर-33 ए स्तिथ नोएडा हाट में इस बार चौथे मेले का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को यहां गोवा के फूड प्रोडक्ट्स, हैंडीक्राफ्ट उतपादों की लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं कर्नाटक के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद भी महिलाओं की पसंद बने। इसके साथ ही केरल के मसालों की अच्छी बिक्री हुई। जबकि पंजाब की हल्दी तथा हैंडीक्राफ्ट उत्पाद में कुचि आइटम लोगों को खासे पसंद आए।

### छात्रा से बलात्कार के आरोप में अध्यापक गिरफ्तार

**नोएडा।** सूरजपुर पुलिस ने एक छात्रा से बलात्कार करने के आरोप में अध्यापक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जिसने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि युवती के भाई ने अपने दोस्त के साथ मिलकर आरोपी अध्यापक पर हमला किया था, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने कहा कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। सूरजपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज सिंह ने बताया कि आरोपी को कल न्यायालय में पेश किया गया, जिसने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को सूरजपुर कस्बे में दो युवकों ने रकीब हुसैन नामक अध्यापक पर स्कूल जाते समय गोली चलाई थी, जिसके बाद दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### दो तस्कर गिरफ्तार, 1200 किलो गांजा बरामद

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने दो शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से लाखों रुपए की कीमत का 102 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त (प्रथम जोन) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि अपर पुलिस उपायुक्त शक्ति मोहन अवस्थी के नेतृत्व में गठित विशेष दल और सेक्टर-20 थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर बुधवार रात को सेक्टर-18 के पास से विकास तथा कपिल नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनका एक साथी कुनाल फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से दो महंगी कार बरामद हुई है जिनके अंदर से 102 किलो गांजा मिला है। मिश्रा ने बताया कि ये लोग ओडिशा से गांजा तस्करी करके दिल्ली लाते थे।

# परिषदीय स्कूलों में स्मार्ट तरीके से पढ़ाया जाएगा

- वीके सिंह ने किया कार्यक्रम लांच



विकास कार्यो को शिलान्यास करते केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

अब परिषदीय स्कूलों के छात्रों को भी स्मार्ट तरीके से पढ़ाया जाएगा। इसके तहत आईटीएस मोहन नगर में संपर्क स्मार्ट शाला फाउंडेशन आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने संपर्क स्मार्ट ब्लॉक कार्यक्रम लांच किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह, सीडीओ अभिनव गोपाल, सम्पर्क फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष विनीत नायक, बीएसए ओपी यादव ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने कहा एक अच्छे शिक्षक की पहचान एक खराब छात्र से होती है। कैसे एक शिक्षक खराब छात्र को बेहतर बनाता है। पहले सरकारी स्कूलों की छवि सबके मन में यही होती थी कि टूटी फूटी इमारतें हैं, वीके सिंह ने कहा कि शिक्षक पढ़ाते नहीं है लेकिन अब इस स्थिति में बदलाव आया है आगे शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वह इस छवि को कितना बदलते हैं। वीके सिंह ने कहा कि शिक्षकों की जगह कोई नहीं ले सकता है। एक शिक्षक एक बच्चे का जीवन बदल सकते हैं। यह डिवाइस सिर्फबच्चों के लिए नहीं है बल्कि शिक्षकों के लिए भी है, ताकि वह नई तकनीक के माध्यम से छात्रों को बेहतर तरीके से पढ़ा सकें।

# प्रधिकरण ने 31 रेस्तरां, होटल को जारी किए नोटिस

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में कुछ प्रमुख रेस्तरां सहित 31 वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को अपशिष्ट जल के अनुचित तरीके से निपटान के लिए नोटिस दिया गया है और 15 दिन में समस्या का समाधान करने को कहा गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

स्थानीय प्राधिकरण ने कहा कि 20 फरवरी को नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण के बाद यह पाया गया कि विभिन्न रेस्तरां, होटल और वाणिज्यिक संस्थान कचरे और अपनी रसोई के अपशिष्ट जल को शोधित किए बिना सीधे सीवर लाइन या नाली में बहा रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण ने एक बयान में कहा, अपशिष्ट जल और कचरे को बहाए जाने के कारण सीवर लाइन और नाली बंद होने की आशंका है।

# हिन्दी के पेपर के साथ बोर्ड परीक्षा शुरू

**गाजियाबाद।** हाईस्कूल की हिन्दी की परीक्षा के साथ ही आज से यूपी बोर्ड की परीक्षाओं का आगाज हो गया। पहले दिन की परीक्षा में ही 15 सौ से अधिक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आज हाईस्कूल की प्रारम्भिक हिन्दी और इंटर की सैन्य विज्ञान की पहली पाली में परीक्षा आयोजित हुई। पहला एग्जाम होने के चलते परीक्षा केन्द्रों पर कुछ अव्यवस्थाएं देखने को मिली लेकिन परीक्षा शुरू होने के साथ स्थिति सामान्य हो गई। छात्रों को चेकिंग और एडमिट कार्ड जांच कराने के लिए लाइनों में लगना पडा। परीक्षा सुबह साढे आठ बजे से पौने 12 बजे तक सम्पन्न हुई। एग्जाम देकर निकले छात्रों ने प्रश्न पत्र को आसान बताया। प्रश्नपत्र अधिक कठिन न होने से छात्रों को भी पेपर साल्व करने में दिक्कतें नहीं आई। पहले दिन की परीक्षा में 29 हजार 962 परीक्षार्थी पंजीक्रत थे जिसमें से 1532 छात्र पेपर देने नहीं पहुंचे। छात्रों के साथ.साथ कक्ष निरीक्षकों को भी चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया गया। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं नौ मार्च तक चलेंगी। दो पालियों में परीक्षा सम्पन्न कराई जाएगी। परीक्षा का पहला दिन होने के चलते परीक्षा केन्द्रों पर शिक्षकों द्वारा छात्रों का स्वागत किया गया। गोविंदपुरम स्थित महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या डॉ सीमा सेठी व अन्य शिक्षिकाओं ने छात्रों को तिलक लगाकर व फूल बरसा का उनका स्वागत किया।

# डिलीवरी बॉय के साथ दबंगों ने की बेहरमी से मारपीट वीडियो वायरल

**नोएडा।** नोएडा में दबंगों के गुंडागर्दी दिन पर दिन बढ़ती ही जा रही है। आए दिन किसी न किसी इलाके से दबंगों की ओर किसी घटना को अंजाम देने की खबर मिलती ही रहती है। इसी बीच एक ओर मामला नोएडा से सामने आया है, जहां एक साल पहले हुई कहासुनी का कुछ दबंगों ने बदला लिया है। दबंगों ने बदला लेने के लिए डिलीवरी बॉय के साथ बेरहमी से मारपीट की। इसके साथ ही उन्होंने युवक के कपड़े उतरवा दिए और फिर उसे जमकर पीटा। साथ ही उन्होंने युवक के साथ की गई मारपीट का वीडियो भी बना लिया। जो अब सोशल मीडिया पर खुब वायरल हो रहा है। वहीं पीडित युवक की शिकायत पर पुलिस ने दबंगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पूरा मामला नोएडा थाना सेक्टर-113 क्षेत्र का बताया जा रहा है। पीड़ित अभयप्रताप मूलरूप से जिला शाहजहांपुर का रहने वाला है।

# ईडी समन को लेकर आप और भाजपा में रार

- चंडीगढ़ महापौर चुनाव में आप की जीत का बदला लेना चाहती है भाजपा : आतिशी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आबकारी घोटाले से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सातवीं बार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन जारी किया है। ईडी ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को 26 तारीख को पूछताछ के लिए बुलाया है। इसको लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा एक बार फिर आमने-सामने हैं। भाजपा का कहना है कि मुख्यमंत्री सच्चाई से भाग रहे हैं और जांच में एजेंसी को सहयोग नहीं कर रहे है। उधर, आम आदमी पार्टी का कहना है कि जब कोर्ट नॉन-अपीरिएंस के मामले की सुनवाई कर रहा है तो ईडी कोर्ट के फैसले का इंतजार क्यों नहीं कर सकती है। मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि यदि आप लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता करती है तो अगले तीन से चार दिन में मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियिम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत सातवां समन जारी करते हुए केजरीवाल की इस दलील को खारिज कर दिया कि उनकी पेशी के लिए नया नोटिस देना गलत है क्योंकि यह मामला एक स्थानीय अदालत के विचाराधीन है। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 26 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने तथा अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। ईडी ने हाल में इस मामले में उसके समन की अवज्ञा करने के लिए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के खिलाफ एक नई शिकायत दर्ज कराई थी। अदालत ने पिछले सप्ताह केजरीवाल को इस मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने की छूट दी थी और मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 मार्च की तारीख तय की थी। अदालत ने यह भी कहा था कि शिकायत के विषय और रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री से, प्रथम दृष्टया यह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 174 के तहत अपराध बनता है और आरोपी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही के लिए पर्याप्त आधार हैं। वहीं आम आदमी पार्टी की विधायक और मंत्री आतिशी और सौरभा भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को अलग-अलग संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि जब से आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन की चर्चा अंतिम दौर में पहुंचने की खबरें आ रही हैं, बुधवार शाम से ही आप नेताओं को संदेश मिल रहे हैं कि यदि आप ने कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता किया तो केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। संदेशवाहकों द्वारा यह बताया गया कि शनिवार या रविवार को मुख्यमंत्री को सीबीआई द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

संदेशवाहकों द्वारा यह भी बताया गया कि केजरीवाल को जेल से बाहर रखने का एकमात्र तरीका आप द्वारा विपक्षी गठबंधन इंडिया को छोड़ना है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दोनों दलों के नेता इस संबंध में एक-दो दिन में आधिकारिक रूप से घोषणा कर सकते हैं। इस दौरान आतिशी ने यह भी आरोप लगाया कि केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जारी हालिया समन चंडीगढ़ महापौर चुनाव मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा आप के पक्ष में दिए गए फैसले का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से बदला लेने की कोशिश है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि लोग इस बात को भली भांति जान चुके हैं कि जैसे ही कोई भी राजनीतिक गतिविधि आम आदमी पार्टी के संबंध में होती है तुरंत केंद्र सरकार की ईडी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक समन भेज देती है। उन्होंने कहा कि इस बात का ताजा सबूत यह है, कि अभी एक दिन पहले ही उच्चतम न्यायालय में चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर भाजपा शासित केंद्र सरकार की साजिश पूरे देश के सामने बेनकाब हुआ और इसके तुरंत बाद कल रात को ही ईडी ने एक बार फिर मुख्यमंत्री को एक समन भेज दिया।

## जांच से बचने के लिए केजरीवाल कर रहे हैं ओछी हरकत : बिधूड़ी

*नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशाल के समन को लेकर नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ईडी के सामने जांच के लिए पेश नहीं होना चाहते और उन्होंने इस बारे में कोर्ट से भी कहा है कि वह विधानसभा सत्र में व्यस्त हैं जबकि कई दिन तो खुद विधानसभा में ही नहीं आए। बजट सत्र को जानबूझ कर लंबा खींचा गया है ताकि वह ईडी की जांच से बच सकें। बिधूड़ी ने कहा कि विधानसभा सत्र में किसी गंभीर विषय पर चर्चा नहीं हो रही और एकाध घंटे की कार्यवाही के बाद उसे स्थगित किया जा रहा है। यह स्थिति तो तब है जब विपक्ष ने दिल्ली की अनेक गंभीर समस्याओं पर चर्चा के लिए नोटिस दिए हुए हैं लेकिन उन पर चर्चा नहीं कराई जा रही। मुख्यमंत्री भले ही इस तरह के कितने ही ओछे प्रयास कर लें लेकिन उन्हें शराब घोटाले में ईडी के सामने पेश होना ही पड़ेगा। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के विधायकों ने बजट सत्र के दौरान विधानसभा को पंगु बनाकर रख दिया है। वे रोजाना सदन के बीचों-बीच वेल में आ जाते हैं और हंगामा करते हैं।*

# मोदी सरकार के फैसले किसान हित में: ठाकुर

- केंद्रीय मंत्री ने कहा, ममता राज में बंगाल में ना महिलाएं सुरक्षित हैं ना मीडिया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बृहस्पतिवार को पत्रकारों से किसान आंदोलन और संदेशखाली पर बातचीत की। किसान आंदोलन पर अनुराग ठाकुर ने कहा, किसान को समृद्ध, सशक्त व उन्हें आर्थिक रूप से मज़बूत बनाने के लिए मोदी सरकार ने हर ज़रूरी कदम उठाए हैं, आगे भी निर्णय किसानों के हित में ही लिया जायेगा। मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आगे भी हम चर्चा के लिए हमेशा तैयार हैं। हम सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए कि हिंसा, आगजनी ना हो और किसी को भी जान माल का नुकसान ना पहुंचे। अनुराग ठाकुर ने बताया कि हमने कल ही गन्ने की कीमत 315 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 340 रुपए प्रति क्विंटल की है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 8 फीसदी की बढ़ोतरी है जिस पर 107 फीसदी का रिटर्न है। ठाकुर ने आगे कहा कि मोदी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने हेतु सभी प्रयास कर रही है। हमने स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट को लागू किया। कांग्रेस के 10 वर्षों के कार्यकाल में फसलों की कुल खरीद मात्र 5.50 लाख करोड़ की हुई थी। मोदी सरकार ने 18.39 लाख करोड़ की खरीद की है। यानी लगभग साढ़े तीन गुना ज्यादा। इससे पता चलता है की हमने दाम भी बढ़ाए और खरीदारी भी दोगुनी से ज्यादा की। यूपीए काल की फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को कुछ नहीं मिलता था। मोदी सरकार में डेढ़ लाख करोड़ से ज्यादा का मुआवजा किसानों को मिला है। 10 हजार एफपीओ में से 8 हजार बन चुके हैं और इसे लाखों किसान भी जुड़ चुके हैं। ठाकुर ने बताया, सिंचाई योजनाओं के लिए मोदी सरकार ने डेढ़ गुना ज्यादा यानी लगभग 15 हजार 500 करोड़ खर्च किए। कांग्रेस के समय कृषि ऋण मात्र 7 लाख करोड़ के आसपास था जिसे बढ़ाकर हमने 20 लाख करोड़ रुपए किया है। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली पर अनुराग ठाकुर ने कहा, पश्चिम बंगाल में माताएं, बहनें और बेटियां असुरक्षित महसूस कर रही हैं। संदेशखाली में महिलाओं के ऊपर जो अत्याचार हुआ है उसका संदेश देश की गली-गली तक गया है। केंद्रीय मंत्री ने मीडियाकर्मियों के ऊपर हुए अत्याचार को बेहद निंदनीय बताते हुए इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान बताया है।

# जेवर एयरपोर्ट के पास अवैध निर्माण पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा शहर के पास स्थापित हो रहे जेवर एयरपोर्ट के आसपास की जमीन पर बाबा का बुलडोजर अतिक्रमण हटाओ अभियान चला है।

इस अभियान के दौरान जेवर एयरपोर्ट का नाम लेकर चल रहे बड़े खेला को ध्वस्त किया गया है। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा के अधिकारियों ने दावा किया है कि जेवर एयरपोर्ट के पास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर डेढ़ सौ करोड रुपए मूल्य की 15000 वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है। आपको बता दें कि जेवर एयरपोर्ट के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। इसी साल सितंबर के महीने में जेवर एयरपोर्ट से दुनिया भर के लिए फ्लाइट उड़ने लगेगी। जेवर एयरपोर्ट बनने के कारण यीडा के क्षेत्र में जमीनों के रेट तेजी से बढ़ रहे हैं।

# डीयू के 1.38 लाख छात्रों को कल बांटी जाएंगी डिग्रियां

- दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे मुख्यातिथि, अलग-अलग रंगों के स्टोल में नजर आएंगे विद्यार्थी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय का 100वां दीक्षांत समारोह 24 फरवरी को होगा। वर्ष 2023 में अपनी डिग्री पूरी करने वाले स्नातक और परास्नातक के एक लाख, 38 हजार, 20 छात्र दीक्षित होंगे। इस बार अलग-अलग रंगों के स्टोल में छात्र-छात्राएं जनर आएंगे। इस अवसर पर तीन पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे।

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि इस बार दीक्षांत परिधान में बदलाव किया गया है। विद्यार्थिय भारतीय संस्कृति के अनुरूप अंगवस्त्र धारण करके दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। प्रो. सिंह ने बताया कि पी.जी. के विद्यार्थियों के लिए फिरोजी रंग का गोल्डन बॉर्डर वाला हैंडलूम फैब्रिक स्टोल होगा जिसके दोनों किनारों की ओर विश्वविद्यालय का लोगो और शताब्दी लोगो बने होंगे।

यूजी के विद्यार्थियों के लिए पीले रंग का गोल्डन बॉर्डर वाला हैंडलूम फैब्रिक स्टोल होगा जिसके दोनों किनारों की ओर विश्वविद्यालय का लोगो और शताब्दी लोगो बने होंगे। पीएच.डी., डी.एम. और एम.सीएच. के छात्रां के लिए लाल रंग का गोल्डन बॉर्डर वाला हैंडलूम फैब्रिक स्टोल होगा जिसके दोनों किनारों की ओर विश्वविद्यालय

### डिग्री में होंगे 17 सिक्योरिटी फीचर

कुलपति ने बताया कि इस बार डिग्री में भी काफी बदलाव किए गए हैं। इस बार विद्यार्थियों की माता का नाम भी डिग्री पर छापा गया है। इसके साथ ही विद्यार्थियों की रंगीन फोटो भी डिग्री पर छपी होगी। डिग्री पर करेंसी नोटों की तरह 17 विभिन्न सिक्योरिटी फीचर होंगे जिस कारण उसकी नकल करना आसान नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में आने वाले छात्रों के साथ एक-एक परिजन को भी आने की छूट दी गई है।

### 207 मेडल किए जाएंगे प्रदान

कुलपति ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह में 207 मेडल पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे जिनमें 173 गोल्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट होंगे और 34 पुरस्कार सर्टिफिकेट होंगे। उन्होंने बताया कि इन मैडल्स पुरस्कारों को प्राप्त करने वाले कुल विद्यार्थियों की संख्या 167 है जिनमें 110 महिला और 57 पुरुष विद्यार्थी शामिल हैं। पीएचडी धारकों का आंकड़ा भी साढ़े छ : सौ के करीब हो सकता है।

# दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन स्वीकार्य नहीं

- अध्यक्ष केके अग्रवाल ने कहा, मुद्दों को बातचीत से सुलझाया जा सकता है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय के अध्यक्ष केके अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय में कोई भी विरोध-प्रदर्शन को स्वीकार्य नहीं है और छात्रों की किसी भी परेशानी या भविष्य में उत्पन्न होने वाले मुद्दों को बातचीत के माध्यम से हल किया जा सकता है।

अग्रवाल ने एक साक्षात्कार में कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के मुद्दों को हल करने और विश्वविद्यालय में एक मुक्त माहौल बनाने के लिए उनके साथ संवाद के माध्यमों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

अग्रवाल इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या विश्वविद्यालय अपने पहले जारी निर्देश को वापस लेने पर विचार करेगा, जिसने छात्रों को विरोध प्रदर्शन में भाग लेने से रोक दिया था। पिछले साल 28 जुलाई को विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए निर्देश की बहुत आलोचना हुई थी, जिसने छात्रों की शैक्षणिक स्वतंत्रता को कम करने के प्रयास किए थे। छात्रों से इस बात की घोषणा भी करने को कहा गया था कि शिक्षण संस्थान में प्रवेश लेते समय वह किसी मनोवैज्ञानिक या मनोरोग संबंधी समस्याओं से ग्रस्त नहीं हैं।

# भाजपा विधायकों के खिलाफ कार्यवाही स्थगित करें: कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति से कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी के उन सात विधायकों के खिलाफ अपनी कार्यवाही स्थगित कर दे, जिन्हें बजट सत्र की शुरुआत में उपराज्यपाल वी के सक्सेना के अभिभाषण के दौरान बाधा डालने पर अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया गया था।

सातों विधायकों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि अदालत मामले की सुनवाई उसके गुण-दोष के आधार पर कर रही है, इसलिए समिति को कार्यवाही जारी नहीं रखनी चाहिए। न्यायाधीश ने विधानसभा की ओर से उपस्थित वरिष्ठ वकील से मौखिक रूप से कहा, चूंकि मैंने आज सुनवाई शुरू कर दी है, विशेषाधिकार समिति को (कार्यवाही) जारी नहीं रखनी चाहिए। आगे की सभी कार्यवाही स्थगित रखी जानी चाहिए। भाजपा के सात विधायकों ने अपने अनिश्चितकालीन निलंबन को चुनौती देते हुए इस सप्ताह की शुरुआत में चुनौती दी थी।

# केरल में संरक्षित की जा रही है लुप्तप्राय विशाल सॉफ्टशेल कछुए की प्रजाति

## मीठे पानी के सॉफ्टशेल कछुए को आईयूसीएन की संकटग्रस्त प्रजातियों की लाल सूची में गंभीर रूप से लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत किया गया है



**एक** नए शोध में कहा गया है कि स्थानीय समुदायों के ज्ञान के परिणामस्वरूप भारत में पहली बार दुर्लभ कछुए की आबादी की खोज हुई है। कैंटर का विशाल सॉफ्टशेल वाला कछुआ (पेलोचिल्स कैंटोरी) दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया की नदियों का मूल निवासी है। अपनी दुर्लभता और गुप्त प्रकृति के लिए जानी जाने वाली यह प्रजाति लंबे समय से संरक्षणवादियों के बीच आकर्षण और चिंता का विषय रही है।शोध के मुताबिक, मांस के लिए स्थानीय लोगों द्वारा इनको भारी मात्रा में पाला जाता है और अक्सर मछली पकड़ने के गियर में फंसने पर मछुआरों द्वारा इन्हें मार दिया जाता है। वर्तमान में मीठे पानी के कछुए को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) की संकटग्रस्त प्रजातियों की लाल सूची में गंभीर रूप से लुप्तप्राय (सीआर) के रूप में वर्गीकृत किया गया है और इनकी संख्या लगातार कम हो रही है।

प्रजातियों के ठिकाने का पता लगाने के लिए संरक्षणवादियों की एक टीम ने उन लोगों की ओर रुख किया, जो इनसे अपना निवास स्थान साझा करते हैं। यह यात्रा उन्हें केरल में चंद्रगिरि नदी के हरे-भरे तट पर ले गई। शोधकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से बात करके, कछुओं को समूह में देखे जाने का व्यवस्थित रूप से दस्तावेजीकरण किया है और साथ ही यहां रहने वाले लोगों को भी संरक्षण के प्रयासों में शामिल कर लिया है।

उन्होंने बताया कि इस कार्य से मादा घोंसले का पहला दस्तावेजीकरण हुआ और बाढ़ वाले इलाकों के घोंसलों से अंडों को बचाया गया। बाद में बच्चों को नदी में छोड़ दिया गया।

ओरिक्स पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन की अगुवाई इंग्लैंड के पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय और जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ लंदन, मियामी विश्वविद्यालय, जर्मनी में सेनकेनबर्ग सोसाइटी फॉर नेचर रिसर्च में जूलॉजी संग्रहालय, अमेरिका के फ्लोरिडा म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री के संरक्षणवादियों ने किया था। साथ ही इसमें भारतीय वन्यजीव संस्थान ने अहम भूमिका निभाई।

अध्ययनकर्ता और पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज के डॉ. फ्रेंकोइस कबाडा-ब्लैंको ने कहा, सालों से, कैंटर कछुए का अस्तित्व भारत की हलचल भरी जैव विविधता में एक अफवाह की तरह रही है, जिसे देखना इतना दुर्लभ है कि कछुए की उपस्थिति ही अतीत के किसी कल्पना जैसी लग रही थी।

उन्होंने आगे बताया कि पारंपरिक पारिस्थितिकी सर्वेक्षण विधियों का उपयोग करके किसी को खोजने के कई असफल प्रयासों के बाद, हमने स्थानीय ज्ञान का उपयोग करके एक अलग तरीका अपनाया। शोध के मुताबिक, आयुषी जैन के नेतृत्व वाली टीम वास्तव में लोगों को प्रभावी ढंग से शामिल करने में सक्षम थी, यहां तक कि उन्होंने ऐतिहासिक दृश्यों की कहानियां साझा कीं, वर्तमान घटनाओं पर सुराग प्रदान किया और यहां तक कि गलती से पकड़े गए कछुओं को छुड़वाने में सहायता की।शोध में कहा गया है कि आयुषी की टीम अब सामुदायिक हैचरी और नर्सरी स्थापित करने पर काम कर रही है।


जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ लंदन के एज ऑफ एक्सिस्टेंस प्रोग्राम की आयुषी जैन ने कहा, घरेलू साक्षात्कार और स्थानीय अलर्ट नेटवर्क की स्थापना के माध्यम से, हमने सिर्फ सुना नहीं बल्कि सीखा भी। उन्होंने बताया कि लोगों की भागीदारी की इच्छा ने हमारी परियोजना की रीढ़ बनाई, जिससे हमें न केवल कछुओं की झलकियां रिकॉर्ड करने में मदद मिली, बल्कि प्रजनन करने वाली आबादी का सबूत भी मिला। यह एक ऐसी खोज जो भारत के पानी से लुप्त हो रही प्रजाति की कहानी को फिर से उजागर करती है।

शोध के निष्कर्षों में कहा गया है कि संरक्षण विज्ञान में स्थानीय ज्ञान की अमूल्य भूमिका रही हैं। यह एक ऐसा उपकरण जो हमारी धरती की जैव विविधता को समझने और संरक्षित करने की खोज में किसी भी उपग्रह टैग या कैमरा ट्रैप जितना महत्वपूर्ण है।

अलर्ट नेटवर्क की स्थापना क्षेत्र में एक अग्रणी तरीका हो सकता है, जहां सामुदायिक भागीदारी से वास्तविक समय की जानकारी और तत्काल कार्रवाई होती है, जिससे केरल में वन्यजीव संरक्षण के अधिक संवेदनशील और समावेशी मॉडल का मार्ग प्रशस्त होता है। शोध के हवाले से डॉ. कबाडा-ब्लैंको ने कहा, वैज्ञानिक जांच के साथ पारंपरिक ज्ञान को एकजुट करने से निश्चित रूप से कैंटर के विशाल सॉफ्टशेल कछुए के संरक्षण के लिए आगे का रास्ता रोशन हो सकता है। उन्होंने आगे कहा, हमारा अध्ययन दोबारा खोज करने, नदी और उसके लोगों द्वारा बताई गई कहानियों में आशा खोजने और भविष्य के लिए आधार तैयार करने की कहानी है, जहां यह शानदार प्रजाति न सिर्फ जीवित रह सकती है, बल्कि पनप भी सकती है।

**साभार :डीटीई**

## स्वास्थ्य में समानता को लेकर सामाजिक निर्धारकों की निगरानी के लिए डब्ल्यूएचओ ने जारी की मार्गदर्शिका



**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने स्वास्थ्य में समानता को लेकर सामाजिक निर्धारकों और उन्हें हल करने वाले कार्यों की निगरानी के लिए एक नया मैनुअल या मार्गदर्शिका जारी की है।

डब्ल्यूएचओ ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस नई मार्गदर्शिका का उद्देश्य स्वास्थ्य में समानता में सुधार के लिए साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण में देशों की मदद करना है, ताकि हर किसी को हर जगह स्वास्थ्य और कल्याण के उच्चतम संभव मानक हासिल करने में सक्षम बनाया जा सके।

रिपोर्ट के मुताबिक, वे स्थितियां जिनमें लोग पैदा होते हैं, बड़े होते हैं, रहते व काम करते हैं और लोगों की शक्ति, धन और संसाधनों तक पहुंच को स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारक कहा जाता है। ये सभी उनके स्वास्थ्य और कल्याण पर असर डालते हैं। यही कारण देशों के अंदर और बाहर स्वास्थ्य असमानता को बढ़ाते हैं।

दुनिया भर में कोविड-19 महामारी, जलवायु परिवर्तन और संघर्ष असमानताओं को और बढ़ाते हैं और सरकारों को उन तरीकों से समाज का पुनर्निर्माण करने की तत्काल आवश्यकता को उजागर करते हैं जिससे सभी को फायदा हो सके। रिपोर्ट के हवाले से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सामाजिक निर्धारक विभाग के निदेशक डॉ. एटियेन क्रुग ने कहा, स्वास्थ्य संबंधी मौलिक मानव अधिकार को कायम रखने के लिए सरकारों को सही तरीके से असमानताओं की पहचान करके उन्हें खत्म करना होगा।

यह तभी संभव हो सकता है जब देशों के पास ऐसा करने के लिए आंकड़े और क्षमताएं हों। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य समानता के सामाजिक निर्धारकों की निगरानी के लिए डब्ल्यूएचओ की यह मार्गदर्शिका आगे बढ़ने का एक स्पष्ट और व्यावहारिक तरीका प्रदान करती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग दो दशक पहले, स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों पर डब्ल्यूएचओ के आयोग ने स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों को हल करने में देशों की मदद करने के लिए एक एजेंडा तय किया था। कई सरकारों की उच्च-स्तरीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद, आयोग की सिफारिशों को लागू करने में उतनी प्रगति नहीं हुई जितनी कल्पना की गई थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह सुनिश्चित करने के लिए कि स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों को हल करने के लिए की गई कार्रवाइयां अपने उद्देश्यों को हासिल करें। सरकारों को साक्ष्य-आधारित नीतियों को विकसित करने और लागू करने, संसाधनों को आवंटित करने और हस्तक्षेपों को प्राथमिकता देने के लिए सटीक, समय पर और तुलना करने योग्य आंकड़ों की आवश्यकता है।

इस बारे में, 2021 में चौहत्तरवीं विश्व स्वास्थ्य सभा ने संकल्प डब्ल्यूएचए 74.16 को अपनाया, जिसने सदस्य राज्यों को स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों को हल करने के लिए कार्रवाई करने को प्रोत्साहित किया। इस संकल्प के हिस्से के रूप में, डब्ल्यूएचओ को स्वास्थ्य और स्वास्थ्य असमानताओं के सामाजिक निर्धारकों को मापने के लिए एक मार्गदर्शिका तैयार करने का काम सौंपा गया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जारी की गई मार्गदर्शिका इस विषय पर पिछले शोध और काम की समीक्षा करती है। साथ ही यह संकेतकों का एक सूची प्रदान करती है, तकनीकी निगरानी के लिए चरण-दर-चरण प्रक्रिया को शामिल करती है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय और उपराष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य समानता के लिए नीति को लागु करने के लिए आंकड़ों का उपयोग कैसे किया जाए। स्वास्थ्य समानता के सामाजिक निर्धारकों पर आगामी विश्व रिपोर्ट के साथ, स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों को हल करने के प्रयासों में सुधार किया गया है।

# वक्त से चार महीने पहले सरकार ने बढ़ाए गन्ने की खरीद के दाम, क्या है नया एफआरपी?



देश के लगभग पांच करोड़ गन्ना किसानों को लुभाने के लिए केंद्र सरकार ने 21 फरवरी 2024 की देर शाम एक दांव फेंका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य यानी एफआरपी में आठ फीसदी की वृद्धि का निर्णय लिया गया।

यह निर्णय अप्रत्याशित है, क्योंकि अमूमन जून माह में एफआरपी की घोषणा की जाती है, क्योंकि चीनी सीजन की शुरुआत अक्टूबर से होती है। पिछले साल 28 जून 2023 को गन्ने की एफआरपी में वृद्धि को मंजूरी दी गई थी।

**क्यों खाद्य तेल उद्योग ने सरकार से कहा कि सरसों की खरीद शुरू की जाए?**

देर शाम प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि कैबिनेट समिति ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए 10.25 प्रतिशत की चीनी रिकवरी दर पर गन्ने के एफआरपी 340 रुपए प्रति क्विंटल को मंजूरी दे दी। यह गन्ने की ऐतिहासिक मूल्य वृद्धि है, जो चालू सीजन 2023-24 के लिए गन्ने की एफआरपी से लगभग 8 प्रतिशत अधिक है। विज्ञप्ति के मुताबिक संशोधित एफआरपी 01 अक्टूबर 2024 से लागू होगी।

विज्ञप्ति में दावा किया गया कि गन्ने की लागत से 107 प्रतिशत अधिक एफआरपी के कारण गन्ना किसानों की समृद्धि सुनिश्चित होगी। यह भी दावा किया गया कि भारत पहले से ही दुनिया में गन्ने की सबसे ज्यादा कीमत चुका रहा है और इसके बावजूद सरकार भारत के घरेलू उपभोक्ताओं को दुनिया की सबसे सस्ती चीनी सुनिश्चित कर रही है।

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्र सरकार के इस फैसले से 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों (परिवार के सदस्यों सहित) और चीनी क्षेत्र से जुड़े लाखों लोगों को फायदा होने वाला है। इससे किसानों की आय दोगुनी करने की मोदी की गारंटी को पूरा करने की पुष्टि होती है। कैबिनेट समिति द्वारा दी गई मंजूरी के चलते चीनी मिलें गन्ने की एफआरपी 10.25 प्रतिशत की रिकवरी पर 340 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करेंगी। वहीं, रिकवरी में प्रत्येक 0.1त्न की वृद्धि के साथ, किसानों को ? 3.32 की अतिरिक्त कीमत मिलेगी, जबकि वसूली में 0.1त्न की कमी पर समान राशि की कटौती की जाएगी।

> यह निर्णय अप्रत्याशित है, क्योंकि अमूमन जून माह में एफआरपी की घोषणा की जाती है, क्योंकि चीनी सीजन की शुरुआत अक्टूबर से होती है

हालांकि, गन्ने का न्यूनतम मूल्य 315.10 रुपए प्रति क्विंटल है, जो 9.5 प्रतिशत की रिकवरी पर है। भले ही चीनी की रिकवरी कम हो, किसानों को ?315.10 प्रति क्विंटल की दर से एफआरपी का आश्वासन दिया जाता है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि पंजाब-हरियाणा में किसान फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर पिछले 10 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं और किसानों व सरकार के बीच चार दौर की बातचीत हो चुकी है।

आखिरी दौर की बातचीत में सरकार ने अगले पांच साल के लिए केवल पांच फसलों की कानूनी गारंटी देने का प्रस्ताव किसानों को सामने रखा, जिसे किसानों ने ठुकरा दिया। इसके बाद से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि सरकार व किसानों के बीच टकराव बढ़ सकता है। माना जा रहा है कि इसी दबाव में सरकार ने वक्त से पहले ही एफआरपी की घोषणा कर दी है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य सही समय पर मिले। पिछले चीनी सीजन 2022-23 का 99.5 प्रतिशत गन्ना बकाया और अन्य सभी चीनी सीजन का 99.9 प्रतिशत किसानों को पहले ही भुगतान किया जा चुका है, जिससे चीनी क्षेत्र के इतिहास में सबसे कम गन्ना बकाया लंबित है। विज्ञप्ति में दावा किया गया कि सरकार द्वारा समय पर नीतिगत हस्तक्षेप के चलते चीनी मिलें आत्मनिर्भर हो गई हैं और 2021-22 के बाद से सरकार द्वारा उन्हें कोई वित्तीय सहायता नहीं दी जा रही है। फिर भी, केंद्र सरकार ने किसानों के लिए गन्ने की सुनिश्चित एफआरपी और सुनिश्चित खरीद सुनिश्चित की है।

# पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी, पश्चिम बंगाल में गिर सकते हैं ओले

## 24 फरवरी की रात से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पश्चिमी हिमालयी इलाकों के मौसम में एक बार फिर से बदलाव के आसार हैं



**मौसम** विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ निचले स्तरों पर पछुआ हवाओं में एक गर्त के रूप में जारी है। इसके कारण आज, यानी 22 फरवरी को पश्चिमी हिमालयी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश तथा बर्फबारी होने की संभावना है। पश्चिमी हिमालयी इलाकों में 15.6 मिमी से 64.4 मिमी तक बारिश होने का अनुमान लगाया गया है।

वहीं आज, 22 फरवरी को पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में बिजली गिरने तथा गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान है।

मौसम विभाग की मानें तो एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के 24 फरवरी की रात से सक्रिय होकर पश्चिमी हिमालयी इलाकों के मौसम में एक बार फिर से बदलाव करने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण 24 से 27 फरवरी के दौरान पश्चिमी हिमालयी इलाकों के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश तथा बर्फबारी हो सकती है।

देश के अन्य हिस्सों में मौसम में बदलाव देखें तो, एक चक्रवाती प्रसार पूर्वोत्तर असम और इससे सटे इलाकों के निचले स्तरों पर बना हुआ है। इसके अलावा अगले दो से तीन दिनों के दौरान पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में बंगाल की खाड़ी से भारी नमी आने की संभावना है। मौसम संबंधी इन गतिविधियों के चलते 22 और 23 फरवरी को अरुणाचल प्रदेश के अधिकतर इलाकों में वज्रपात होने, तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा तथा बर्फबारी होने के आसार हैं।

वहीं, आज और कल अरुणाचल प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश तथा हिमपात की आशंका जताई गई है, 22 फरवरी को असम और नागालैंड के अलग-अलग हिस्सों में भी बादलों के जमकर बरसने का पूर्वानुमान है। पूर्वोत्तर के इन हिस्सों में 115.6 मिमी से 204.4 मिमी तक बारिश हो सकती है। वहीं आज, 22 फरवरी को बिहार, झारखंड के कुछ हिस्सों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने तथा बिजली गिरने की आशंका जताई गई है, इन राज्यों में 15.6 मिमी से 64.4 मिमी तक बारिश होने का अनुमान है। 22 और 23 फरवरी को पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लेकर 50 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तूफानी हवाएं चल सकती हैं।मौसम विभाग के मुताबिक, आज, 22 फरवरी को सिक्किम में अलग-अलग इलाकों में बादलों के जमकर बरसने के आसार हैं, यानी आज, सिक्किम में 115.6 मिमी से 204.4 मिमी तक बारिश होने का अनुमान है।

**कहां होगी ओलावृष्टि?**

आज, 22 फरवरी को पश्चिम बंगाल में गंगा के अलग-अलग तटीय इलाकों में ओलावृष्टि होने की आशंका जताई गई है।

**तापमान में उतार चढ़ाव**

तापमान में उतार चढ़ाव संबंधी मौसम विभाग का पूर्वानुमान देखें तो अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है और उसके बाद न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने का अनुमान है। वहीं, अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर भारत के बाकी हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है।

वहीं देश के कुछ हिस्सों में तापमान में इजाफा हो गया है, जिसके चलते आज, 22 फरवरी को तटीय ओडिशा, रायलसीमा और केरल में गर्म और नमी वाले मौसम के कारण लोगों को परेशानी हो सकती है। कल, देश के मैदानी इलाकों में पंजाब के अमृतसर में न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं कल, देश भर में रायलसीमा के कडप्पा में अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**कहां हुई थी बर्फबारी?**

22 फरवरी को 8.30 से 5.30 के दौरान जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद के कुछ हिस्सों और हिमाचल प्रदेश तथा अरुणाचल प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में भारी बर्फबारी दर्ज की गई थी।

**कहां होगी बारिश और कहां पड़ी गरज के साथ बौछारें?**

23 फरवरी को 8.30 से 5.30 के दौरान असम और मेघालय के कुछ हिस्सों, पश्चिम उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम मध्य प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश हुई या गरज के साथ बौछारें पड़ी।

**कहां हागी एक सेमी या उससे अधिक बारिश**

23 फरवरी को 8.30 से 5.30 के दौरान अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट में 1 सेमी बारिश दर्ज की गई।

**साभार :डीटीई**

## संक्षिप्त समाचार

### तेंदुलकर ने कश्मीर में खेला गली क्रिकेट



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उरी में गली क्रिकेट खेल रहे युवाओं का तब आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा जब कोई और नहीं बल्कि दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर उनके साथ खेलने के लिए उतरे। पहली बार जम्मू कश्मीर के दौरे पर गए तेंदुलकर ने जब कुछ युवाओं को कार्डबोर्ड कार्टन और स्टंप के रूप में एक खाली तेल के डिब्बे के साथ सड़क पर क्रिकेट खेलते हुए देखा तो वह अपनी गाड़ी से नीचे उतर गए। तेंदुलकर ने एक्स पर पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसका शीर्षक उन्होंने क्रिकेट और कश्मीर: स्वर्ग में खेला गया मैच रखा है। इस वीडियो में उन्हें 9 गेंद खेलते हुए देखा जा सकता है जिसमें स्थानीय लोग बड़े कौतुहल के साथ उन्हें खेलते हुए देख रहे हैं। इस वीडियो क्लिप में तेंदुलकर की पत्नी अंजलि को भी मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है। इसके शुरू में तेंदुलकर लड़कों से कहते हैं, हम खेलें। कौन है तुम्हारा बॉलर। इसके बाद उन्होंने बल्ला हाथ में लिया। भूरे रंग की जैकेट पहने हुए तेंदुलकर ने 9 गेंद का सामना किया तथा इस बीच अपने पसंदीदा स्ट्रेट ड्राइव और एक स्कूप शॉट भी लगाए। भारत की तरफ से छह विश्व कप में खेलने वाले तेंदुलकर ने इसके बाद अपने प्रशंसकों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

### फोनसेका ने रियो में जीता एटीपी टूर मैच

**रियो डी जिनेरियो।** ब्राजील के 17 वर्षीय जोआओ फोनसेका ने रियो ओपन में सातवें वरीय आर्थस फिल्स को 6-0, 6-4 से शिकस्त दी जिससे वह 2006 में पैदा हुए एटीपी टूर स्तर का मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। पिछले साल अमेरिकी ओपन में लड़कों का एकल खिताब जीतने वाले फोनसेका की रैंकिंग अभी 655 है और फिल्स को हराने के बाद उनके करीब 200 स्थान की छलांग की उम्मीद है। वह राउंड 16 में चिली के क्रिस्टियन गारिन से भिड़ेंगे। अर्जेंटीना के चौथे वरीय फ्रांसिस्को सेरूंडोलो ने स्पेन के एलबर्ट रामोस विनोलास को 6-2, 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार के मेजर विजेता स्टान वावरिंका को अर्जेंटीना के फाकुंडो डायज अकोस्टा से सीधे सेटों में हार मिली जबकि जर्मनी के यानिक हैन्फमैन ने चिली के निकोलास जारी को तीन सेट में हराकर बाहर कर दिया।

# डब्ल्यूपीएल में मुंबई और दिल्ली होंगे आमने-सामने

## महिलाओं की टी-20 लीग में भारत की युवा खिलाड़ियों पर होगी सबकी निगाह

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**मौजूदा** चैंपियन मुंबई इंडियंस और पिछली बार के उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच शुक्रवार को यहां होने वाले मैच से दूसरे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का आगाज होगा जिसमें भारत की युवा खिलाड़ियों पर निगाह टिकी रहेगी। पछले साल डब्ल्यूपीएल का पहला टूर्नामेंट मुंबई में खेला गया था लेकिन इस बार इसका आयोजन बेंगलुरु और नई दिल्ली में किया जाएगा।

दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुकी हैं लेकिन डब्ल्यूपीएल में टीम का काफी दारोमदार इस अनुभवी बल्लेबाज पर टिका रहेगा। उन्होंने पिछले साल इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए थे जबकि मुंबई की गेंदबाज हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 16 विकेट लिए थे। टूर्नामेंट में विदेशों की कई स्टार खिलाड़ी भाग लेगी जिनके बीच भारत की युवा खिलाड़ी अपनी चमक बिखरने की कोशिश करेंगी।



पिछले साल भारतीय खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई थी।

जिन युवा भारतीय खिलाड़ियों पर निगाह टिकी रहेगी उनमें श्रेयंका पाटिल भी शामिल हैं जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की तरफ से खेलेगी। पाटिल ने पिछले 10 महीनों में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच उन्हें भारत की तरफ से टेस्ट और वनडे क्रिकेट में प्रदार्पण करने का मौका भी मिला। इसी तरह की कहानी दिल्ली कैपिटल्स की टिटास साधु की है जिन्हें पिछली बार एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था लेकिन इस बार उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने एशियाई खेलों में भारत की तरफ से पदार्पण किया। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिए जिससे भारत 117 रन के अपने स्कोर का बचाव करने में सफल रहा था।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में खेले गए टी-20 मैच में साधु ने चार विकेट लेकर अपनी काबिलियत साबित की थी। दिल्ली की टीम में एक अन्य युवा खिलाड़ी मिन्नू मणि है जो डब्ल्यूपीएल में खुद को साबित करने के लिए बेताब होगी। इस ऑफ स्पिनर ने अभी तक भारत की तरफ से चार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। इन युवा खिलाड़ियों के अतिरिक्त भारत की अनुभवी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी सभी की निगाह टिकी रहेगी। इनमें मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर और आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना भी शामिल हैं।

### दोनों टीम की खिलाड़ी

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हेली मैथ्यूज, हुमैरा काजी, इस्सी वोंग, जिन्तिमनी कलिता, नट साइवर-ब्रंट, पूजा वस्त्राकर, प्रियंका बाला, सैका इशाक, यास्तिका भाटिया, शबनिम इस्माइल, एस सजना, अमनदीप कौर, फातिमा जाफर, कीर्तन बालाकृष्णन।

**दिल्ली कैपिटल्स:** मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, लौरा हैरिस, शैफाली वर्मा, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड, अरुंधति रेड्डी, अश्विनी कुमारी, जेस जोनासेन, मारिज़ैन कैप, स्नेहा दीप्ति, मिन्नू मणि, राधा यादव, शिखा पांडे, अपर्णा मंडल , तानिया भाटिया, पूनम यादव, टिटास साधु।

मैच : शाम 7.30 बजे से

### रोनाल्डो के गोल से अल नासर क्वार्टरफाइनल में

**रियाद।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की मदद से अल नासर क्लब ने अल फाहया पर कुल 3-0 की जीत से एशियाई चैम्पियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से अल नासर ने पहले चरण के मैच में 1-0 से जीत हासिल की थी जबकि दूसरे चरण में उन्होंने मैच खत्म होने से चार मिनट पहले गोल किया। रोनाल्डो (86वें मिनट) और ओटावियो (17वें मिनट) के गोल की मदद से अल नासर ने दूसरे चरण में 2-0 से जीत दर्ज की। अब अल नासर की निगाहें पहले महाद्वीपीय खिताब पर लगी हैं और अगले महीने क्वार्टरफाइनल में उसका सामना संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन क्लब से होगा।

## इंग्लैंड के खिलाफ चौथा टेस्ट मैच आज से रांची में

# सीरीज जीतने उतरेगा भारत

### बुमराह की गैरहाजिरी में पलटवार करना चाहेगी मेहमान टीम

**एजेंसी।** रांची

**तेज** गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति के बावजूद भारत शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच में भी इंग्लैंड की बैजबॉल (आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करना) शैली को धत्ता बताकर पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा।

भारत अभी श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है और उसकी निगाह घरेलू मैदान पर लगातार 17वीं श्रृंखला जीतने पर लगी हैं। 2012 में एलिस्टर कुक की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अपनी धरती पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करती रही है। उसके बाद उसने जो 47 टेस्ट मैच के लिए उनमें से 38 में जीत दर्ज की है। इस बीच उसे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ही हार का सामना करना पड़ा।

विराट कोहली, केएल राहुल और खराब फार्म में चल रहे श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम की तरफ से युवा बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। फिर चाहे वह यशस्वी जायसवाल हो या सरफराज खान। जायसवाल ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने पहले तीन मैच में 545 रन बनाए हैं जिसमें दो दोहरे शतक भी शामिल हैं। सरफराज ने नागपुर में अपने पहले टेस्ट मैच में ही दोनों पारियों में अर्धशतक लगाए। शुभमन गिल ने भी तीसरे नंबर पर अपने पांव



जमा लिए हैं।

श्रृंखला में अभी तक सर्वाधिक 17 विकेट लेने वाले बुमराह को विश्राम दिया गया है। धर्मशाला में पांचवें टेस्ट मैच में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है और तब बुमराह भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे लेकिन अभी टीम में मोहम्मद सिराज सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज है। सिराज के साथ बंगाल के मुकेश कुमार और आकाशदीप में से किसी एक को चुना जा सकता है। मुकेश कुमार अधिक अनुभवी हैं और उन्होंने हाल में रणजी ट्रॉफी मैच में 10 विकेट के लिए थे। वह दूसरे टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें उन्होंने दोनों पारियों में कुल मिलाकर 12 ओवर करके एक विकेट लिया था।

यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन मुकेश पर विश्वास बनाए रखना है या आकाशदीप को पदार्पण का मौका देता है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो यहां की पिच की प्रकृति को देखते हुए टीम में दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर रखना सही होता है।

### दोनों टीम के खिलाड़ी

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाशदीप।

**इंग्लैंड:** बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, हैरी ब्रुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, बेन फॉक्स, टॉम हार्टली, जैक लीच, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, मार्क वुड

मैच: सुबह 9.30 बजे से

### चार स्पिनर के साथ उतर सकता है इंग्लैंड

**इंग्लैंड** चार स्पिनर और एक तेज गेंदबाज के साथ मैदान पर उतर सकता है। अगर इंग्लैंड चार स्पिनरों के साथ उतरता है तो वह टॉम हार्टली, रेहान अहमद और जो रूट के साथ शोएब बशीर को अंतिम एकादश में शामिल करेगा। रूट बल्लेबाजी में अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। उन्होंने अभी तक केवल 77 रन बनाए हैं जबकि इससे अधिक ओवर (107) किए हैं।

पूरी संभावना है कि भारत दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनरों के साथ उतरेगा। ऐसे में अक्षर पटेल की वापसी की संभावना नहीं है। यह तय है कि भारतीय टीम रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव के साथ ही मैदान पर उतरेगी। इस मैदान पर आखिरी टेस्ट मैच 2019 में खेला गया था और तब मोहम्मद शमी और उमेश यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 विकेट लिए थे जबकि भारतीय स्पिनरों को 8 विकेट मिले थे। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि इंग्लैंड बैजबॉल शैली में बल्लेबाजी करने की अपनी रणनीति पर कायम रहता है या नहीं। हैदराबाद में पहले टेस्ट मैच में उसकी यह शैली सही साबित हुई थी लेकिन अगले दो मैच में उसके बल्लेबाजों का आक्रामक अंदाज टीम को भारी पड़ा था।

## मैंने इस तरह की पिच पहले कभी नहीं देखी : स्टोक्स

**एजेंसी।** रांची

**इंग्लैंड** के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए तैयार की गई पिच को लेकर कहा कि उन्होंने पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी।

भारत पांच मैच की श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे है। मैच से पहले हालांकि पिच को लेकर चर्चा बनी हुई है जिसमें दरार पड़ी हुई हैं।


स्टोक्स ने कहा, यह देखने में दिलचस्प लग रही है। मैं इस तरह की पिच के बारे में नहीं जानता इसलिए अधिक कुछ नहीं कह सकता हूं। मैंने इससे पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी इसलिए मुझे किसी तरह का अंदाजा नहीं है। मैं नहीं जानता कि यह किस तरह का व्यवहार करेगी।

उन्होंने कहा, ड्रेसिंग रूम से देखने पर इसमें घास नजर आती है लेकिन जब आप पास जाते हो तो यह पूरी तरह से भिन्न दिखती है। इसमें कुछ दरारें नजर आती हैं। पिच की



प्रकृति के कारण इंग्लैंड को अपनी अंतिम एकादश की घोषणा करने में भी देर हुई। मार्क वुड की जगह तेज गेंदबाज ओली रॉबिंसन का टीम में जगह बनाना तय है लेकिन अभी यह फैसला नहीं किया गया है कि शोएब बशीर के रूप में चौथा स्पिनर रखना है या डैन लॉरेंस के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज। स्टोक्स ने कहा, रॉबिंसन के पास अविश्वसनीय कौशल है जिससे वह दुनिया में कहीं भी सफल गेंदबाज बन सकता है।

### विकेट में दरार हैं और यह टर्न लेगा: राठौड़



**रांची।** भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने गुरुवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के लिए तैयार किए गए विकेट में पर्याप्त दरार हैं और इससे स्पिनरों को मदद मिलेगी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने वर्तमान श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लिए हैं लेकिन उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत चौथे टेस्ट मैच से विश्राम दिया गया है। भारत के इस फैसले के बाद माना जा रहा है कि शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए टर्निंग विकेट तैयार किया जाएगा। राठौड़ ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, जब भी हम भारत में खेलते हैं तो पिच पर सवालिया निशान लगा दिया जाता है। यह आम भारतीय विकेट जैसा है जिसमें दरार है। उन्होंने कहा, यह टर्न लेगा लेकिन कितना और कब टर्न मिलेगा इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन हमारी टीम काफी संतुलित है। राठौड़ ने कहा कि बुमराह पूरी तरह से फिट हैं लेकिन इस तेज गेंदबाज को लगातार खिलाना सही नहीं होता।

## आईपीएल के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलरु से भिड़ेगी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**गत** चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सत्र के शुरूआती मैच में चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सामने होगी। बीसीसीआई ने गुरुवार को इस लोकप्रिय टी-20 लीग के पहले 17 दिन के कार्यक्रम की घोषणा की।




बोर्ड ने टी-20 लीग के पहले 17 दिन का कार्यक्रम घोषित किया

आईपीएल के बचे हुए मुकाबलों के कार्यक्रम का ऐलान अगले महीने के शुरू में आगामी लोक सभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद किया जाएगा। टूर्नामेंट के पहले 17 दिन 21 मैच खेले जाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। प्रारूप के अनुसार 10 टीम को पांच पांच के दो ग्रुप में विभाजित किया गया है।

ग्रुप चरण में प्रत्एक टीम 14 मैच खेलेगी। हर टीम अपने ग्रुप में अन्य चार टीम से दो बार घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर खेलेगी। वह दूसरे ग्रुप में चार टीम से एक एक बार भिड़ेगी जबकि बची हुई दो टीम दो बार एक दूसरे के आमने सामने होगी। आम चुनाव अप्रैल-मई में होने की उम्मीद है। सिर्फ एक बार 2009 में पूरा आईपीएल दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था जबकि 2014 में आम चुनाव के कारण स्वदेश और संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया गया था। लेकिन 2019 में चुनावों के बावजूद टूर्नामेंट भारत में ही कराया गया था।

## अफगानिस्तान अंतिम टी-20 में तीन रन से जीता

### श्रीलंका ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की

**एजेंसी।** दाम्बुला

**अफगानिस्तान** ने तीसरे और अंतिम ट्वेंटी-20 मैच में श्रीलंका को तीन रन से हरा दिया। लेकिन श्रीलंका ने तीन मैच की टी-20 श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन बनाए। श्रीलंका की टीम छह विकेट पर 206 रन ही बना सकी। श्रीलंका को जीत के लिए अंतिम छह गेंद में 19 रन की दरकार थी और अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज वफादार मोमंड अंतिम ओवर में गेंदबाजी करने उतरे। कामिंडु मेंडिस ने मोमंड पर पहली और तीसरी गेंद पर दो चौके जड़ दिए। इस गेंदबाज की चौथी गेंद कमर से ऊपर की थी लेकिन लेग अंपायर ने इसे नहीं देखा जिस पर श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसारंगा ने अंपायर की आलोचना भी



की। अब अंतिम दो गेंद में 10 रन की दरकार थी। कामिंडु मेंडिस ने एक छक्का जड़ा लेकिन टीम तीन रन से पीछे रह गई। वह 39 गेंद में 65 रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका के लिए सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका 60 रन बनाने के बाद चोटिल होने के कारण मैदान छोड़कर चले गए थे। अफगानिस्तान के लिए हजरतुल्लाह जजई ने 45 रन और रहमनानुल्लाह गुरबाज ने 70 रन बनाए।

### कर्नाटक, तमिलनाडु मुंबई की निगाहें सेमीफाइनल पर

**मुंबई।** डेढ़ महीने तक चले उतार चढ़ाव भरे मुकाबलों के बाद आठ टीम रणजी ट्राफी के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई हैं और शुक्रवार से शुरू होने वाले इस चरण में एक भी चूक उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर देगी।

आठ चरण में 41 बार की चैम्पियन मुंबई, मजबूत दावेदार कर्नाटक, तमिलनाडु तथा विदर्भ और बड़ौदा के अलावा गत चैम्पियन सौराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आंध्र की टीम शामिल हैं। मुंबई की टीम शुक्रवार से यहां बड़ौदा के खिलाफ मुकाबले में अपने मध्यक्रम बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और स्टार आल राउंडर शिवम दूबे के बिना होगी। दूबे मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर हैं।

## टखने की चोट के कारण शमी आईपीएल से बाहर

### जनवरी में लगवाया था इंजेक्शन, नहीं मिला फायदा, अब कराएंगे ऑपरेशन

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बाएं टखने में चोट के कारण अगले महीने शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन्हें ब्रिटेन में इसका ऑपरेशन करवाना होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

यह 33 वर्षीय तेज गेंदबाज चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पा रहा है। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। बीसीसीआई के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, शमी टखने पर विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी



के अंतिम सप्ताह में लंदन में थे और उन्हें बताया गया कि वह तीन सप्ताह के बाद हल्की दौड़ शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन इंजेक्शन लगवाने से कोई फायदा नहीं हुआ और अब उनके पास ऑपरेशन करवाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। वह ऑपरेशन करवाने के लिए जल्द ही ब्रिटेन जाएंगे। उनके आईपीएल में खेलने का सवाल ही नहीं उठता। शमी ने विश्व कप में दर्द के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया था तथा 24 विकेट हासिल किए थे। उन्हें हाल में अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। इस तेज गेंदबाज की अक्टूबर नवंबर में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला से पहले वापसी करने की संभावना नहीं है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे तक पूरी तरह फिट होना होगा।

शमी की चोट के कारण राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवालिया निशान लग गया है। सूत्र ने कहा, शमी को सीधे ऑपरेशन के लिए जाना चाहिए था और यह एनसीए का फैसला होना चाहिए था। उन्होंने दो महीने का विश्राम लिया और इंजेक्शन कारगर साबित नहीं हुआ। वह भारतीय टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा है और ऑस्ट्रेलिया में उनकी जरूरत पड़ेगी।

## टेनिस: कोको गॉफ, स्वियातेक और रयबाकिना दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी।** दुबई

**कोको** गॉफ ने धीमी शुरुआत और दूसरे सेट में चेयर अंपायर के साथ बहस के बावजूद करोलिना प्लिस्कोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 2-6, 6-4, 6-3 से जीत दर्ज करके प्लिस्कोवा के 11 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर भी रोक लगाई। अमेरिका की इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला रूस की अन्ना कलिंस्काया से होगा जिन्होंने नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-5 से हराया। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने दो बार की चैंपियन एलिना स्वितोलिना को 6-1, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त ऐलेना रयबाकिना को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

उन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को 7-6 (5), 3-6, 6-4 से हराया। स्वियातेक का अगला मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त क्विनवेन झेंग से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पोटापोवा को 6-3, 6-2 से हराया। रयबाकिना क्वार्टरफाइनल में इटली की जैस्मीन



पाओलिनी से भिड़ेगी जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी को 6-4, 6-2 से पराजित किया। अन्य क्वार्टरफाइनल मैच सातवीं वरीयता प्राप्त मार्केटा वोंड्रोसोवा और सोराना क्रिस्टिया के बीच खेला जाएगा।